असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार 22.05.2023 वर्ष 10, अंक 138
RNI No. JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
खुशी तब मिलेगी जब आप जो सोचते है, जो कहते है, जो करते है, जो करते है, वह सामंजस्य में हो।

**रांची का तापमान**
अधिकतम 36°
न्यूनतम 18°

## क्वीक न्यूज

### पश्चिमी सिंहभूम में नक्सली साजिश विफल, पुलिस को जंगल में तीन केन बम मिले

**पश्चिमी सिंहभूम :** भाकपा माओवादी नक्सलियों की पश्चिमी सिंहभूम जिले के सघन जंगल में बम से पुलिस को निशाना बनाने की बड़ी साजिश आज (रविवार) विफल हो गई। नक्सलियों के खिलाफ शुरू अभियान के दौरान बंदगांव प्रखंड के कराईकेला थाना क्षेत्र में तेंदा गांव के पास जंगल में पुलिस दल की नजर एक बम पर पड़ी। यह देखकर पुलिस जवान चौकन्ना हो गए। आसपास गहन छानबीन के दौरान दो और बम मिले। अगर इन केन बमों पर धोखे से भी पांव पड़ जाता तो विस्फोट से भारी क्षति हो सकती थी। पश्चिमी सिंहभूम जिला के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि पांच किलोग्राम क्षमता के तीनों बमों को जंगल में सुरक्षित नष्ट कर दिया गया है। यह बम कराईकेला थाना अंतर्गत इंद्रवा और तेंदा गांव के बीच जंगल में कुछ-कुछ दूरी के अंतराल पर बरामद हुए हैं। नक्सलियों के सफाये के लिए शुरू अभियान के तहत यह बम सीआरपीएफ 60 बटालियन और स्थानीय पुलिस के जवानों ने बरामद किए।

### चतरा में तीन राजस्व कर्मी सस्पेंड

**चतरा :** चतरा डीसी अबु इमरान ने टंडवा अंचल के हल्का आठ के ग्राम डहू में बिना जमाबंदी के अवैध तरीके से बाहरी लोगों का नाम पंजी टू में दर्ज कर एवं फर्जी राजस्व कागजात तैयार कर नाजायज काम करने वाले टंडवा के तीन राजस्व कर्मी सस्पेंड कर दिया। इनमें राजस्व कर्मी नारायण राम, राजनारयण उर्फ मुन्ना तथा गुरुदेव सिंह के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया गया है। ये कर्मचारी फिलहाल इटखोरी, हंटरगंज और लावालौंग अंचल में पदस्थापित है। बताया जाता है कि कुछ दिनों पूर्व टंडवा के सीओ बिजय कुमार के रिपोर्ट के आधार पर उक्त कदम डीसी ने उठाया है। इसके पूर्व टंडवा के पांच राजस्वकर्मी निलंबित किये जा चुके हैं। टंडवा में पूर्व में पदस्थापित अंचल निरीक्षक फुलेश्वर साव एक प्रेस वार्ता आयोजित कर तथा चतरा उपायुक्त को लिखित शिकायत कर खुलासा किया था कि टंडवा में राजस्व निरीक्षकों के द्वारा अवैध रूप से हजारों जमाबंदी कायम किया गया है।

### एनआईए ने जैश-ए-मोहम्मद के सदस्य को किया गिरफ्तार

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को जैश-ए-मोहम्मद के सदस्य को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान कुपवाड़ा निवासी मोहम्मद उबैद मलिक के रूप में हुई है। उसके पास से हथियार व विस्फोटक बरामद हुए हैं। एनआईए की टीम उससे पूछताछ कर रही है। एनआईए के अनुसार मोहम्मद उबैद मलिक को जम्मू-कश्मीर में आतंकी साजिश की संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया गया है। मोहम्मद उबैद मलिक पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर के लगातार संपर्क में था। जांच में यह भी पता चला है कि आतंकी उबैद मलिक पाकिस्तान स्थित अपने कमांडर को विशेष रूप से सैनिकों और सुरक्षाबलों की आवाजाही के बारे में गुप्त जानकारियां दे रहा था। एनआईए ने उसके कब्जे से हथियार, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइसेज आईईडी, रिमोट कंट्रोल से चलने वाले स्टिकी बम और चुंबकीय बम, नशीले पदार्थ व नकदी बरामद किए हैं। एनआईए की जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि वह जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों को अंजाम देने के लिए आईईडी और विस्फोटक स्थानीय स्तर पर भी इकट्ठे कर रहा था। उसका इरादा अल्पसंख्यकों व सुरक्षाबलों को निशाना बनाना कर जम्मू-कश्मीर में माहौल बिगाड़ कर यहां की शांति को भंग करने का था।

### पुंछ में आतंकियों के खिलाफ सैन्य अभियान के दौरान गोलीबारी

**पुंछः** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के मेंढर के भाटादूडियां और तोता गली के पास केरी क्षेत्र में रविवार को आतंकवादियों के खिलाफ सैन्य अभियान के दौरान गोलीबारी हुई। सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी गोलीबारी की। कुछ देर बाद गोलीबारी बंद हो गई। इस दौरान सुरक्षाबलों ने क्षेत्र की मस्जिदों से अनाउंसमेंट करवाकर लोगों को घरों के भीतर रहने के निर्देश दिए हैं। सुरक्षाबलों ने सारे क्षेत्र को घेरकर तलाशी शुरू की है।आने-जाने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया गया है।

# झारखंड का आतंक दिनेश गोप गिरफ्तार

## 15 साल से झारखंड पुलिस के लिए सर दर्द था 30 लाख का इनामी नक्सली दिनेश गोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) का सुप्रीमो दिनेश गोप को एनआईए और झारखंड पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर गिरफ्तार कर लिया। दिनेश गोप की गिरफ्तारी झारखंड पुलिस की बड़ी सफलता है। वह सरदार की वेशभूषा में रह रहा था। उस पर झारखंड सरकार ने 25 लाख का इनाम घोषित कर रखा है। पुलिस के अनुसार दिल्ली की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी एनआईए और झारखंड पुलिस को बहुत बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। सुप्रीमो दिनेश गोप के कई करीबी गुर्गों के पकड़े जाने के बाद पुलिस को उसका पता चल गया था। एनआईए की विशेष टीम ने झारखंड पुलिस के सहयोग से उसे गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार खूंटी के कर्रा थाना क्षेत्र स्थित लापा मोरहाटोली निवासी दिनेश गोप की तलाश झारखंड पुलिस के साथ-साथ एनआईए भी लंबे समय से कर रही थी। उस पर ठेकेदारों,व्यवसायियों को धमकाकर लेवी और रंगदारी वसूलने तथा लेवी के रुपये को अपने सहयोगियों के माध्यम से निवेश कराने सहित कई आरोप हैं। टेरर फंडिंग मामले की जांच कर रही एनआईए ने गत वर्ष 30 जनवरी, 2022 को दिनेश गोप की दोनों पत्नियों हीरा देवी और शकुंतला कुमारी को गिरफ्तार किया था। दोनों के खिलाफ लेवी-रंगदारी के रुपये को शेल कंपनियों में निवेश करने के आरोप की पुष्टि हो चुकी है। इससे पूर्व पुलिस ने रांची के बेड़ो में 10 नवंबर, 2016 को दिनेश गोप के 25 लाख 38 हजार रुपये जब्त किए गए थे जबकि एनआईए ने दिनेश गोप के सहयोगियों के पास से 42.79 लाख व करीब 70 लाख रुपये की अन्य चल-अचल संपत्ति जब्त की थी। एनआईए की जांच में अब तक दो दर्जन से अधिक बैंकों में दिनेश गोप के पारिवारिक सदस्यों और दोनों पत्नियों के माध्यम से 2.5 करोड़ रुपये के निवेश की जानकारी भी मिल चुकी है।बताया जाता है कि पिछले एक साल में झारखंड पुलिस की पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के दस्ते के साथ आधा दर्जन से अधिक मुठभेड़ हुई लेकिन हर बार दिनेश गोप बचकर भाग निकला। रांची से 35 किमी दूर खूंटी जिले के जरियागड़ थाना क्षेत्र में लाप्पा मोहराटोली में मोस्ट वांटेड दिनेश गोप का गांव है। वह लंबे समय से पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था।

### 100 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज

एनआईए की जांच के अनुसार, आरोपी दिनेश गोप के खिलाफ झारखंड, बिहार और ओडिशा में 100 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं. इनमें से ज्यादातर मामले हत्या, अपहरण, धमकी, जबरन वसूली और पीएलएफआई के लिए धन जुटाने से संबंधित हैं. पीएलएफआई झारखंड में गठित एक उग्रवादी संगठन है और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-माओवादी (सीपीआई-माओवादी) का एक अलग समूह भी है.



### पुलिस को कई बार चकमा दे चुका है दिनेश गोप

दिनेश गोप को झारखंड में कई बार सुरक्षा बलों ने घेरने की कोशिश की। लेकिन हर बार वो जान बचाकर भागने में सफल रहा। झारखंड में पुलिस का दबाव बढ़ने के बाद वह कई दिनों से विदेश में छुपकर रख रहा था। आखिरकार रविवार को दिल्ली एनआईए की स्पेशल टीम ने झारखंड पुलिस की मदद से उसे धर दबोचा। एनआईए और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम ने उसे काठमांडू से धर दबोचा। बताया जा रहा है कि दिनेश गोप को पहले विदेश से दिल्ली लाया जा रहा है। दिल्ली स्थित एनआईए ऑफिस में पूछताछ के बाद उसे झारखंड लाया जाएगा। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है।

### दिनेश गोप की दो पत्नी जेल में है बंद

दिनेश गोप की दो पत्नियों हीरा देवी और शकुंतला कुमारी की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है। झारखंड पुलिस ने 2020 में ही हीरा देवी और शकुंतला कुमारी को गिरफ्तार किया था। दिनेश गोप पर सुरक्षा बलों पर हमला करने, लेवी वसूलने और ठेकेदारों-व्यापारियों को धमकी देने का आरोप है। दिनेश गोप का खूंटी, रांची, सिमडेगा, गुमला, चाईबासा और लोहरदगा जिले में आतंक था। दशहत के बल पर दिनेश गोप ने अकूत संपत्ति जमा की है। बताया गया है कि दिनेश गोप मूल रूप से खूंटी जिले के जरियागड़ का रहने वाला है।

## पापुआ न्यू गिनी में पीएम मोदी का हुआ भव्य स्वागत



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** जापान में जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी पापुआ न्यू गिनी पहुंचे. यहां उनका भव्य स्वागत हुआ. पापुआ न्यू गिनी के एयरपोर्ट पर मेजबान देश के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने पैर छूकर पीएम मोदी का स्वागत किया. भारत की ओर से नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जो कि पापुआ न्यू गिनी के दौरे पर पहुंचे हैं. पीएम मोदी का यह स्वागत इसलिए भी खास है क्योंकि उस देश में नियम है कि वहां पर सूर्यास्त के बाद आने वाले किसी भी नेता का औपचारिक स्वागत नहीं किया जाता, लेकिन पीएम मोदी के पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया. पीएम मोदी वो पहले शख्स हैं जिनके लिए इस देश ने अपनी पुरानी परंपरा को तोड़ा है. प्रशांत महासागर में स्थित यह द्वीपीय देश रात्रि पहर में विदेशी मेहमानों का राजकीय सम्मान के साथ स्वागत नहीं करता है. लेकिन भारत की अहमियत और वैश्विक मंच पर पीएम मोदी की बढ़ती साख को देखते हुए वहां की सरकार ने यह फैसला लिया.पापुआ न्यू गिनी में बसे भारतीय लोगों ने भी पीएम मोदी का स्वागत किया. पीएम ने यहां पहुंचकर कई लोगों से मुलाकात की. कई भारतीय लोगों ने पीएम मोदी को तोहफे दिए. कई लोग पीएम मोदी के साथ फोटो खिंचाने को लेकर भी उत्साहित दिखे.पीएम मोदी यहां फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक कॉर्पोरेशन समिट में शामिल होने के लिए पहुंचे हैं. इस मीटिंग में 14 देशों के नेता भाग लेंगे. पापुआ न्यू गिनी के दौरे के बाद पीएम मोदी यहां से सीधे ऑस्ट्रेलिया जाएंगे. वहां वे कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे. ऑस्ट्रेलिया में अब से हैरिस पार्क क्षेत्र को लिटिल इंडिया के नाम से जाना जाएगा. इसकी घोषणा पीएम के सामुदायिक कार्यक्रम के दौरान की जाएगी.

**पीएम मोदी का यह स्वागत इसलिए भी खास है क्योंकि उस देश में नियम है कि वहां पर सूर्यास्त के बाद आने वाले किसी भी नेता का औपचारिक स्वागत नहीं किया जाता, लेकिन पीएम मोदी के पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया.**

## हवाई यात्रा से देव दर्शन करानेवाला देश का पहला राज्य बना मध्य प्रदेश



**एजेंसी**

**भोपाल :** मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार एक के बाद एक नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। बात लगातार सातवीं बार कृषि कर्मण अवॉर्ड लाने की हो, घर-घर जल पहुंचाने की या फिर लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना के बाद मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना को धरातल पर सफलता से उतारने की। मुख्यमंत्री शिवराज अब तक अपने नवाचारों और योजनाओं से सभी का दिल जीतते रहे हैं। इस बार उन्होंने बुजुर्ग तीर्थयात्रियों को विमान से प्रयागराज रवाना कर वह कर दिखाया है जिसके बारे में मध्य प्रदेश को छोड़ कोई राज्य पहल करना तो दूर अब तक कागजों तक में एक कदम आगे नहीं बढ़ा पाया है।

**राजा भोज एयरपोर्ट से 32 बुजुर्ग धार्मिक यात्रा पर रवानाः** तीर्थयात्री इंडिगो की उड़ान से प्रयागराज रवाना हुए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज ने बुजुर्ग महिला तीर्थयात्री कृष्णा चौबे को बोर्डिंग पास देकर औपचारिक रूप से यात्रा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज राजा भोज एयरपोर्ट से 32 बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों को विमान से धार्मिक यात्रा पर भेजा है। रवानगी से पहले मुख्यमंत्री शिवराज ने बुजुर्ग तीर्थयात्रियों को शाल-श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया। चौहान ने कहा- भारतीय जनता पार्टी की सरकार का कर्तव्य है कि मनुष्य को हर प्रकार की सुख देने की कोशिश करना है। धार्मिक हवाई यात्रा के इस प्रथम चरण के शुभारंभ के साथ ही आगामी 19 जुलाई तक 25 जिलों के तीर्थयात्री 25 फ्लाइट्स से प्रयागराज, शिर्डी, मथुरा-वृंदावन और गंगासागर धाम की यात्रा करेंगे।

**शिवराज ने निभाई श्रवण कुमार की भूमिकाः** मुख्यमंत्री चौहान ने प्रदेश के गरीब बुजुर्गों के लिए वर्ष 2012 में मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना शुरू कर श्रवण कुमार की भूमिका निभाई थी।

## श्रीनगर में जी-20 सम्मेलन आज से शुरू

**एजेंसी**

**जम्मू।** जी-20 पर्यटन कार्य समूह का सम्मेलन 22 मई सोमवार को श्रीनगर में शुरू होने जा रहा है। जो 24 मई तक तक चलेगा। रविवार से ही विदेशी मेहमान जम्मू-कश्मीर में पहुंचना शुरू हो गए हैं। सम्मेलन में भाग लेने के लिए 63 विदेशी प्रतिनिधियों के श्रीनगर आने की उम्मीद है। चीन और तुर्किये के प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे क्योंकि दोनों ने ही इसमें भाग लेने से इनकार कर दिया है। सऊदी अरब, इंडोनेशिया और मिस्र के प्रतिनिधियों की मौजूदगी को लेकर भी असमंजस बना हुआ है। 22 से 24 मई तक चलने वाले इस सम्मेलन के दौरान विदेशी मेहमानों को श्रीनगर के कुछ चिन्हित क्षेत्रों के दौरे पर ले जाया जा सकता है। सम्मेलन का उद्घाटन उपराज्यपाल मनोज सिन्हा करेंगे और आयोजन में कई केन्द्रीय मंत्रियों के शामिल होने की उम्मीद है। इस आयोजन को लेकर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के सभी नागरिक इस आयोजन के माध्यम से यहां की सांस्कृतिक विरासत से पूरी दुनिया को अवगत कराएं। जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के सभी नागरिकों के लिए यह अवसर है कि वह अपनी संस्कृति, विरासत, पर्यटन और आतिथ्य का परिचय करवा सकें। इसके साथ ही सभी देशवासियों को इस यादगार आयोजन का हिस्सा बनना चाहिए। ये देश के अभिन्न हिस्से को एक नई पहचान दिलाने का सुनहरा अवसर है। उनका कहना है कि जी-20 सम्मेलन की सफलता से इस केंद्र शासित प्रदेश में पर्यटकों की संख्या और निवेश बढ़ेगा जो जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए और अधिक सुखद अवसर लेकर आयेगा।इस सम्मेलन में जम्मू कश्मीर की कला, संस्कृति, हस्तशिल्प जम्मू कश्मीर के व्यंजन और जम्मू कश्मीर के विशिष्ट कृषि उत्पादों का मेला भी लगाया जाएगा। डल झील किनारे स्थित शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में जी-20 के पर्यटन कार्य समूह का सम्मेलन होगा। सम्मेलन में भाग लेने आ रहे विदेशी मेहमान प्रदेश की सदियों पुरानी समृद्ध व रंगबिरंगी लोक संस्कृति से भी अवगत होंगे।सम्मेलन के दौरान एसकेआईसीसी परिसर में हस्तशिल्पियों के लिए विशेष पंडाल लगाया लगाया गया है जहां आने वाले मेहमान बुनकरों को सामान तैयार करते हुए देख सकेंगे। इसके अलावा जम्मू कश्मीर के विभिन्न क्षेत्रों की लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक संध्या भी आयोजित की जायेगी जिसमें स्थानीय लोक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।सम्मेलन के दौरान देशी-विदेशी प्रतिनिधियों को जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थलों से अवगत कराया जायेगा। जम्मू-कश्मीर के विरासत स्थलों की जानकारी के साथ पर्यटन का पूरा ब्यौरा भी दिया जायेगा.सम्मेलन को शांत व सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने की तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। किसी भी आतंकी षड्यंत्र को नाकाम बनाने के लिए श्रीनगर सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। अंतरराष्ट्रीय सीमा और एलओसी पर भी सुरक्षा व्यवस्था बड़ा दी गई है। जी-20 सम्मेलन के चलते प्रदेश भर में सुरक्षा व्यवस्था हाई अलर्ट पर है।




## सीएम हेमंत सोरेन ने दुर्गा सोरेन को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखंड आंदोलन के अग्रणी योद्धा एवं पूर्व विधायक स्व. दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि पर रांची के नामकोम लोवाडीह स्थित दुर्गा सोरेन स्मारक पहुंचे। वहां मुख्यमंत्री ने स्व. दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर मंत्री हफीजुल हसन अंसारी एवं विधायक सीता सोरेन सहित कई गणमान्य लोगों ने स्व. दुर्गा सोरेन को श्रद्धासुमन अर्पित की। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मीडिया से बात-चीत करते हुए कहा कि आज झारखंड आंदोलन के अगुवा और वीर माटी पुत्र बड़े भाई स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जी का पुण्यतिथि है। पुण्यतिथि के मौके पर हम सभी लोग आज उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं। शहीदों के सम्मान हेतु हमारी सरकार राज्य के विभिन्न शहीद स्मारकों को भव्यता प्रदान करने का कार्य कर रही है। वर्षों से वीर शहीदों को हम सभी लोग मान-सम्मान देते रहे हैं। आगे भी एक बेहतर कार्य योजना के तहत राज्य के वीर शहीदों के सम्मान के लिए हमारी सरकार कार्य करेगी।



**मुख्यमंत्री ने कहा शहीदों के सम्मान हेतु हमारी सरकार राज्य के विभिन्न शहीद स्मारकों को भव्यता प्रदान करने का कार्य कर रही है।**

### सीएम से मिले झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्य न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय संजय कुमार मिश्रा ने मुलाकात की।
उन्होंने मुख्यमंत्री को आगामी 24 मई 2023 को आयोजित झारखंड उच्च न्यायालय के नए भवन के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया।
मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मुख्य न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय संजय कुमार मिश्रा को धन्यवाद देते हुए अपनी ओर से शुभकामनाएं दी।

## बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने केजरीवाल से की मुलाकात



**नई दिल्ली:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ विपक्षी एकता को एकजुट करने में लगे हुए हैं। इसी क्रम में रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने उनके घर पहुंचे। केजरीवाल से नीतीश की यह दूसरी मुलाकात है। नीतीश कुमार के साथ बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे।

# आधुनिक भारत के निर्माता व युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे राजीव गांधी : बिट्टू पाठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के अध्यक्षता में रविवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम कांग्रेस भवन के सभागार में कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर माला फूल देकर श्रद्धांजलि सुमन अर्पित किए एवं पौधारोपण करके नमन किया। मौके पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि राजीव गांधी ने अपने प्रधानमंत्रीतत्व काल में देश को तरक्की के पथ पर तेजी से आगे बढ़ाया। 21वीं सदी में भारत को ले जाने के लिए उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इसका लाभ देशवासियों को मिल रहा है। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी एवं दूरसंचार के क्षेत्र में क्रांति लाई। 18 वर्ष के युवाओं को मत देने का अधिकार देकर वे युवाओं के हृदय सम्राट बन गए। गांव को सशक्त बनाने के लिए पंचायती राज व्यवस्था को लागू किया और शिक्षा का आधुनिकीकरण कर शिक्षा की गति को तेज किया आगे। श्री पाठक ने कहा कि आम जनों के नेता थे ।वे अपने पारदर्शी एवं दूरदर्शी चिंतन से देश को 21 वीं सदी में ले जाने के लिए सकारात्मक सोच के साथ काम किया। आज जो आधुनिक भारत का बात करते हैं वह देने भारत रत्न स्वर्गीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी का देने हैं। मौके पर मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, प्रदेश महासचिव चंद्रशेखर शुक्ला, लक्ष्मी नारायण तिवारी, शमीम अहमद राइन, विकारी राम ,इंदु भगत, नफीस खान, नसीम खान, जितेंद्र कमलापुरी, सच्चिदानंद मिश्रा, अमुक प्रियदर्शी, विजय अग्रवाल, मिथिलेश कुमार सिंह, शेरखान, भूमिती नारायण पाठक, सागर दास, दयाशंकर तिवारी, मुकेश सिंह, दीवान शुक्ला, हर्ष साहनी, संतोष गुप्ता, जाहिद खान, रविंद्र कुमार, अनिल सिंह, मनोज चंद्रवंशी, साकेत सिंह, शैलेश मेहता, राम आशीष मेहता, मनोज अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, मनीष शर्मा, आलोक कुमार इत्यादि लोग मौजूद थे।

# शाहपुर व सेमरटाड़ में विधुत विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** सेमरटाड़ में विधुत विभाग ने बिजली चोरी के खिलाफ चलाया अभियान, 9 लोगो पर चैनपुर थाने में मामला दर्ज। चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर सेमरटाड़ इलाके में विधुत विभाग ने बिजली चोरी को लेकर विशेष अभियान चलाया है। इस विशेष अभियान के दौरान पुलिस टीम के साथ बिजली विभाग के जई सुभाष मंडल एव अन्य कर्मियों के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया जिसमे 9, लोगो को अवैध रूप से बिजली चलाने का मामला दर्ज कराया गया है। चैनपुर थाना में लिखित आवेदन के आधार पर सेमरटाड़ निवासी राजू कुमार, इंदू देवी, अमित कुमार, देवरानी देवी, अशोक प्रसाद, प्रदीप कुमार, लक्ष्मी देवी, विजय कुमार पाठक और मालती देवी के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। इस संदर्भ में मामला दर्ज करते हुवे अनुसंधान प्रारंभ किया गया है मामले में चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर चैनपुर थाना में कांड दर्ज किया गया है और अनुसंधान प्रारंभ किया गया है।

## नाबालिग के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हुसैनाबाद, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद के ग्रामीण क्षेत्र में नाबालिग के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के एक और आरोपी को हुसैनाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मेदनीनगर भेज दिया। हुसैनाबाद के ग्रामीण क्षेत्र में पिछले गुरुवार को एक नाबालिक नवी कक्षा के छात्र के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया था इस संबंध में हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी संख्या 115/23 दर्ज किया गया था इस कांड संख्या के एक और आरोपी नितीश ठाकुर पिता राजकुमार ठाकुर हुसैनाबाद ग्रामीण को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मेदनीनगर भेज दिया बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए हुसैनाबाद पुलिस सघन छापामारी कर रही है

## विधायक की अनुशंसा पर मिला ट्रांसफार्मर, जताया हर्ष



**हुसैनाबाद, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद : प्रखंड के देवरीकला स्थित मिस्त्री लाइन का विद्युत ट्रांसफार्मर जल जाने से इस भीषण गर्मी में लोग परेशान थे। ग्रामीणों ने इस संबंध में विधायक कमलेश कुमार सिंह को दूरभाष पर जानकारी दी, विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्काल विद्युत विभाग से 100 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया, वहीं हैदरनगर प्रखंड के बिलासपुर में 16 केवीए के बदले 25 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। दोनो जगह ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जाने से ग्रामीणों में काफी खुशी जाहिर किया है। ग्रामीणों में दीपक रजक, अजय सिंह, सोनू सिंह, मुना सिंह, पूरण राम, रामजी राम, कुणाल सिंह, गुड्डू सिंह, कृष्णा चंद्रवंशी, रंजीत ठाकुर, मीजान खान आदि ने विधायक को धन्यवाद दिया है।

**श्रीरामानुजाचार्य सहस्त्राब्दि जयंती स्मृति महामहोत्सव व श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ**

# तैयारी जोर शोर से जारी, 4 जून को जीयर स्वामी महाराज का होगा शुभागमन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विंध्य क्षेत्र अंतर्गत श्री बंशीधर नगर के पाल्हे-जतपुरा में भारतवर्ष के महान मनीषी ब्रम्हलीन संत पूज्य श्री श्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य पूज्यपाद श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का संकल्पित चातुर्मास्यव्रत एवं पूज्यपाद स्वामी जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले श्रीरामानुजाचार्य सहस्त्राब्दि जयंती स्मृति महामहोत्सव एवं श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी जोर शोर से जारी है। पर्णकुटी और प्रवचन पंडाल का निर्माण किया जा रहा है. आगामी 4 जून को स्वामी जी महाराज का शुभागमन होगा. 5 जून से नित्य प्रातः मंगल आरती और संध्या बेला में स्वामीजी महाराज का प्रवचन होगा। जिसमें प्रतिदिन लगभग 10 हजार श्रद्धालु भक्तों के शामिल होने का अनुमान है. इस वर्ष पुरुषोत्तम मास यानी अधिकमास होने के कारण पांच महीने का चातुर्मास्य होगा। 23 अक्टूबर 2023 को श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के लिए भव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी. 23 से 28 अक्टूबर 2023 तक महायज्ञ में देश के प्रत्येक कोने से लाखों श्रद्धालु भक्तों के शामिल होने का भी अनुमान है।

# पंडवा में चाइल्डलाइन टीम की बैठक कर दी गई कई महत्वपूर्ण जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** रविवार को पंडवा थाना में चौकीदार बैठक कार्यक्रम को आयोजन किया गया है जिसमें चाइल्डलाइन टीम बिंदु देवी एवं प्रदीप कुमार ने विस्तार रूप से बाल विवाह बाल मजदूरी बच्चे पर हो रहे अत्याचार बाल तश्तरी को रोकने के लिए विस्तार रूप से चर्चा की है जिसमें 24 घंटा चलने वाली टोल फ्री नंबर 1098 है जिसमें कॉल करने वाले व्यक्ति को नाम तथा फोन नंबर भी किसी को नहीं बताया जाता है कहीं भी किसी प्रकार के बच्चों को हो रही है शोषण तो तुरंत कॉल करें 1098 या बच्ची को कोई भी व्यक्ति छेड़छाड़ ट्रेफिक इन शोषण बाल तस्करी पर रोक लगाया जाए इस बात को लेकर विस्तार रूप से ग्रामीण पुलिस के साथ एवं बालमित्र थाना प्रभारी प्रकाश गौरव ने अपने चौकीदारों को सूचना दिए कि हर गांव में जागरूक होना अनिवार्य है अगर कहीं भी बच्चे काम करते हुए मिलते हैं या कम उम्र में शादी हो रही है तो 1098 पर कॉल किया जाए ताकि उनकी जिंदगी को बचाया जा सके।

## बांसडीह में पुलिस के चेकिंग अभियान के दौरान अवैध हथियारों के साथ एक शख्स गिरफ्तार कर भेजा जेल



**चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बांसडीह में अवैध हथियार के साथ एक शख्स को चैनपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल। चैनपुर थाना क्षेत्र के बांसडीह में वाहन चेकिंग दौरान पुलिस टीम ने एक शख्स को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इस संदर्भ में जानकारी देते हुवे चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि बांसडीह पिकेट प्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में बांसडीह पिकेट के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था जिसके दरमियान गुप्त सूचना के आधार पर दिलीप भुइया को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। उसे गिरफ्तार करते हुवे भारतीय दण्ड विधान की धारायो और अन्य एक्ट की धरायो के तहत मामला दर्ज करते हुवे आरोपी को न्यायी कक्षा में भेज दिया गया है।

## आजसू के केंद्रीय सदस्य विमलेश पाठक ने पार्टी से दिया त्यागपत्र



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू के केंद्रीय सदस्य सह हरिहरगंज निवासी विमलेश पाठक ने पार्टी के सभी पद एवं प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। इस संबंध में उन्होंने आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो को पत्र भेजकर त्यागपत्र स्वीकार करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि पार्टी के केन्द्रीय सदस्य के पद पर कार्य कर रहा था परन्तु अब उनका चयन झारखंड में माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक के पद पर हो गया है।इस कारण सरकारी सेवा के लिए बने नियमानुसार अब किसी राजनीतिक गतिविधी में शामिल रहना संभव नहीं है जिसके कारण वे अब पार्टी की सेवा करने में असर्मथ हैं। किंतु इस बात की प्रसन्नता है की उनका राजनीतिक जीवन इसी पार्टी से आरंभ हुआ और इस पार्टी की 22 वर्ष सेवा की। केंद्रीय नेतृत्व में मैं काफी कुछ सीखा है जो भविष्य में उनका मार्गदर्शन करेगा।

# तकनीकी शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** पत्रकार सुनिल विश्वकर्मा की स्मृति में जेवाइएसएस के तत्वावधान में सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में रविवार को मैट्रिक इंटर पास छात्र छात्राओं के लिए स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया। परीक्षा के दौरान जेवाइएसएस प्रमुख के विश्वा परीक्षा केंद्र पहुंचे। उन्होंने छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए ग्रामीण छात्रों को तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूक होने की बात कही। इस स्कॉलरशिप परीक्षा में हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड के सैंकड़ों छात्रों ने भाग लिया। जेवाइएसएस हरिहरगंज के प्रभारी संतोष कुमार प्रजापति ने बताया कि क्षेत्र के छात्रों को तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संगठन ने यह पहल शुरू की है। स्कालरशिप टेस्ट में चयनित छात्रों को तकनीकी शिक्षा लेने के लिए आर्थिक रूप से सहयोग प्रदान की जाएगी। परीक्षा में संगठन के प्रमुख के विश्वा के साथ युवा समाजसेवी संतोष कुमार प्रजापति, सुचित कुमार, रवि कुमार, अभय सिंह, मनिष कुमार, चंदन सिंह, सुशील कुमार, सरोज कुशवाहा, आशिष कुमार, सोनु पासवान, मुरारी प्रजापति, सौरभ पाठक, मर्त्युंजय सिंह आदि मौजूद थे।

# सर्वेश्वरी समूह ने मंदिर में झाड़ू, अगरबत्ती, माचिस का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा संचालित 19 सूत्री कार्यक्रम के तहत रविवार को समूह के स्थानीय शाखा द्वारा विभिन्न मंदिरों में झाड़ू, अगरबत्ती व माचिस का वितरण किया गया.श्री सर्वेश्वरी समूह के स्थानीय शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने बताया कि समूह के 19 सूत्री कार्यक्रम के तहत बाबा बंशीधर मंदिर, राजा पहाड़ी शिव मंदिर,पंचमुखी शिव मंदिर, नया खांड स्थित गिरजाघर, भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर सहित विभिन्न देवालयों में झाड़ू, अगरबत्ती व माचिस का वितरण किया गया.उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। समूह के 19 सूत्री कार्यक्रम के तहत समय समय पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। गरीब महिलाओं के बीच साड़ी वितरण सहित राहगीरों के लिये पेयजल की सुबिधा भी उपलब्ध कराया जाता है तथा भविष्य में भी मानव सेवा का कार्य जारी रहेगा। मौके पर व्यवस्थापक संजीव कुमार, अनूप कुमार श्रीवास्तव, नागेन्द्र प्रसाद, नरेन्द्र श्रीवास्तव, राजेन्द्र यादव, धर्मेश कुमार, अनिल कुमार सहित समूह के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# जिला पार्षद ने किया कोचिंग सेंटर का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम अंधारीबाग गैस एजेंसी के निकट सरस्वती कोचिंग सेंटर का जिला पार्षद ददन पासवान ने फीता काटकर उद्घाटन किया. कोचिंग के संचालक नागेंद्र जी ने कहा कि सरस्वती कोचिंग सेंटर का उद्देश्य मात्र पैसा कमाना ही नहीं है बल्कि प्रखंड क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें अच्छी सफलता दिलाना भी है। सरस्वती संस्थान पर कक्षा नवम से इंटर तक के विद्यार्थियों को कोचिंग अनुभवी शिक्षकों के द्वारा दिया जाएगा। इस संस्थान के द्वारा सन 2017 से ही शिक्षा के महत्व के बारे में बच्चों को बताया जा रहा है एवं कोचिंग का संचालन भी होते आ रहा है। दर्जनों बच्चों को अच्छी सफलता प्राप्त हुई है। इस कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंचे समाजसेवी राजेंद्र यादव ने भी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों के बीच मिठाईयां बांटी गई मौके पर कोचिंग संस्थान के शिक्षक कुंदन जी चंदन जी अमरेंद्र जी कैलाश यादव नागदेव यादव रणधीर सिंह सर्वेश सिंह रंजीत गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## शिक्षक और छात्रा का छेड़छाड़ का वीडियो वायरल पुलिस ने शिक्षक को लिया हिरासत में

**रमना (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के कर्णपुरा गांव मे शिक्षक और छात्रा के साथ छेड़छाड़ का वीडियों शनिवार देर रात्र से ही इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है।वायरल वीडियों के मुताबिक मध्य विद्यालय कर्णपुरा के पारा शिक्षक जय कुमार गुप्ता गांव मे ही एक पारा शिक्षक के घर ट्यूशन पढ़ाने के दौरान एक छात्रा से छेड़छाड़ करने लगता है। उस वक्त कई और छात्र-छात्राए मौजूद थे।हरकत के दौरान ही किसी ने वीडियों बनाकर वायरल कर दिया।वीडियों वायरल होते ही गांव के कुछ लोगों ने रविवार के अहले सुबह जय कुमार गुप्ता के साथ मारपीट की घटना को भी अंजाम दिया है!हलांकी शिक्षक के साथ मारपीट की घटना की सूचना मिलते के बाद रमना थाना पुलिस युवक हो हिरासत मे लिया। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने कहा कि मामले की सूचना मिलने के बाद युवक को हिरासत मे लिया था। मामले की तहकिकात कराई जा रही है। छात्रा पक्ष के ओर से समाचार भेजे जाने तक कार्रवाई के लिए कोई आवेदन थाना पुलिस को नही दिया गया है।इधर छात्रा और शिक्षक के स्वजनों ने कहा कि हमलोगो का पारिवारिक संबंध को खराब करने के लिए किसी के द्वारा जानबुझ कर इस प्रकार का वीडियों बनाकर वायरल कर बदनाम करने की कोशिस की गई है

# हर घर तक चलाए जनसंपर्क अभियान, पार्टी की उद्देश्य व चलाई जा रही योजनाओं की दें जानकारी : चंद्रवंशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर नगर मंडल भाजपा कार्यसमिति की बैठक रविवार को विश्रामपुर आरसीआईटी के सभागार में किया गया। जहां विश्रामपुर नगर मंडल के सभी पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। आयोजित विश्रामपुर मंडल कार्यसमिति बैठक की अध्यक्षता बिश्रामपुर नगर मंडल के अध्यक्ष बबन राम व संचालन महामंत्री मनीष गुप्ता ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने कहा कि जनसंपर्क अभियान चलाया चा रहा है। जिसका उद्देश्य हर घर में जाकर सरकार की ओर से चलाई जाने वाली कार्य योजनाओं व संगठन के उद्देश्यों को लोगों तक पहंचाना है। अभियान में संगठन के कार्यकर्ता व पदाधिकारी दिन रात लगे हैं। वे हर घर तक जाकर लोगों को कार्ययोजना को बता रहे हैं। सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन के पदाधिकारी वह कार्यकर्ताओं की मेहनत से हीं केंद्र में सरकार पदस्थापित हैं। साथ हीं विश्रामपुर विधानसभा में पार्टी का अपना विधायक हैं। कहा कि जनसंपर्क अभियान को और भी तेज गति देना होगा व लोगों को जागरूक करना है। सभी जाति व समुदाय के लोगों के बीच जाकर उनको समझाना है। मौके पर विश्रामपुर नगर मंडल के अध्यक्ष बबन राम, स्वच्छता अभियान के सहसंयोजक रविंद्र नाथ उपाध्याय, विश्रामपुर नगर मंडल के विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, ग्रामीण मंडल विधायक प्रतिनिधि पंकज लाल, नगर मंडल महिला मोर्चा के अध्यक्ष किरण शर्मा सहित नगर मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी ने छात्र नेताओं को दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के रेड़मा स्थित पार्टी कार्यालय में रविवार को छात्र नेता सुजीत पांडे उर्फ विदेशी पांडे एवं राहुल कुमार के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। अध्यक्षता अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने किया। श्रद्धांजलि सभा में सर्वप्रथम छात्रों के प्रतिमा के समक्ष सभी लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की इसके बाद अपने अपने विचार व्यक्त किए। भाकपा जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि विदेशी पांडे और राहुल कुमार का असमय चले जाना पार्टी के लिए और व्यक्तिगत रूप से हमारी काफी अपूरणीय क्षति हुई है जिसको निकट भविष्य में पूरा कर पाना मुश्किल है जरूरत है आज छात्रों को भ्रष्टाचार शोषण और दमन के खिलाफ भी लड़ने की इसके लिए उन्हें छात्र विदेशी पांडे बनना होगा।छात्र नेता ने कहा कि सुजीत पांडे और राहुल कुमार हमेशा कमजोर nilam-ber-pitamber विश्वविद्यालय समेत इसके सभी इकाइयों में भ्रष्टाचार के खिलाफ पठन-पाठन के खिलाफ आवाज उठाते थे छात्रों को मदद करते थे आम गरीब लोगों को मदद करते थे उनका चला जाना एक अपूरणीय क्षति है लेकिन उनके अरमानों को हम सभी छात्र मिलकर पूरा करेंगे और एक मजबूत छात्र संगठन एआईएसएफ को आगे बढ़ाएंगे। अपनी बात को रखते हुए जेस कॉलेज के प्रोफेसर डॉक्टर मसरूर अहमद खान ने दोनों छात्र नेताओं के लिए गहरा शोक व्यक्त किया एवं उन्होंने कहा कि एक जुझारू छात्र संगठन के नेता को हम लोगों ने खो दिया। श्रद्धांजलि सभा को वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह मनाजरुल हक , एकता के प्रेम प्रकाश, रवि शंकर, अभय कुमार सहित कई छात्रों ने अपने विचार व्यक्त किए। श्रद्धांजलि सभा में उमेश सिंह चेरो, प्रियांशु आनंद, फैज खान, मृत्युंजय तिवारी, सुरेश ठाकुर, संजीव कुमार संजू, संजीत कुमार, पूरन चंद साव, आलोक कुमार तिवारी, श्रद्धानंद प्रियरंजन, जनार्दन तिवारी, सहित कई लोग उपस्थित थे और सभी ने उनके प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

## मुखिया ने किया नाला सफाई व पाटिया निर्माण कार्य का शिलान्यास

**रमना (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मे शहीद भगत सिंह के समीप धर्मेंद्र प्रसाद यादव के घर से जगरनाथ साह के घर तक नाली सफाई व पट्टीया निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को मुखिया दुलारी देवी व उप मुखिया नेहा सोनी ने संयुक्त रुप से नारियल फोड़ कर एवं पूजा कर किया।मौके पर दुलारी देवी ने कहा कि नाली सफाई एवम पट्टीया निर्माण योजना 15 वाँ वित्त आयोग के तहत दो लाख रुपए की लागत से कराया जा रहा है।बरसात के सीजन आने से पहले पंचायत के गलि-मुहल्लों के सभी नाली की सफाई और मरम्मती का कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि बारिश के दिनों मे लोगों को परेशानी नही हो। इस अवसर पर बिरंची पासवान, रामचन्द्र ठाकुर, पियूष शाह, लालू साव नंदू साव प्रदीप कुमार, आकाश कुमार, सोनू सोनी सहीत कई लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जैक का कक्षा 10वीं, 12वीं बोर्ड का रिजल्ट कल हो सकता है जारी

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल जैक 23 मई को संभवत कक्षा 10वीं, 12वीं का रिजल्ट 2023 जारी कर सकता है। छात्र जो भी झारखंड बोर्ड कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा में शामिल हुए हैं, वे वेबसाइट jacresults.com या jac.jharkhand.gov.in पर जाकर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। जैक द्वारा कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 14 मार्च से 3 अप्रैल के बीच आयोजित की गई थी और कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 14 मार्च से 5 अप्रैल तक आयोजित की गई थीं। इस साल झारखंड बोर्ड कक्षा 10वीं की परीक्षा में 4.33 लाख और कक्षा 12वीं की परीक्षा में 3.50 लाख से अधिक छात्र हुए शामिल हुए थे। जैक की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं, होमपेज पर रिजल्ट लिंक पर क्लिक करें, लॉगिन विवरण दर्ज करें और सबमिट पर क्लिक करें।

### आप की बैठक संपन्न

**रांची :** रविवार को आम आदमी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं की एक बैठक झारखंड प्रदेश कार्यालय, हंस मार्ग रोड ,नियर सरना स्थल, कांके रांची में हुई द्य जिसकी अध्यक्षता दिनेश कुमार यादव, संचालन शैलेंद्र कुमार सुतार व धन्यवाद ज्ञापन सूबेदार एस एन सिंह जी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से निम्न बिंदुओं पर चर्चा हुई विधायक राजेंद्र पाल गौतम के आगमन पर कार्यक्रम आयोजन की तैयारी के लिए चर्चा की गई। एवं आयोजन कमेटी बनायी गयी साथ ही सभी जिलों से आयोजन के लिए लिए लोगों को चुना गया जो अपने अपने जिलों में लोगों को जोड़ने का काम करेंगे जिसमें रांची से आलोक सरन सिमड़ेगा से विनोद तिर्कि गढ़वा से जयराम मेहता गुमला से आनंद पॉल तीर्कि ललित एक्का एवं नदीम अंजुम हजारीबाग से दिलेश्व 'महतो धनबाद से द्वस्र जुबैर (चाँद) रामगढ़ से हरदयाल यादव् जी मनोज बेदिया जी सज्जाद आलम जमशेदपुर से शैलेंद्र सुतार गिरिडीह से दिनेश यादव कोडरमा से सुधीर राम बोकारो से बैजनाथ गोराय शामिल हैं।

# देवघर, रांची व खूंटी के कार्यक्रमों में शामिल होंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर 24 मई 2023 को झारखंड की राजधानी रांची आयेंगी। राष्ट्रपति 24 से 26 मई तक झारखंड में रहेंगी। उनके कार्यक्रम की सूचना मिलने के बाद सरकार और प्रशासन ने तीन जिलों देवघर, खूंटी और रांची में तैयारियां शुरू कर दी है। ईस्टर्न एयर कमांड के सीनियर मेंटनेंस स्टाफ देवेंद्र श्रीवास्तव बाबा मंदिर पहुंच चुके हैं।

### कार्यक्रम का समय

मुर्मू 24 मई को एयरफोर्स के विमान से सुबह सात बजे नई दिल्ली से रवाना होंगी और सुबह करीब 8-55 बजे देवघर पहुंचेंगी।

वहां 9:20 बजे बाबा बैद्यनाथ के मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद 10-20 बजे वह देवघर सर्किट हाउस जायेंगी। पूजा के बाद राष्ट्रपति करीब 30 मिनट तक परिसदन में रुकेंगी। यहां पर जिला प्रशासन की ओर से उन्हें बाबा मंदिर का स्मृति चिह्न, प्रसाद आदि भेंट की जायेगी। इसके बाद करीब 11 बजे राष्ट्रपति का विमान रांची के लिए रवाना होगा।

### रांची आयेगी

राष्ट्रपति का विमान दोपहर करीब 12-00 बजे रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेगा। इसके बाद बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा माल्यार्पण करते हुए 12:30 बजे अलबर्ट एक्का चौक स्थित शहीद अलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करेंगी। दोपहर एक बजे राजभवन पहुंचेंगी।

### आदिम जनजाति समूह से मुलाकात करेंगी

विश्राम करने के बाद राष्ट्रपति राजभवन में ही दोपहर 3:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक आदिम जनजाति समूह से मुलाकात करेंगी। शाम 5 बजे से 6 बजे तक झारखंड हाई कोर्ट के नये भवन का उद्घाटन करेंगी। इसके बाद रात्रि विश्राम के लिए वे राजभवन लौटेंगी।



बता दें कि रांची के धुर्वा के तिरिल मौजा में 24 मई को हाई कोर्ट भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में भारत के सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ सहित कई जस्टिस मौजूद रहेंगे। लगभग 600 करोड़ की लागत से बनकर तैयार झारखंड का नया हाई कोर्ट देश का सबसे बड़ा हाई कोर्ट कैंपस है।

इसका क्षेत्रफल सुप्रीम कोर्ट के कैंपस से भी साढ़े तीन गुणा ज्यादा है। इसके लिए झारखंड सरकार की ओर से 165 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई गई है। इसमें 72 एकड़ जमीन पर हाई कोर्ट बिल्डिंग सहित वकीलों के लिए आधारभूत संरचना तैयार की गयी है। शेष जमीन पर न्यायाधीशों और रजिस्ट्री के कर्मियों के लिए आवासों का निर्माण कराया जाना है।

### ट्रिपल आईटी दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ट्रिपल आईटी रांची के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। समारोह में बीटेक और एमटेक के 2019-23 के करीब 120 विद्यार्थीयों को राष्ट्रपति के हाथ से विषयों के टॉपर्स को मेडल दिया जाएगा। समारोह में बीटेक के दो ब्रांच कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के टॉपर विद्यार्थियों के बीच एक-एक गोल्ड और एक-एक सिल्वर मेडल दिया जायेगा।

एमटेक दो ब्रांच- कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विद स्पेशलाइजेशन इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ईसीसी विद स्पेशलाइजेशन इन एंबेडेड सिस्टर एंड आईओटी- के टॉपरों के बीच एक-एक गोल्ड मेडल बंटेगा। इसके अलावा एक बेस्ट गर्ल स्टूडेंट मेडल, एक इंस्टीट्यूट मेडल और एक बेस्ट स्टूडेंट शील्ड प्रदान किया जाएगा। इसी दिन शाम चार से पांच बजे तक नामकुम स्थित जेयूटी परिसर में ट्रिपल आईटी के दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी।इस समारोह में राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी मौजूद रहेंगे।

### 25 मई को खूंटी में

25 मई की सुबह 10:30 बजे से करीब 11:30 बजे तक खूंटी जिला स्थित स्टेडियम में कल्याण विभाग की ओर से आयोजित महिलाओं के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। रांची राजभवन में रात्रि विश्राम के बाद 26 मई की सुबह नौ बजे से 10:00 बजे तक उनका विशिष्ट व्यक्तियों से मिलने का कार्यक्रम निर्धारित है। दिन के 11:30 बजे राष्ट्रपति बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए रवाना होगी।

# बढ़ती गर्मी के साथ रिम्स में बढ़ रही मरीजों की संख्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में लगातार बढ़ती गर्मी से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। तेज धूप और उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। दिन चढ़ते ही तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। वहीं लू लगने के कारण अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ गई है।

रिम्स प्रबंधन के मुताबिक मेडिसिन विभाग में औसतन एक चौथाई मरीज लू लगने के कारण इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। मेडिसिन में औसतन 150 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें लू लगने से बीमार मरीजों की संख्या 35-38 है, जिन्हें चिकित्सीय परामर्श और जरूरी दवाएं देकर डॉक्टर घर भेज दे रहे हैं।

रिम्स के जनसंपर्क अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने बताया कि लू लगने के कारण मरीज रिम्स में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। अधिकांश मरीजों को लूज मोशन और उल्टी हो रही है। वहीं चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि बढ़ती गर्मी की वजह से बच्चों में समर बॉयल (शरीर में फोड़ा) और घमौरी हो रही है।

बड़ों को इंसेक्ट डर्मेटाइटिस (कीड़ों का काटना), स्किन एलर्जी, सिहली जैसी समस्या हो रही है। उन्होंने कहा कि अचानक एसी से बाहर धूप में निकलने से स्किन में लाल दाग-धब्बा हो रहा है। ऐसा करने से लोगों को बचने की जरूरत है।

# दुर्गा सोरेन की 14वीं पुण्यतिथि पर झामुमो ने श्रद्धांजलि दी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के दिवंगत आंदोलनकारी नेता पूर्व विधायक स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की 14वीं पुण्यतिथि 21 मई लोवाडीह, नामकूम स्थित दुर्गा सोरेन चौक पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं के द्वारा दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिवंगत दुर्गा सोरेन की पत्नी और जामा विधायक सीता सोरेन, कला संस्कृति विभाग के मंत्री हफीज उल अंसारी उपस्थित थे ।



इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, पार्टी महासचिव विनोद पांडेय, रांची जिला महानगर अध्यक्ष मुस्ताक आलम, अंतु तिर्की, रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता, वीरू साहू ,मंटू लाल सहित कई कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# बिजली-पानी के बिना जनता त्रस्त : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि रांची सहित पूरे झारखंड में बिजली और पानी के बिना हाहाकार मचा हुआ है। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। सरकार बंगले में मस्त है, बिजली- पानी के बिना जनता त्रस्त है। ऐसा लग रहा है जैसे सरकार को जन सरोकार से कोई मतलब ही नहीं है। सेठ अरगोड़ा स्थित सांसद कार्यालय में रविवार को प्रेस वार्ता में बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि जन सरोकार से मतलब नहीं रखने वाली सरकार को सत्ता में रहने का कोई भी हक नहीं होना चाहिए। इस भीषण गर्मी में बिजली कटौती से बच्चे, बुजुर्ग,मरीज और किसान परेशान है। छोटे-छोटे उद्योग धंधे बंद होने के कगार पर है। बिजली आपूर्ति नहीं होने के कारण गांव के किसान खेतों में पानी नहीं पटा पा रहे हैं। इस वजह से फसल का नुकसान हो रहा है। छोटे-छोटे व्यापारी बिजली की किल्लत से परेशान है ।पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। पानी भरने के लिए लोग रात -रात भर जाग रहे हैं। नगर निगम पूरी तरह विफल है। पानी के कारण आपस में लोग लड़ाई झगड़ा तक कर रहे हैं। रांची के 60 प्रतिशत चापाकल फेल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता 50 साल पूर्व जैसे पंखा हिलाकर गर्मी भगाते थे और लालटेन जलाकर घर में उजाला करते थे। ऐसे युग में फिर से राज्य सरकार ने यहां के लोगों को जीने के लिए मजबूर कर दिया है।

# बड़ा तालाब बचाने की हाई कोर्ट से गुहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झील बचाओ अभियान समिति रांची के संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में समिति के द्वारा रांची झील को बचाने के लिए रांची झील के मुख्य घाट में एक दिवसीय सत्याग्रह कर उच्च न्यायालय से तालाब को बचाने का गुहार गयी । सत्याग्रह में समिति ने राज्य सरकार एवं निगम प्रशासन से 3 सूत्री मांग की गयी । सत्याग्रह में रांची झील (बड़ा तालाब) में सेवा सदन के समीप गंदे नाले के पानी का रांची झील में प्रवेश होने के कारण पानी दूषित हो गया है एवं बदबू देने लगा है जिससे मच्छर फैल गए है एवं महामारी का खतरा फैल गया है इसलिए रांची झील की साफ सफाई जल्द से जल्द कराने की मांग नगर निगम से की गई । रांची झील में दूषित पानी के प्रवेश पर अभिलंब रोक लगाई जाए। सत्याग्रह में अशोक पुरोहित , मुजीब कुरेशी , लंकेश सिंह , रमेश केडिया , गोपाल पारीक , दीपू गाड़ी , परवेज आलम , बसंत दास , कैलाश केसरी , विक्रमनाथ शाहदेव , शाहिल कुमार , मनोज शर्मा , इंदर सिंह , सुनील सहाय , टिंकू महतो , अनिल तिवारी , कैलाश पारीक , मो रॉकी , ओम प्रकाश शर्मा , दीपक कुमार , मो मजहर सहित सैकड़ों सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे ।




# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में प्रोजेक्ट पावर कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय, रांची के तत्वावधान में बिहार-झारखंड के समस्त एस्पिरेशन जिलों के लिए प्रोजेक्ट पावर के तहत् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में लाल सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन), केंद्रीय कार्यालय, मुंबई पधारे.

कार्यक्रम का शुभारंभ समस्त अतिथिगणों के कर-कमलों से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। क्षेत्र महाप्रबंधक, रांची बैजनाथ सिंह ने अतिथिगणों का स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख, पटना राजेश कुमार, क्षेत्र प्रमुख, रांची, सोनालिका, क्षेत्र प्रमुख, समस्तीपुर, समीर कुमार साई, क्षेत्र प्रमुख, भागलपुर, इश्तियाक अरशद, क्षेत्र प्रमुख, धनबाद, मुकेश कुमार सिंह के अलावे बिहार-झारखंड के सहायक महाप्रबंधकगण, विभिन्न एस्पिरेशन जिलों (पटना, समस्तीपुर, भागलपुर, धनबाद, रांची एवं जमशेदपुर) के अतंर्गत पदस्थ समस्त शाखा प्रबंधकगण भी उपस्थित हुए।अपने स्वागत संबोधन में क्षेत्र महाप्रबंधक, रांची बैजनाथ सिंह ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया तथा बिहार-झारखंड में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की बढ़ती लोकप्रियता तथा बैंक के बढ़ते कारोबार एवं व्यवसाय के बारे में बताया है।



# महिलाओं ने जूट से उत्पाद बनाने का लिया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) जामा, द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार की ओर अग्रसर करने के लिए आरसेटी जामा मे जूट प्रोडक्ट उद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम 9 मई से 21 मई तक चला। जिसमें दुमका जिले के विभिन्न प्रखण्डों से कुल 34 जेएसएलपीएस महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। रविवार को शिविर के समापन पर आरसेटी के निदेशक अनिल कुमार मिश्रा ने प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी ने यह प्रशिक्षण बहुत ही मेहनत से पूर्ण किया है।अब इस प्रशिक्षण का फायदा तभी है जब सभी प्रशिक्षित स्वयं के कार्य की शुरूआत करें। हजारीबाग से आई प्रशिक्षिका विद्या रानी शुक्ला ने महिलाओं को वर्तमान में बाजार में प्रचलित विभिन्न तरह के जूट के बैग, शॉपिंग बैग, कैरी बैग, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, स्लिग पाउच, पर्स, यात्रा बैग,पानी की बोतल के कवर, जूट के चप्पल, जूते एवं और भी बहुत कुछ का प्रशिक्षण दी। अंत में आरसेटी के कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार ने बताया कि आने वाले दिनों में जामा आरसेटी में युवक एवं यूवतियों के लिए विभिन्न तरह के नये प्रशिक्षण शुरू होने जा रहा है। इस मौके पर संकाय सदस्य उत्पल लाहा, कार्यालय सहायक अभिषेक एवं अन्य उपस्थित थे।

### ममता कुमारी ने लालपुर थाना प्रभारी का पदभार संभाला



**रांची :** महिला पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ममता कुमारी ने रविवार को लालपुर थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। इससे पहले ममता कुमारी एसएसपी की क्यूआरटी, सुखदेव नगर थाना प्रभारी,चुटिया सहित दूसरे जिलों में भी थाना प्रभारी रह चुकी हैं।

# जिमखाना क्लब रांची को कंट्री क्रिकेट क्लब ने हराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जेएससीए ओवल ग्राउंड में जिमखाना क्लब रांची और कंट्री क्रिकेट क्लब के बीच 15-15 ओवरों का सदभावना कप कंट्री क्रिकेट मैच का आयोजन कंट्री क्रिकेट क्लब के द्वारा आयोजित किया गया। टॉस कंट्री किक्रेट क्लब के कप्तान पुरुषोतम कुमार ने जीतकर मेहमान टीम को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया । जिमखाना (क्लब की टीम ने 15 ओवर खेलकर कुल 134 रन बनाए और कंट्री क्रिकेट क्लब की जीत के लिए 135 रनों का लक्ष्य दिया। विवेक ने 29 बॉल में 7 छक्के और एक चौके की मदद से 56 रन बनाए तथा हेमल पटेल ने नाबाद रहते हुए 3 छक्के की मदद में 21 रनों का योगदान दिया। कंट्री क्रिकेट क्लब की ओर से अमित गिल 20 रन देकर 3 विकेट, भगनप्रीत सिंह ने 15 रन देकर 2 विकेटशर भूषण 1 विकेट, विकारा 1 विकेट ए मनोज यादव ने 1 विकेट लिए।235 रनों के लक्ष्य पर कंट्री क्रिकेट क्लब के खिलाड़ियों से 11.2 ओवर में ही 4 विकेट खोकर 139 रन बनाकर यह मैच जीत लिया।सी जी सी के बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया । असनप्रीत ते 5 छक्के और एक चौके की मदद से नाबाद 38 रन बनाए । वहीं अमित गिल ने 3 उनके एवं 2 चौके की मदद से नाबादः 28 रन बनाए तथा राजू शर्मा ने 2 छक्के और 3 चाक की मदद से 29 रन तथा पटशेखर जिगर में 4 छक्के और चाके की मदद से 37 रनों का योगदान दिया। इस अवसर पर जेएससीए अध्यक्ष संजय महाय, कंट्री क्रिकेट क्लब के सचिव अजयनाथ शाहदेव,सीजी सुनील सिंह डीसी सचिव शैलेन्द्र कुमार, सी सी सी के स्पोर्टी कमिटी के अध्यक्ष जय कुमार सिन्हा, सी सी सी के ज्वाइंट सीईओ किशोर चंद्र, जेएससीए के आजीवन सदस्य सुरेश कुमार,मनोज कुमार, अमित कुमार एवं सो सीसी के सदस्य उपस्थित थे। विजेता एवं उप विजेता टीमों को रुजय सहाय एवं अजयनाथ शाहदेव ने व्यक्तिगत पुरुस्कार तथा विजेता से सी सी को सद्भाव ट्रॉफी देकर सम्मानित किए।



# पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सादगीपूर्वक मनाई गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।राजेश ठाकुर ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माता, भारतीय सूचना क्रांति के जनक, पंचायती राज सशक्तिकरण के सूत्रधार, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, देशहित में सब कुछ न्यौछावर करने वाले कुशल प्रशासक पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी सदैव याद रहेंगे। झारखंड अलग राज्य के बिना यहां रहने वाले आदिवासियों मूलवासियों एवं सभी समुदाय के लोगों का विकास संभव नहीं है, ऐसा उदगार राजीव गांधी ने गुमला, सिमडेगा और खूंटी की जनसभाओं में प्रकट किया था। राजीव गांधी ने अपने प्रधानमंत्रित्व काल में कई बड़ी योजनाओं में झारखंड के हितों को सर्वोपरि रखते थे।पूर्व मंत्री सह कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि देश की पंचायतीराज व्यवस्था को मजबूत और सशक्त बनाने के साथ ही कंप्यूटर एवं संचार क्रांति लाकर युवा, आधुनिक एवं सुदृढ़ भारत के निर्माण में उनका योगदान अतुल्य है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा की सूचना क्रांति, पंचायती राज और युवाओं को मताधिकार देने जैसी उनकी क्रांतिकारी सोच व संकल्प ने भारत को विकसित व आधुनिक राष्ट्र बनाया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी रहेगा।श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सह कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, राकेश सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो, विनय सिन्हा दीपू, प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, रमा खलखो,अमरेन्द्र सिंह, अभिलाष साहू, कमल ठाकुर और डॉ राकेश किरण महतो सहित अन्य शामिल थे।




# झारखंड ने हॉकी में हिमाचल प्रदेश को हराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राउरकेला (ओडिशा) में 18 मई से आयोजित 13वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में रविवार को अपने पहले मैच में हॉकी झारखंड ने हॉकी हिमाचल प्रदेश को 18-0 से परास्त कर दिया। इसके साथ उसे तीन अंक मिले।झारखंड टीम की ओर से डेबिट बारला, निकोलस टोपनो और जोलेन टोपनो ने तीन तीन गोल किए जबकि अंकित एक्का, फगुवा होरो और रोहित प्रधान ने दो-दो गोल दागे। असीम एक्का,जेम्स नाग और घुरन लोहरा ने भी मैच में एक-एक गोल किया। मैच में झारखंड टीम के रोहित प्रधान को बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मैच का समापन 28 मई को होगा।



# जन सेवकों को मनाने की नहीं हो रही पहल

# ठप पड़ा है काम, किसान सहित आम जनता परेशान



**पाकुड़ :** जिले भर के जनसेवक पिछले तेरह दिनों से ग्यारह सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। अपनी मांग पर अड़े जनसेवक समाहरणालय के पास धरने पर बैठे हैं। आंदोलित जनसेवकों को मनाने ना तो सरकार और ना ही प्रशासन की ओर से किसी तरह का पहल होता दिख रहा है। विडंबना है कि राजनीतिक पार्टियां भी अब तक जनसेवकों की सुधि लेने नहीं पहुंचे हैं। आंदोलित जनसेवकों के प्रति सरकार की उदासीनता या उपेक्षा सिर्फ जनसेवकों के लिए ही नहीं, बल्कि आम लोगों के लिए भी नुकसानदेह है। इसका कारण यह है कि जनसेवकों के आंदोलन का सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। पिछले बारह तेरह दिनों से कृषि क्षेत्र से लेकर हर तरह के जरुरी काम ठप पड़ा है। कृषि के साथ-साथ पर्यवेक्षणीय पदों पर आसीन जनसेवकों को मनरेगा, आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा आदि में भी प्रभार दिया गया है। अनिश्चितकालीन हड़ताल से केसीसी, कृषि ऋण माफी योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना आदि काम नहीं हो रहा है। जिससे किसान परेशान परेशान फिर रहे हैं। किसान अपने काम के लिए कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। उन्हें मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है। यहां तक कि खरीफ फसल के लिए भी केसीसी का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, अब यह काम भी नहीं हो रहा है। प्रखंड वार निर्धारित लक्ष्य को पूरा करना अब संभव नहीं दिख रहा है। इससे सीधा किसानों को नुकसान उठाना पड़ेगा। इसके अलावा मिट्टी जांच केंद्र भी बंद पड़ा हैं। आपूर्ति विभाग में नया राशन कार्ड, सुधार और खाद्यान्न वितरण का काम प्रभावित हो रहा है। जबकि सामाजिक सुरक्षा के तहत वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन का काम भी ठप पड़ गया है। आंदोलित जनसेवकों के प्रति सरकार की उपेक्षा और उदासीन भरा रवैया से पेंशन से संबंधित कार्यों के लिए लाचार और असहाय बुजुर्गों को परेशानी झेलना पड़ रहा है। प्रखंड कार्यालय से संबंधित काम भी नहीं हो रहे हैं। वहीं जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनने से भी आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाने वाले जरूरतमंद असहाय लोग निराश घर लौट रहे हैं। लोगों का मानना है कि सरकार को जन सेवकों से बात करनी चाहिए। प्रशासन को भी जन सेवकों के हड़ताल से उत्पन्न समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना चाहिए। आम लोगों के हित में राजनीतिक पार्टियों से जुड़े नेताओं को भी बात करनी चाहिए। फिलवक्त जन सेवकों के आंदोलन से जिले में विभिन्न विभागों का काम बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि ग्रेड पे घटाने से नाराज जनसेवक ग्यारह सूत्री मांगों को लेकर नौ मई से हड़ताल पर है।

## विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार,नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के संरक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़ के तत्वाधान में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (मानवता, कर्तव्य, श्रमेव वदत, तृप्ति, निरोगी भव, आत्मनिर्भरता, चेतना एवं शक्ति) के अंतर्गत सभी वर्गों के लोगों तथा महिला, विधवा, बच्चे, बुजुर्ग, दिव्यांग अनुसूचित जाति, जनजाति, पीड़ितों व असहाय आदि को सशक्त बनाने एवं लाभ प्रदान कराने हेतु विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन रविवार को समाहरणालय सभागार में किया गया।इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय पाकुड़ राधा कृष्ण, पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दनन,उप विकास आयुक्त मो0 शाहिद अख्तर एवं मोहम्मद मोहिउद्दीन अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन पाकुड़ के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के द्वारा चयनित योग्य लाभुकों को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के द्वारा लाभ प्रदान कराया गया।इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं में कुल तिरसठ करोड़ चौसठ लाख बयालीस हजार पांच सौ रूपए का परिसम्पत्ति का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम में शिल्पा मुर्मू, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़, कमल प्रकाश, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, पाकुड़, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन एवं जिले के विभिन्न विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हवन के साथ रोहिणी हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस संपन्न



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रोहिणी हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस रविवार को हवन एव आरती के साथ सम्पन्न हो गया।रविवार को पंडित कमलाकांत मिश्र के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ हवन,पूजन एव आरती के साथ पूर्णाहुति की गई।यजमान के रूप में सतेंद्र कुमार पत्नी नीलम देवी के साथ अनुष्ठान में शामिल हुए।उसके बाद प्रसाद,खीर एव खिचड़ी का वितरण किया गया।एनके एरिया महाप्रबंधक संजय कुमार भी हनुमान मंदिर पहुँचे और पूजा की।इस मौके पर अखंड हरिकीर्तन का भी समापन हुआ।इस मौके पर मैनेजर दीपक कुमार,मोहन पाण्डेय,नरेश प्रसाद,प्रभु प्रसाद,किशोर चन्द्र देउरी,अवध बिहारी पाण्डेय,राजनाथ सिंह, रितेश वर्मा,संजय प्रसाद,रामा उरांव, गुलाब राजभर,गिरेन्द्र सिंह,रवि वर्मा,प्रमोद कुमार, केसी देउरी,जीवलाल, राकेश शर्मा,भोला चौहान,कामेश्वर ठाकुर,पंकज यादव,शंकर भगत,अक्षय सिंह,अमित सिंह,संजय,अनिता पाण्डेय,हिमालिनी वर्मा,मनीषा रंजन,रेखा देउरी, रिंकी सिंह,काजल दुबे,अंजली सिंह,चमकाली देवी,नीलम देवी, फूलो देवी,सुभद्रा देवी,पूजा वर्मा, कुंडली देवी,अनिता उरांव, आशा देवी,गेनदिया देवी,अनिता पांडेय,रूपा देवी,सोनी देवी,लता देवी,लक्ष्मी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## कुआं में गिरा हिरण का बच्चा

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेड़ो प्रखण्ड के पुरियो नवाटोली गांव में रविवार की सुबह 5.30 बजे जंगल से भटककर हिरण का एक बच्चा कुंआ में आ गिरा। ग्रामीणों ने बड़ी मेहनत के बाद कुआं से निकाला। गांव में हिरण आने की खबर मिलते ही पंचायत के मुखिया निरज कुजूर पहुंचे और वन विभाग को सूचित कर वन विभाग को हिरण के बच्चे को सौंपा। हिरण को कुआं से निकालने में रामनाथ गोप, देवनाथ गोप, सहित कई ग्रामीणों ने सहयोग किया। मौके पूर्व मुखिया कूबा पाहन, छोटू भगत, गंदूरा उरांव, राजकुमार गोप सहित कई लोग उपस्थित थे।



## बेड़ो में कैलाश फार्मा दवा दुकान का उद्घाटन

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेड़ो प्रखंड के तेतर टोली में रविवार को कैलाश फार्मा दवा दुकान का उद्धघाटन पूजा अर्चना के बाद संचालक मनीष तिवारी की दादी विद्या देवी ने फीता काटकर कर किया। वहीं दुकान के संचालक मनीष तिवारी ने बताया कि यहां डॉक्टर की भी सुविधा मिलेगी एवं दवा भी उचित दामों में दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप सदस्य पूर्वी पार्वती कुमारी, भागी रथ तिवारी, मनोज तिवारी, फाल्गुनी नाथ मिश्रा, त्रिपुरारी नाथ मिश्रा, रिषभ कुमार तिवारी, शंकर महतो, सूरज कुमार, अभय नाथ मिश्रा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## कर्नाटक में शपथ ग्रहण पर हुई आतिशबाजी, बांटी गई मिठाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** कर्नाटक में शपथ ग्रहण समारोह को लेकर शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह दिखा। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी और आतिशबाजी भी की। कांग्रेस भवन में शपथ ग्रहण समारोह का लाइव टेलीकास्ट देख रहे कार्यकर्ताओं में जोश भरा हुआ था। अपने चहेते नेता राहुल गांधी के स्क्रीन पर आते ही जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। मुख्यमंत्री के रूप में सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री के तौर पर डीके शिवकुमार के शपथ लेते ही कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे से कांग्रेस भवन गूंज उठा। नारेबाजी के साथ सभी बाहर निकले और आतिशबाजी करने लगे। कांग्रेस भवन के बाहर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई बांटी और खुशी का इजहार किया। जिसमें मुख्य रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, प्रखंड अध्यक्ष मंसारुल हक, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष तस्लीम आरिफ बुलेट, कांग्रेस उपाध्यक्ष गुलाम अहमद, प्रदेश सचिव सेमिनूल इस्लाम, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष शाहीन परवेज, ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमीर हमजा, यूथ जिला उपाध्यक्ष बिलाल शेख, सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर नलिन मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि देबू विश्वास, मनीरामपुर मुखिया मजिबुर रहमान, यूथ कांग्रेस जिला महासचिव नसीम आलम, अंसारुल हक, यूथ कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष जलालुद्दीन शेख, जोहर शेख, खुर्शीद अली, राजिकुल आलम, अनीकुल आलम, तारिक अजीज, रियाज अली, इस्माइल हक, साकिर हुसैन सहित दर्जनों मौजूद थे। कांग्रेसियों ने जोरदार तरीके से आतिशबाजी और मिठाई बांटकर कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनने पर खुशी जताई। जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार ने कहा कि यह बहुत ही गौरवशाली पल है। कर्नाटक की जनता के लिए और पूरे देश के लिए गौरव का दिन है। उन्होंने कहा कि भाजपा को सबक सिखाने का काम कर्नाटक की जनता ने किया है। कांग्रेस के नेतृत्व में कर्नाटक की जनता को सुखद परिणाम देखने को मिलेगा। कर्नाटक में भ्रष्टाचार में डूबे भाजपा की सरकार हावी थी। कांग्रेस की सरकार में भ्रष्टाचार मुक्त शासन मिलेगा। कर्नाटक की जनता ने जिस उम्मीद के साथ कांग्रेस को अवसर दिया है, निश्चित रूप से उनकी उम्मीदें पूरी होगी। आने वाले समय में केंद्र में कांग्रेस की आपसी होने जा रही है। देश की जनता कांग्रेस के साथ है। देशवासी विकास चाहते हैं, धार्मिक उन्माद बिल्कुल भी पसंद नहीं है। कर्नाटक का चुनाव परिणाम इसका जीता जागता नमूना है। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष तस्लीम आरिफ बुलेट ने खुशी जताते हुए कहा कि देश की खुशहाली कांग्रेस से हैं। आजादी के बाद से कांग्रेस ने देश को विकास की नई दिशा दिखाई। भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और स्वर्गीय राजीव गांधी की आधुनिक भारत के निर्माण में भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता है।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** कांग्रेस भवन,पाकुड़ में रविवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार उर्फ बलई सरकार ने किया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल के दौरान देश को विकास के पथ पर ले जाने,देश की एकजुटता बनाए रखने एवं विदेश नीति को बेहतर ढंग से कार्यान्वयन सहित विभिन्न विकास कार्यों एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।बताया कुछ लोग ज़मीन पर राज करते हैं और कुछ लोग दिलों पर। मरहूम राजीव गांधी एक ऐसी शख्सियत थे, जिन्होंने ज़मीन पर ही नहीं, बल्कि दिलों पर भी हुकूमत की। वे भले ही आज इस दुनिया में नहीं हैं,लेकिन हमारे दिलों में आज भी ज़िंदा हैं। राजीव गांधी ने उन्नीसवीं सदी में इक्कीसवीं सदी के भारत का सपना देखा था। बताया स्वभाव से गंभीर लेकिन आधुनिक सोच और निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता वाले राजीव गांधी देश को दुनिया की उच्च तकनीकों से पूर्ण करना चाहते थे। वे बार-बार कहते थे कि भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने के साथ ही उनका अन्य बड़ा मक़सद इक्कीसवीं सदी के भारत का निर्माण है। अपने इसी सपने को साकार करने के लिए उन्होंने देश में कई क्षेत्रों में नई पहल की, जिनमें संचार क्रांति और कम्प्यूटर क्रांति, शिक्षा का प्रसार, 18 साल के युवाओं को मताधिकार, पंचायती राज आदि शामिल हैं। वे देश की कम्प्यूटर क्रांति के जनक के रूप में भी जाने जाते हैं। वे युवाओं के लोकप्रिय नेता थे। उनका भाषण सुनने के लिए लोग घंटों इंतज़ार किया करते थे। उन्होंने अपने प्रधानमंत्री काल में कई ऐसे महत्वपूर्ण फ़ैसले लिए जिसका असर देश के विकास में देखने को मिल रहा है। आज हर हाथ में दिखने वाला मोबाइल उन्हीं फ़ैसलों का नतीजा है।मौके पर जिला उपाध्यक्ष गुलाम अहमद,पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मंसारूल हक,प्रदेश सचिव सेमिनुल इस्लाम,जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष शाहीन परवेज,जिला कोषाध्यक्ष असद हुसैन,मीडिया प्रभारी नलिन मिश्रा,जिला महासचिव अवधेश कुमार झा, नवीन सिंह, जहीरुल इस्लाम, रामविलास महतो, अतिउर रहमान, मतीउर रहमान, गैब्रियल हेंब्रम, साकिर हुसैन,रजीकुल इस्लाम,असरफुल शेख, वसिकुल शेख,आसिफ इकबाल, असमाहुल हक,शाहबाज आलम,मंसूर शेख आदि मौजूद थे।

## डॉक्टरेट की डिग्री हासिल कर समाज के लिए प्रेरणा बने राकेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अमड़ापाड़ा :** पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का कथन कि जैसा विजन होगा वैसा मिशन और जैसा मिशन होगा वैसा गोल यानी लक्ष्य हमें प्राप्त होगा।शाबास राकेश, तुम उन शिक्षार्थियों के लिए प्रेरणा हो जो अभाव को पड़ाव मान मंजिल तक नहीं पहुंच पाते। तुम उन टूटे हुए सपनों का प्रतिबिंब हो जहां से फिर नए सपने को गढ़ा जाय। विपरित हालातों में ध्येय की ओर निरंतर बढ़ते रहने के संकल्प ने तुम्हें राकेश से डॉ. राकेश बना दिया। दरअसल इच्छाशक्ति और कर्तव्य के प्रति समर्पण से मंजिल मिलती ही है। यदि निहायत तंगी में जीवन बसर करने वाला दलित परिवार का एक सामान्य लड़का पीएचडी होल्डर बने तो यह परिवार, समाज और प्रांत के लिए गौरव की बात है। प्रखंड के सदर पंचायत के पोखरिया रोड के हरिजन मुहल्ला निवासी राकेश ने मनोविज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त कर यह साबित कर दिया है कि जब इरादे मजबूत हो तो संसाधन या पैसे की कमी आड़े नहीं आती। राकेश ने यह हायर एकेडमिक डिग्री सिद्धो-कान्हू मूर्मू विश्वविद्यालय दुमका से इसी वर्ष के इस माह में हासिल किया है। बातचीत में बताया कि मेहनत और धैर्य सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। मैंने अपना रिसर्च अपने गुरु और शोध निदेशक डॉ. कलानंद ठाकुर व डॉ. स्वतंत्र कुमार सिंह के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में किया। उनके बिना शोध संभव नहीं था।राकेश ने अपने इस संघर्ष व उपलब्धि में सहभागी बनने का श्रेय अपने माता-पिता, धर्मपत्नी, भाई, बहन सहित अन्य परिजन व शुरुआती दिनों के शिक्षकों व मित्रों को दिया है। उल्लेखनीय है कि राकेश के त्याग और धैर्य ने उसे युवाओं और छात्रों के बीच उदाहरण बना दिया है।

**टाइटल ऑफ द थेसिस :** अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों में शैक्षणिक उपलब्धि के व्यक्तित्व सह संबंध का अध्ययन (ए स्टडी ऑफ पर्सनालिटी कोरिलेट्स ऑफ एकेडमिक एचीवमेंट इन शिड्यूल्ड कास्ट ऐंड शिड्यूल्ड ट्राइब स्टूडेंट्स) राकेश के शोध के विषय रहे। राकेश ने बताया कि इसे पूरा करने में तीन वर्ष का समय लगा।

**शोध का संदेश :** बताया कि मेरे शोध का मुख्य संदेश यह है कि मनोविज्ञान की दृष्टिकोण से यदि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति यानि दोनों समुदाय अपने में आत्मविश्वास के स्तर को मजबूत और विकसित करें तो इनकी आने वाली पीढ़ी जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकती है। दोनों के सह संबंध पर बताया कि दोनों के व्यवहार लगभग एक जैसे हैं। कुछ असमानताओं को छोड़ ये मनोवैज्ञानिक पारंपरिक रूप से भी समान विचारधारा के पोषक रहे हैं। धारणाओं में बदलाव इनके विकास के लिए आवश्यक हैं।

## दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** झामुमो नेता दुर्गा सोरेन की 13 वीं पुण्यतिथि पर रविवार को कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन किया। जिलाध्यक्ष श्याम यादव के निजी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय दुर्गा सोरेन के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया।जिलाध्यक्ष श्याम यादव ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता दुर्गा सोरेन की कमी आज भी खल रही हैं। दुर्गा सोरेन युवा कर्मठ एवं ओजस्वी नेता थे। उनका जीवन जुझारू एवं संघर्ष पूर्ण रहा। उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर उमर फारूक, जिला सचिव महमूद आलम, मनोज चौबे, सुशीला देवी, सुशीला हेंब्रम, मो. सलाउद्दीन उर्फ गाजी, प्रखंड अध्यक्ष मुसलोदीन शेख, अजफारुल शेख, मुकेश सिंह, रियाज अंसारी, प्रकाश सिंह, अली शेख, दीपू शेख, आदित्य तिवारी, दयानंद भगत, राजू सिंह, दौलत शेख, वसीम अकरम, कमल राऊत, राहुल शाह, बारिक शेख, सईदुर शेख, मुबारक हुसैन, फिरोज शेख, अंगूरी बीवी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झामुमो नेता दुर्गा सोरेन की 13 वीं पुण्यतिथि मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** झामुमों नेता दुर्गा सोरेन की 13 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। झारखंड मुक्ति मोर्चा पाकुड़ के जिला अध्यक्ष श्याम यादव के निजी कार्यालय में दर्जनों कार्यकर्ताओं के द्वारा दुर्गा सोरेन के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रधांजलि अर्पित की गई। मौके पर जिला अध्यक्ष छहश्याम यादव ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता दुर्गा सोरेन की कमी हम सबको आज खल रही है। वे हमारे बीच रहते तो बात कुछ और होती। दुर्गा सोरेन युवा कर्मठ एवं ओजस्वी नेता थे, उनका जीवन जुझारू एवं संघर्ष पूर्ण रहा।कहा उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर उमर फारूक,जिला सचिव महमूद आलम,सदस्य जिला कमेटी मनोज चौबे,जिला अध्यक्ष मजदूर मोर्चा सुशीला देवी, जिला सचिव महिला मोर्चा सुशीला हेंब्रम,संयुक्त सचिव महिला मोर्चा मोहम्मद सलाउद्दीन उर्फ गाजी,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पाकुड़ मुसलोदीन शेख,प्रखंड अध्यक्ष पाकुड़ अजफारुल शेख,प्रखंड उपाध्यक्ष पाकुड़ मुकेश सिंह, नगर अध्यक्ष पाकुड़ रियाज अंसारी,नगर सचिव प्रकाश सिंह,अली शेख,दीपू सेख, आदित्य तिवारी,नगर उपाध्यक्ष पाकुड़ दयानंद भगत, राजू सिंह, दौलत शेख, वसीम अकरम, कमल राऊत, राहुल शाह,बारिक सेख, सईदुर शेख, मुबारक हुसैन, फिरोज शेख,अंगूरी बीबी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## अखंड घुलौट के साथ हरि संकीर्तन का समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़िया :** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पाकुड़िया में बंगाली समाज द्वारा एक माह से आयोजित बांग्ला चैत्र मास हरि संकीर्तन का समापन रविवार को अखंड घुलौट संकीर्तन के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान ढोल, झाल, कर्ताल के साथ इस संकीर्तन में पाकुड़िया सहित निकटवर्ती राज्य पश्चिम बंगाल के नारायणपुर, लखिजोल, सोयपुर, कामख्या, रामपुरहाट सहित अन्य दर्जनों गांवों से पहुंचे हरिकीर्तन मंडलियों के दल के साथ सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने नगर भ्रमण कर हरिनाम कीर्तन में भाग लिया। मौके पर पाकुड़िया भ्रमण के दौरान रास्ते में ग्रामीणों ने कीर्तन मंडलियों का अभिनंदन पुष्प वर्षा कर एवं सड़कों में ठंढा पानी डालकर किया। धुलौट भ्रमण के दौरान रास्ते में जगह जगह प्रसाद के रूप में शर्बत व बतासा भी वितरण किया गया। धुलौट कीर्तन को देख ऐसा लग रहा था जैसे सभी लोग भक्ति सागर में डूबकी लगा रहे हो। विदित हो कि बंगाली समाज के लोगों द्वारा चैत्र मास की संक्रांति से कीर्तन का शुभारंभ की गई थी। प्रतिदिन रात्रि में कीर्तन मंडलियों द्वारा घर-घर जाकर ग्राम भ्रमण कर एक मास तक संकीर्तन की प्रस्तुति की जा रही थी। धुलोट के दौरान लोग काफी उत्साहित थे और कीर्तन मंडलियों के साथ भक्ति रस का खूब पान कर रहे थे।

## बीएन ड्रग हाउस परिसर में 218 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईएचएमओ पूर्वी सिंहभूम के जिला अध्यक्ष एसआरके कमलेश की ओर से रविवार को बजरंगी बागान (लक्ष्मी नगर) मेन रोड बी एन ड्रग हाउस परिसर में फ्री मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक कमलेश ने बताया कि कुल 218 लोगों की हिमोग्लोबिन , शुगर (मधुमेह), थायराइड, ब्लड प्रेशर, वजन , सामान्य रोग, ऑडी जोन स्पीच एंड हियरिंग क्लिनिक के ऑडियोलॉजिस्ट मनीष यादव सहित आंखों की जांच हिमालय ऑप्टिकल के विशेषज्ञों द्वारा डिजिटल आई एग्जामिनेशन किया गया। जरूरतमंद मरीजों को बीएन ड्रग हाउस के रितेश कुमार की ओर से निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गयी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कैप्टन मनीष कुमार, अरका जैन ऑप्टोमेट्री विभाग के सर्बोजित गोस्वामी एवं जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष रामविलास शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर टीएमएच के ऑप्टोमेट्रिस्ट हेड खुशबू मिश्रा, अविनाश यादव, कौशल किशोर सिंह, गौतम कुमार, दिनेश, तेजस, रितेश कुमार, कविता , कंचन सिंह, अमन राज इत्यादि उपस्थित थे।

## मायुमं ने किया जीव संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए रविवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जीव संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाखा सदस्य पायल अग्रवाल के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं ने तालाब में मछली को दाना, पशु पक्षियों को दाना कुत्ता को रोटी एंव बिस्कुट तथा काय को हरी सब्जी खिलाकर गौ सेवा प्रदान की। शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल ने कहा कि इस भीषण गर्मी में मनुष्य के अलावा इन जीव-जंतुओं को भी आहार की जरूरत होती हैं। शाखा इस तरह का कार्यक्रम आगे भी आयोजित करती रहेगी। संस्थापक अध्यक्ष ममता अग्रवाल ने कहा कि मनुष्य तभी बनेगा महान, जब मन में रखेगा जीव जंतुओं के लिए सम्मान। इस नेक कार्य में शाखा की सदस्य सोनू मुनका, उषा चौधरी, ममता अग्रवाल, प्रेमलता अग्रवाल, राखी अग्रवाल, मीरा अग्रवाल एवं रेखा चौधरी ने भी अपनी सहभागिता प्रदान की।

## दुग्धा पंचायत में समर कैंप का आयोजन




**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के दुग्धा पंचायत अंतर्गत रामजीवनपुर के राजगौड़ा मैदान में स्थानीय उपमुखिया व ग्रामीण युवकों द्वारा समर कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित संमाजसेवी बबलू प्रधान ने बच्चों को शिक्षा के साथ साथ खेलकूद में भी ध्यान देने को कहा। कहा कि इससे हमारा मन और शरीर दोनों स्वस्थ रहता है। आगामी 4 जून तक आयोजित इस कैम्प में बच्चो को प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित ब्लैक बेल्ट प्राप्त मृत्युंजय महतो, क्रिकेट खिलाड़ी सुदामा प्रधान, एथलीट खिलाड़ी राहुल कुमार द्वारा विभिन्न प्रकार के खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कैम्प में ग्रामीण क्षेत्र के काफी संख्या में बच्चे शामिल हुए। इस मौके पर राजेश महतो, शांतिराम महतो, मकर महतो, राजेन मार्डी, लालू मार्डी, विकास मार्डी, प्रकाश मार्डी, शिकार मार्डी, दीपक महतो आदि भी उपस्थित थे।

## फीट एंड जॉय फिटनेस ग्रुप ने नंद किशोर अग्रवाल का 61वीं जन्मदिन मनाया



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कदमा फार्म एरिया स्थित फीट एंड जॉय फिटनेस ग्रुप के सदस्यों द्वारा नंद किशोर अग्रवाल का 61वीं जन्मदिन मनाया गया। उक्त अवसर पर फीट एंड जॉय के योग ट्रेनर समीर कुंडू एवं क्लब के सदस्यों द्वारा उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और सभी सदस्यों को योग के द्वारा स्वस्थ्य रहने का तरीका बताया गया। ज्ञात रहे कि उक्त फिटनेस क्लब में 100 से अधिक की संख्या में सदस्य है, जो फिटनेस के अलावा सामाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़कर भाग लेते है। उक्त अवसर पर नंद किशोर अग्रवाल के अलावा उनकी पत्नी सरोज अग्रवाल सहित क्लब के 100 से अधिक सदस्य उपस्थित थे।

## आदित्यपुर थाने का नव निर्मित हाईटेक थाना भवन का उद्घाटन



**आदित्यपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदित्यपुर थाने का नव निर्मित हाईटेक थाना भवन रविवार से जनता को समर्पित हो गया. एसपी आनंद प्रकाश ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नए थाना भवन का उद्घाटन किया. मौके पर प्रशिक्षु आइएएस सुमित ठाकुर, एसडीपीओ हरविंदर सिंह, थाना प्रभारी राजन कुमार, जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश, आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेन्द्र नारायण सिंह, कांग्रेसी नेता सुरेशधारी, सत्य प्रकाश, ज्ञानवी देवी सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं थाना कर्मी मौजूद रहे. बता दें कि करीब ढाई करोड़ की लागत से निर्मित नए थाना भवन में तमाम अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध है.

### चांडिल अनुमंडल में जंगली हाथियों का आतंक चरम पर, दहशत में ग्रामीण

# खलिहान में बुजुर्ग को कुचल कर मार डाला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक चरम सीमा पर है। आए दिन जंगली हाथियों के आक्रमण ग्रामीणों को सामना करना पड़ता है। घटना रविवार सुबह को चौका थाना क्षेत्र खूंटी निवासी लीलकांत महतो (69) की जंगली हाथी ने खलिहान में कुचल कर मार डाला। गांवो में जमकर तांडव भी मचाया है, साथ ही किसानो की खेतो में लगे धान, मकई, गेहूं, टमाटर, लौकी ,खीरा, आदि फ़सलो को भी नष्ट कर दिया है। घटना को लेकर ईचागढ़ क्षेत्र के ग्रामीण काफी भयवित हैं,अब शाम होते ही डर सता रही है। सुचना मिलते ही ग्रामीणों के बीच



समाजसेवी खगेन महतो पहुंच कर घटना की जानकारी लिए,एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय मुआवजा राशि तत्काल मृतक के परिजनों को 50 हज़ार रुपया दिए साथ ही कहा विभागीय और से परिवार को उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया। मौके पर पहुंचे खूंटी वनपाल सनातन रवानी ने बताया कि जंगली हाथी को संभालने में कामयाब है लेकिन हाथी अपने झुंड से बिछड़ कर ग्रामीणों पर आक्रमण कर देते है। यथासंभव विभाग जंगली हाथियों को रोकने के लिए लगे हुए है। मृतक को पोस्टम्रटम के लिए सदर अस्पताल सराइकेला भेजा गया,कागजी करवाई होने के पश्चात बाकी मुआवजा दिया जाएगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य सविता मार्डी, समाजसेवी खगेन महतो ,खूंटी पंचायत के मुखिया अपूर्वो सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## श्रीलेदर्स साकची ने संस्थापक सुरेश चन्द्र डे के पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची बाजार स्थित श्रीलेदर्स साकची द्वारा श्रीलेदर्स के संस्थापक एवं स्वतंत्रता सेनानी स्व. सुरेश चन्द्र डे के 33वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। उक्त अवसर पर स्व. श्री डे द्वारा स्थापित मानवीय एवं व्यवसायिक मूल्यों का हमेशा पालन करने हेतु संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में सुरेश चन्द्र डे की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला गया और देश के प्रति उनकी कुर्बानी और उनके सामाजिक दायित्वों को याद किया गया। ज्ञात रहे कि स्व. सुरेश चन्द्र डे के तीसरे पुत्र स्व. आशिष डे भी उनके पद चिन्हों पर चलते हुए समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निवर्हन किया। उनका परिवार भी अपने पूर्वजों के आदर्शो को अपने जीवन में चरितार्थ करने का संकल्प लिया। उक्त अवसर पर श्रीलेदर्स साकची के सभी कर्मचारीगण के अलावा उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे।

## सुझाव यात्रा के चौथे पड़ाव में कुणाल पहुंचे खेरुआ पंचायत, ग्रामीणों का लिया सुझाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सुझाव यात्रा के चौथे पड़ाव के क्रम में पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने बहरागोड़ा प्रखंड के खेरुआ पंचायत के दुधकुंडी, दारिशोल(हनुमान मंदिर), कोरारिया, खेरूआ, जयपुरा (शिव मंदिर), जयपुरा (बउल तल) गांव में जा कर लोगों के साथ बैठक कर वर्तमान की राजनीतिक और सामाजिक विषयों पर चर्चा की। इस दौरान लोगो पिछले तीन सालो के वर्तमान विधायक की कार्यशैली पर उनकी राय और व्यवस्था मे सुधार हेतु उनका क्या सुझाव लिया। वहीं कुणाल षाड़ंगी ने उनके कार्यकाल के दौरान 21 से ज्यादा लागू हुई योजनाओं को जनता के समक्ष रखते हुए उन्हें याद दिलाया। उन्होंने उपस्थित जनता से पूछा की आप बताए कि पिछले तीन सालों मे इस पंचायत मे कितने काम हुए जबकी सत्ताधारी दल के विधायक है। दूधकुंडी गांव में ग्रामीणों ने कहा कि उनके यहां जंगली हाथियों के द्वारा



गांव में बहुत तांडव किया जा रहा है जिसको लेकर फॉरेस्ट के तरफ से कोई भी सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने फॉरेस्ट के पदाधिकारी से फोन पर बातचीत की तथा जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने का आग्रह किया। कुणाल षाडंगी ने कहा कि सत्ताधारी विधायक के कार्यकाल में दारीशोल गांव में अभी तक एक भी प्रधानमंत्री आवास किसी भी ग्रामीणों को नहीं मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि इस संदर्भ को लेकर उपायुक्त बात करेंगे।

## जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग के अंडर 5 में सागर स्टार ने लोयोला को 8-0 से हराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सागर स्टार ने जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग के 13वें वीकेंड में लोयोला स्कूल के खिलाफ अंडर 5 वर्ग में एक और जीत के साथ जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा. अंडर 5 में जीत हासिल करने वाली सागर स्टार थी जिसने लोयोला स्कूल को हराया. ये लोयोला स्कूल के लिए अब तक का सबसे बड़ा झटका था क्योंकि लोयोला स्कूल पूरी जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग में अच्छा प्रदर्शन कर था है. रविवार को बेबी लीग के लिए कुल 229



छात्र उपस्थित हुए, जैसे-जैसे प्रत्येक बीतते सप्ताह के साथ लीग में रुचि बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे संख्या बढ़ती जा रही है.

## पटमदा सबस्टेशन में मेगा ऊर्जा मेला का आयोजन विधायक मंगल कालिंदी हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निर्देश पर शनिवार को पटमदा प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित विद्युत सबस्टेशन में मेगा ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी भी शामिल होकर उपभोक्ताओं को सर्टिफिकेट प्रदान की। कनीय विद्युत अभियंता अमीर हमजा ने बताया कि मेला में 16 उपभोक्ताओं ने ओटीएस के तहत एक लाख रुपये जमा कराया। इस दौरान मीटर बदलने के लिए 17 एवं बिल सुधारने के लिए 19 उपभोक्ताओं ने आवेदन पत्र जमा किया है। मौके पर बीडीओ अरविंद बादिया, एई अमरजीत प्रसाद, जेई अमीर हमजा, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, प्रीतम भारती समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## करीम सिटी कॉलेज ने अपने सात क्रिकेटरों को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज ने आज अपने साथ क्रिकेटरों को उनके उम्दा प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया, जिनमें कुमार करण, नंदन कुमार, भानु आनंद, निहाल सिंह, जुनेद अशरफ, अनीश गुप्ता तथा एम नवीन शामिल हैं।ये खिलाड़ी विभिन्न स्तरों पर क्रिकेट टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करके अपने महाविद्यालय के साथ विश्वविद्यालय का नाम रौशन किया है। इनका चयन फरवरी 2023 में इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट कीट यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर, उड़ीसा के लिए हुआ था। वहीं ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट रोहिंटन



बेरिया ट्रॉफी कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र के द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में सराहनीय प्रदर्शन रहा। कोल्हन विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज चैंपियनशिप 2023 भी इन सातों खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की सम्मान सभा में महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ बी एन त्रिपाठी, कला संकाय के प्रभारी डॉ इंद्रसेन सिंह, भूगोल के विभागाध्यक्ष डॉ आले अली तथा स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ मोहम्मद फिरोज इब्राहिमी ने खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र, मोमेंटो और ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उन पर कॉलेज को गर्भ होने की बात कही।

## कीनन स्टेडियम के पास बस-ऑटो में टक्कर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के कीनन स्टेडियम के पास रविवार को एक बस से ऑटो की टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे के बाद घटनास्थल पर जमकर हंगामा हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और हंगामा शांत कराया। ऑटो चालक हैदर अली बस के पीछे ऑटो चला रहा था। अचानक बस चालक ने ब्रेक मारी तो ऑटो चालक ऑटो पर नियंत्रण नहीं कर सका और पीछे से बस में टक्कर लग गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। उसका इंजन वाला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बिष्टुपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। प्रत्यक्षदर्शी अब्बास अली ने बताया कि ऑटो में कोई सवार नहीं था। इस दुर्घटना में चालक को भी चोट नहीं आई है।

## भाजपा पटमदा मंडल कार्यसमिति की बैठक 24 को, सांसद विद्युत महतो होंगे शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जिला कमेटी की निर्देशानुसार भाजपा पटमदा मंडल कार्यसमिति की बैठक 24 मई को लावा पंचायत के निताई सिंह भवन में दोपहर तीन बजे से रखी गई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो व विशिष्ट अतिथियों में मंडल प्रभारी प्रदीप कुमार महतो, विधानसभा प्रभारी जितेंद्र राय व पार्षद प्रदीप बेसरा शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रविवार को मंडल अध्यक्ष मंटु चरण दत्त के अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय में एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को अलग अलग जिम्मा सौंपा गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए मंटु चरण दत्त ने बताया कि कार्यक्रम में सांसद के अलावे पटमदा मंडल के सभी पदाधिकारी, कार्यसमिति



सदस्य, सभी सातों मोर्चा के अध्यक्ष व महामंत्री, पंचायत प्रभारी, बूथों के अध्यक्ष व सचिव एवं वरीय कार्यकर्ता सह सभी पूर्व मंडल अध्यक्ष शामिल होंगे। उन्होंने सभी आपेक्षित कार्यकर्त्ताओं को कार्यशाला में शामिल होने का निर्देश दिया है। बैठक में मुख्य रूप से जिला पार्षद अध्यक्ष प्रदीप बेसरा, आदि थे।

## सरायकेला मंडल कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** मंडल कारा सरायकेला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा रविवार को जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कई बंदियों के द्वारा दिए गए आवेदनो में कुल 04 मामलों पर विचार किया गया। आज के जेल अदालत में एसडीजेएम कोर्ट चांडिल के 01 मामले का निष्पादन हुआ तथा 1 अभियुक्त को मुक्त किया गया। अदालती कार्यवाही में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मंजू कुमारी, अपर मुख्य



न्यायिक दंडाधिकारी कवितांजली टोप्पो, एसडीजेएम सरायकेला सुशील कुमार पिंगुआ, एसडीजेएम चांडिल कोर्ट अमित आकाश सिन्हा वी सी के माध्यम से, सहायक अभियोजन अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह, स्थानीय कारागार कर्मी, न्यायालय के कर्मी और सुधारगृह के बंदी उपस्थित थे। इसी क्रम विधिक जागरूकता शिविर के कार्यक्रम के तहत उपस्थित बंदियों को न्यायिक अधिकारियों द्वारा विभिन्न कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा दी गई।

## सोनारी विकास समिति ने किया भव्य छऊ नृत्य का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पुराना सोनारी बस्ती में विकास समिति की ओर से आज कार्मेल स्कूल के पीछे मैदान में भव्य छऊ नृत्य का आयोजन किया गया, जिसमें नीमडीह (सरायकेला-खरसावां) के विवेकानंद विशाल छऊ सागर के उस्ताद चंडीचरण महतो बनाम पुरुलिया बागमुंडी (पश्चिम बंगाल) के वीणापानी छऊ नृत्य क्लब के उस्ताद हेम सिंह महतो एंड टीम ने अपनी प्रस्तुति दी. मुख्य अतिथि सांसद विद्युत महतो तथा अन्य अतिथियों में 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, झामुमो नेता



आस्तिक महतो, झामुमो जिला सचिव लाल्टू महतो, अजय रजक तथा अशोक सिंह मौजूद थे. सांसद विद्युत महतो ने कहा कि आज झारखंड की सांस्कृतिक व पारंपरिक धरोहर को बचाये रखने की अत्यंत आवश्यकता है, जिसे समिति के सदस्य बखूबी कर रहे हैं. इसके पूर्व अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद निर्मल महतो, स्व. सुधीर महतो तथा शहीद सुनील महतो को चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया. आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष धनंजय महतो के अलावा गोपाल महतो, अखिलेश्वर महतो, रामू महतो, कमल महतो, कार्तिक प्रसाद महतो, चित्तो मंडल, मनोज कुमार महतो, सपन महतो, उत्तम महतो, कमल आदित्यो, बॉबी दास, गोरा दास, कार्तिक दास, मिहिर महतो, अशोक महतो, शिवशंकर सिंह, तारापदो महतो, संतोष महतो, महादेव महतो, सुजीत आदित्य, बिजली महतो, निपुन मिश्रा, संजू बोस, माखन सिंह, राजेश महतो, उज्जवल दास, राजेश दास आदि सक्रिय रहे.

## पूर्व विधायक दुर्गा सोरेन को दी गई श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता सह पूर्व विधायक स्व दुर्गा सोरेन की 14वीं पुण्यतिथि पर गम्हरिया स्थित जिला कार्यालय में दुर्गा सोरेन सेना की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर संगठन के सदस्यों ने स्व दुर्गा सोरेन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष ओंकार उर्फ सन्नी सिंह ने उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला महासचिव पुरुषोत्तम खंडेलवाल, गम्हरिया प्रखंड अध्यक्ष चंद्रमोहन सामड, रोबिन हांसदा, आदि थे।

## संपादकीय

# मंत्रिमंडलीय सहकारिता

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के कौशल में सहकारिता का हाथ भी अब परखा जाएगा। सुक्खू सरकार की करवटों में उप मुख्यमंत्री के पास सहकारिता विभाग की जिम्मेदारी का आ जाना, उन्हें आजमाना ही नहीं, बल्कि राज्य की शक्तियों में उनके ओहदे का सम्मान है। यह दीगर है कि उप मुख्यमंत्री पद की आजमाइश में राजनीतिक, प्रशासनिक, भौगोलिक व वित्तीय संभावनाओं का एक गुलदस्ता अपनी हैसियत बना रहा है और इससे नए कयास ही निकलेंगे। उप मुख्यमंत्री का पद आम मंत्रियों के बीच कितना बुलंद हो सकता है, इसकी पेशगी में जल शक्ति, परिवहन, भाषा-संस्कृति के साथ-साथ अब सहकारिता विभाग भी मुकेश अग्निहोत्री के राजनीतिक इतिहास की व्याख्या कर रहा है। सरकार के पदों पर टेढ़ी दृष्टि रखने वाली भाजपा पहले ही अदालती चुनौती देती हुई नार आ रही है। उसने मुख्य संसदीय सचिवों के लाभकारी पदों को राजनीति की अलाभकारी परंपराओं के हत्थे चढ़ाया है, तो एतराज की चुस्कियों में विपक्षी दल ने उप मुख्यमंत्री के पद को भी कानूनी अखाड़े में घसीटा है। ऐसे में मुकेश अग्निहोत्री के नाम हुआ एक और विभाग सत्ता में उनके महत्त्व को रेखांकित जरूर कर रहा है। यह दीगर है कि लंबी पुष्पमाला के बावजूद उसमें मौजूद फूलों के रंग और खुशबू के आधार पर शिनाख्त होती है। उप मुख्यमंत्री की क्षमता में सरकार का संतुलन और सरकार का प्रशासनिक आधार भी आपेक्षित है। इसलिए भी कि मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री पदों के आबंटन ने इस बार हिमाचल की सत्ता को दो शिखरों में देखने की कोशिश की है। जाहिर है इस तरह के प्रयोग आगे चलकर सियासी महत्त्वाकांक्षा को संबोधित करेंगे। ऐसे प्रयोग अब भाजपा और कांग्रेस के बीच व्यावहारिक सहमतियों में परोसे जा रहे हैं। भाजपा के बाद कांग्रेस ने हिमाचल की पेचीदगियों में अगर तख्त और ताज की बेहतरी के लिए उप मुख्यमंत्री का पद रसीद किया तो अब कर्नाटक का फार्मूला भी कमोबेश नेताओं की पृष्ठभूमि को ऐसे ही प्रयोग से सुसज्जित कर रहा है। हिमाचल के संदर्भ में भी सरकार और सत्ता की पैमाइश अलग-अलग तरह से अपना अधिकार ढूंढती हुई राजनीतिक क्षेत्रवाद को विचलित कर रही है। मंत्रिमंडल व बोर्ड-निगमों में पदों की रिक्तियां कब तक खामोश रहेंगी, कोई नहीं जानता, लेकिन हिमाचल की भौगोलिक अपेक्षाओं के कई सूत्रधार फिलहाल निकम्मे बनाकर छोड़ दिए गए हैं। जनापेक्षाओं की कई परिपाटियों में सत्ता का आरोहण अगर सुनिश्चित होता है, तो सरकार के ओहदों में भी कण-कण बोलता है। ऐसे में अगर एक और मंत्रालय का आबंटन उप मुख्यमंत्री के पद को सशक्त कर रहा है, तो सरकार को अपनी ताकत के एहसास में कुनबे को जोडने की जरूरत है। बेशक सुक्खू सरकार अपने छठे महीने तक पहुंचते-पहुंचते यह बता चुकी है कि वह एक ओर चुनावी गारंटियों को मक्का बना कर पूज रही है, तो दूसरी ओर व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में हटकर सोच रही है। बावजूद इसके सरकार के भीतर कई विभाग अपने लिए नेतृत्व खोज रहे हैं। ऐसे में आगे चलकर विभागीय आबंटन अगर होता है, तो सरकार की शक्ति में ही इजाफा होगा, वरना कोई भी सरकार जमीनी सियासत को स्थायी रूप से दरकिनार नहीं कर सकती है। जिन नेताओं की वरिष्ठता, क्षमता व क्षेत्रीय महत्त्वाकांक्षा फिलहाल नजरअंदाज हो रही है, वे अंततः अपने अस्तित्व की चरागाह में भटक गए तो सारे संतुलन गड्डमड्ड हो सकते हैं। क्षेत्रीय संतुलन के कई उदाहरण वीरभद्र सरकारों के दौर में मिलते हैं, लेकिन जिस तरह प्रेम कुमार धूमल ने अपने सामने कुछ विधायकों की बगावत को पचा कर, उन्हें वापस मंत्रिमंडल में स्थान देकर राजनीतिक व्यवस्था की, उसकी जरूरत वर्तमान सरकार में भी देखी जा रही है। हम मान सकते हैं कि उप मुख्यमंत्री के हिस्से में आया एक और विभाग, इसी तरह की शुरुआत है, लेकिन भौगोलिक हिसाब से मंडी और कांगड़ा संसदीय क्षेत्रों में सन्नाटों को सामान्य स्थिति नहीं माना जा सकता है। प्रदेश हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस की प्रभावशाली भूमिकाएं देख रहा है, लेकिन अन्य भागों में यह रौनक नहीं है। केंद्र में बतौर मंत्री अनुराग ठाकुर जब अपनी उपलब्धियां गिनवाते हैं, तो तमाम फोरलेन व सडक़ परियोजनाएं उन्हीं के क्षेत्र में गूंजती हैं और राजनीतिक दस्तूर यह है कि केंद्रीय विश्वविद्यालय कांगड़ा के ही एक हिस्से पर मेहरबान, तो दूसरे यानी धर्मशाला परिसर को आपत्तियों की फांस में पीछे धकेल देता है।

> सरकार के पदों पर टेढ़ी दृष्टि रखने वाली भाजपा पहले ही अदालती चुनौती देती हुई नार आ रही है। उसने मुख्य संसदीय सचिवों के लाभकारी पदों को राजनीति की अलाभकारी परंपराओं के हत्थे चढ़ाया है, तो एतराज की चुस्कियों में विपक्षी दल ने उप मुख्यमंत्री के पद को भी कानूनी अखाड़े में घसीटा है। ऐसे में मुकेश अग्निहोत्री के नाम हुआ एक और विभाग सत्ता में उनके महत्त्व को रेखांकित जरूर कर रहा है। यह दीगर है कि लंबी पुष्पमाला के बावजूद उसमें मौजूद फूलों के रंग और खुशबू के आधार पर शिनाख्त होती है। उप मुख्यमंत्री की क्षमता में सरकार का संतुलन और सरकार का प्रशासनिक आधार भी आपेक्षित है। यह इसलिए भी कि मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री पदों के आबंटन ने इस बार हिमाचल की सत्ता को दो शिखरों में देखने की कोशिश की है।

## कुछ अलग

# विभाजित होता पाकिस्तान

पाकिस्तान तितर-बितर, छिन्न-भिन्न हो चुका है। सडक़ों पर अवाम भी है और हुकूमत समर्थित भीड़ के हुजूम भी हैं। फौज पहली बार इतनी कमजोर लग रही है कि भीड़ उनका कुछ भी फूंक दे। कानून और न्यायपालिका हांफ रहे हैं। मजबूर होते जा रहे हैं, क्योंकि हुकूमती भीड़ ने सुप्रीम कोर्ट पर ही चढ़ाई कर दी है। भीड़ 'रेड जोन' को भी लांघ चुकी है। भीड़ के पास डंडे, लाठियां और पत्थर हैं। अंदरखाने स्वचालित हथियार भी हो सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश कितने सुरक्षित हैं, क्योंकि वहां तैनात सुरक्षाकर्मी तो सरकारी हैं, लिहाजा वे मूकदर्शक बने हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की हुकूमत ने नेशनल असेंबली (संसद) में देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस उमर अता बांदियाल के खिलाफ प्रस्ताव मंजूर कर एक कमेटी बना दी है। हुकूमत चीफ जस्टिस को ही हटाने पर आमादा है। हालांकि राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी इस मुहिम में रोड़ा अटका सकते हैं, क्योंकि वह इमरान खान की पार्टी के नेता रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठकें की जा रही हैं। तमाम कवायदें पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की नकेल कसने पर केंद्रित हैं। रियाज अहमद ने तो संसद में यह मांग तक की है कि इमरान को सरेआम फांसी पर लटका देना चाहिए। वह देशद्रोही है। लिहाजा इमरान खान की आशंका ठोस लगती है कि शरीफ सरकार देशद्रोह के इल्जाम में उन्हें 10 साल के लिए जेल में डाल सकती है। उनकी पार्टी 'पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ' (पीटीआई) पर पाबंदी थोपी जा सकती है। बेशक पाकिस्तान में 1971 की पुनरावृत्ति के हालात बने हैं। तब हुकूमत ने पूर्वी पाकिस्तान के शेख मुजीबुर्रहमान पर जुल्म ढाए थे और उनकी पार्टी 'अवामी लीग' को प्रतिबंधित किया था। मुजीब किसी तरह भारत के कलकत्ता पहुंचे थे और पूर्वी पाकिस्तान को 'आजाद' घोषित किया था। भारत ने मुजीब की मदद की, उनकी 'मुक्ति वाहिनी' को प्रशिक्षण दिया, लेकिन दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के साथ जंग लडऩी पड़ी। सिर्फ 13 दिन की लड़ाई में ही पाकिस्तान को घुटने टेकने पड़े और उसके 93,000 से ज्यादा फौजियों को भारतीय सेना के सामने आत्म-समर्पण करना पड़ा। पाकिस्तान दोफाड़ हुआ और पूर्वी पाकिस्तान की जगह 'बांग्लादेश' बना। क्या बलूचिस्तान, सिंध और पंजाब में भी 1971 वाले हालात हैं कि पाकिस्तान एक बार फिर विभाजित होगा? इन सूबों में असंतोष है, आंदोलन जारी हैं। यहां तक कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भी हुकूमत के प्रति विद्रोह के हालात हैं। वे आजाद होकर भारत में मिलना चाहते हैं। भारत भी इस मुद्दे पर अपनी रणनीति बनाता रहा है। पाकिस्तान खस्ता हाल है। दिवालिएपन के हालात ऐसे हैं कि यदि इसी साल उसने चीन का 1.5 लाख करोड़ रुपए कर्ज की एक किश्त अदा नहीं की, तो पाकिस्तान चीन का 'उपनिवेश' तक बन सकता है। पाकिस्तान पर 10.5 लाख करोड़ रुपए से भी अधिक का कर्ज है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने कर्ज देने से इंकार कर दिया है। पाकिस्तान के अवाम दाने-दाने को, आटे के लिए मोहताज हैं और सडक़ों पर बिछे हैं। सुप्रीम कोर्ट में प्रधानमंत्री शरीफ के खिलाफ अवमानना का मामला भी विचाराधीन है। यदि वह दोषी पाए जाते हैं, तो उन्हें प्रधानमंत्री पद छोडऩा पड़ेगा।

## यौन उत्पीडऩ का शारीरिक प्रभाव भी पड़ता है

# महिलाओं का बढ़ता यौन शोषण

डा. वरिंद्र भाटिया

> महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम के कार्यान्वयन में 'गंभीर खामियां' और 'अनिश्चितता' हैं, जिससे कई कामकाजी महिलाओं के पास अपनी नौकरी छोडऩे के अलावा कोई वकिल्प नहीं होता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फैसला लिखने वाली जस्टिस कोहली ने कहा, 'इस तरह के निंदनीय कृत्य का शिकार होना न केवल एक महिला के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाता है, बल्कि यह उसके भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी असर डालता है। अक्सर यह देखा जाता है कि जब महिलाएं कार्यस्थल पर यौन उत्पीडऩ का सामना करती हैं, तो वे इस तरह के दुव्र्यवहार की शिकायत करने से हिचकती हैं। उनमें से कई तो अपनी नौकरी छोड़ भी देती हैं।'

महिलाओं का यौन शोषण फिर सुर्खियों में है। सुप्रीम कोर्ट ने 12 मई को एक फैसले में कहा है कि यौन उत्पीडऩ से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम के कार्यान्वयन में 'गंभीर खामियां' और 'अनिश्चितता' हैं, जिससे कई कामकाजी महिलाओं के पास अपनी नौकरी छोडऩे के अलावा कोई विकल्प नहीं होता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फैसला लिखने वाली जस्टिस कोहली ने कहा, 'इस तरह के निंदनीय कृत्य का शिकार होना न केवल एक महिला के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाता है, बल्कि यह उसके भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी असर डालता है। अक्सर यह देखा जाता है कि जब महिलाएं कार्यस्थल पर यौन उत्पीडऩ का सामना करती हैं, तो वे इस तरह के दुव्र्यवहार की शिकायत करने से हिचकती हैं। उनमें से कई तो अपनी नौकरी छोड़ भी देती हैं।' माननीय अदालत ने नोट किया, यह वास्तव में एक खेदजनक स्थिति है और सभी राज्य अधिकारियों, सार्वजनिक प्राधिकरणों, निजी उपक्रमों, संगठनों और संस्थानों की खराब रवैये का प्रदर्शन करती है, जो यौन उत्पीडऩ से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम को अक्षरशः लागू करने के लिए बाध्य हैं। अदालत ने केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सत्यापित करने के लिए समयबद्ध अभ्यास करने का निर्देश दिया कि क्या मंत्रालयों, विभागों, सरकारी संगठनों, प्राधिकरणों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, संस्थानों, निकायों आदि ने आंतरिक शिकायत समितियों (आईसीसी), स्थानीय समितियों (एलसी) और आंतरिक समितियों (आईसी) का गठन अधिनियम के तहत किया है। इन निकायों को आदेश दिया गया है कि वे अपनी-अपनी समितियों का विवरण अपनी वेबसाइटों पर प्रकाशित करें। यह फैसला बॉम्बे हाईकोर्ट के 15 मार्च, 2012 के फैसले के खिलाफ दायर एक अपील में आया, जिसमें यौन उत्पीडऩ की शिकायतों के आधार पर नौकरी से बर्खास्त करने के अधिकारियों के फैसले के खिलाफ गोवा विश्वविद्यालय के एक कर्मचारी की रिट याचिका को खारिज कर दिया गया था। महिलाओं के यौन शोषण की बात कार्यस्थल तक सीमित नहीं है। खेलों की दुनिया को ही लें, दुनिया के कई देशों की तरह भारतीय महिला एथलीट और पहलवान भी यौन उत्पीडऩ का सामना कर रही हैं। कई मामलों में कोच और मेंटर ही शोषण करने वालों में शामिल हैं। एथलीट और पहलवान ऐसे सिस्टम की मांग कर रही हैं, जहां वे बिना किसी डर के शिकायत कर सकें। पिछले साल जुलाई में एक बड़ा मामला सामने आया था। उस समय सात महिला एथलीटों ने



प्रसिद्ध खेल कोच के खिलाफ यौन उत्पीडऩ का आरोप लगाया था। 19 वर्षीय एक महिला एथलीट से जुड़े मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। इस एथलीट ने अपने आरोप में कहा था कि किसी तरह का विरोध करने पर कोच ने उसे और उसके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी थी। इस बात में शक नहीं है कि अक्सर यौन शोषण में शामिल लोग बाहुबली ही होते हैं और उनका शिकार कमजोर महिलाएं होती हैं। ग्लोबल ऑब्जर्वेटरी फॉर जेंडर इक्वालिटी एंड स्पोर्ट की सीईओ बताती हैं कि 'खेल के क्षेत्र में कोच और एथलीट के संबंध के बीच पद का जो फासला होता है, उसकी वजह से एथलीट विशेष रूप से कमजोर होते हैं। खेल में चापलूसी की संस्कृति है, इसलिए 'ग्रूमिंग' आम बात हो जाती है। इस वजह से एथलीटों के लिए आगे आना और शिकायत करना मुश्किल हो जाता है।' वह आगे बताती हैं कि 'खेलों में एक और सामान्य बात यह है कि सभी लोग सभी चीजें देखते हैं, लेकिन कोई सामने नहीं आना चाहता। दूसरे शब्दों में कहें, तो लोग तमाशबीन खड़े रहते हैं। वे दुव्र्यवहार के बारे में जानते हुए भी किसी तरह का कदम नहीं उठाते हैं। लोगों के खुलकर न बोलने और सामने न आने की वजह से आरोपी के पक्ष में यथास्थिति बरकरार रहती है। यह खासकर उन मामलों में ज्यादा होता है, जब आरोपी शक्तिशाली हो।' सूचना के अधिकार के आवेदन से मिले आंकड़ों के अनुसार 2010 से 2020 के बीच भारतीय खेल प्राधिकरण को यौन उत्पीडऩ की 45 शिकायतें मिलीं। इनमें 29 कोच के खिलाफ की गई थीं। इतनी शिकायतों के बावजूद जिस स्तर पर कार्रवाई होनी चाहिए थी, उतनी नहीं हुई। क्या हमारे यहां खेल के क्षेत्र में दुव्र्यवहार इस तंत्र का अभी भी हिस्सा बना हुआ है। भारत में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल संघों की संख्या 56 है। हालांकि इनमें से महज कुछ ही संघ ऐसे हैं जिनके पास विशेष रूप से यौन उत्पीडऩ की जांच के लिए आंतरिक शिकायत समितियां हैं। कई एथलीट इस बात की पुष्टि करती हैं कि भारतीय खेलों में यौन शोषण आम बात है। महिला पहलवानों द्वारा यौन शोषण का आरोप आहत करने वाला है। कई कारणों के चलते वर्षों तक शोषण के मानसिक आघात से गुजरने के बाद असली दोषियों का नाम सामने लाना मुश्किल हो सकता है। इसको रोकने के लिए प्रतिस्पर्धी खेलों में चयन के लिए महिलाओं को जिम्मेदारी दी जाए। ऐसे संगठनों का नेतृत्व करने के लिए महिला एथलीटों की कोई कमी नहीं है। कई एथलीट और खिलाड़ी यह भी मानते हैं कि सरकार को सभी खेल इकाइयों के लिए आंतरिक शिकायत समितियों के प्रदर्शन की जानकारी देने वाली नियमित रिपोर्ट प्रकाशित करना और संगठन की वेबसाइट पर विवरण प्रकाशित करना अनिवार्य करना चाहिए। स्पोट्र्स में महिला शोषण को लेकर जो शिकायतें आती हैं, उन्हें खेल के सिस्टम को बदलने और इसे सुरक्षित बनाने के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। बहुत कम ध्यान में आने वाली घटनाओं में मानसिक रूप से बीमार महिलाओं के साथ होने वाली यौन शोषण की घटनाओं के मामलों में आमतौर पर शिकायत दर्ज नहीं की जाती है। इसका मूल कारण है कि मानसिक रूप से बीमार ये महिलाएं अपना यौन शोषण करने वाले व्यक्ति की पहचान करने में असमर्थ रहती हैं। यौन शोषण का शिकार हुईं महिलाओं के अनुसार इन मामलों में आरोपी व्यक्ति अपराध को अंजाम देने के बाद घटनास्थल से फरार हो जाते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि यौन शोषण अथवा बलात्कार का शिकार हुईं मानसिक रूप से बीमार इन महिलाओं को बच्चे को जन्म भी देना पड़ता है। एक गैरसरकारी संगठन (एनजीओ) ने पहचान गुप्त रखे जाने की शर्त पर कहा कि आपराधिक मानसिकता और पृष्ठभूमि वाले लोग आमतौर पर मानसिक रूप से बीमार इन महिलाओं को अपना शिकार बनाते हैं। इन मामलों में पीड़िता के मानसिक रूप से बीमार होने के कारण आरोपी के बच निकलने की संभावना अधिक होती है। समाज के लिए शर्मनाक है कि कुछ नेता, कुछ अभिनेता, फिल्मों के प्रोड्यूसर-डायरेक्टर, कुछ धर्म गुरु, कुछ डॉक्टर, कुछ अधिकारी, कुछ टीचर, कुछ स्कूल-कॉलेज-विश्वविद्यालयों के प्रबन्धक, कुछ स्पोट्र्स कोच, कुछ बॉस इत्यादि महिला यौन शोषण में लगातार संलिप्त पाए जा रहे हैं। ये एक महिला की महिला होने के कारण की मजबूरी का फायदा उठाने में अग्रणी रोल अदा कर रहे हैं।

# क्रिकेट से निखरेगा प्रदेश का पर्यटन

> कोरोना काल के बाद हिमाचल प्रदेश में 2022 में 1.51 करोड़ पर्यटक आए जो कि 2021 के बाद लगभग 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी थी। यहां पर्यटकों की तादाद जरूर ज्यादा रहती है, जरूरत है कि हम इससे अधिक से अधिक लाभ लेकर हिमाचल के वकिास में भी पर्यटन को जोड़ें। हिमाचल पर्यटन वभिाग के अनुसार हिमाचल के जीडीपी में पर्यटन का 7.5 प्रतिशत योगदान रहा है जो आधिकारिक तौर पर हिमाचल घूमने आते हैं। हिमाचल प्रदेश में अब आईपीएल के रूप में एक बार फिर बहुत ही सुनहरा अवसर आया है जब हिमाचल की अद्भुत खूबसूरती को पूरा वशिव देखेगा। आईपीएल क्रिकेट मैच का खुमार आज पूरे वशिव पर छाया है। देश और दुनिया के खिलाड़ी इस बड़े खेल का हिस्सा हैं। धर्मशाला का क्रिकेट का मैदान अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है। कोई भी ऐसा खिलाड़ी नहीं जो इस खूबसूरत मैदान पर खेलने को बेताब न हो। भारत का इकलौता ऐसा मैदान जहां एक तरफ धौलाधार चांदी की तरह अपनी चमक बिखेरता है। इस मैदान को इतने खूबसूरत तरीके से बनाया गया है ऐसा लगता है जैसे ये मैदान खुद धौलधार वर्पत को अपना मुकुट बनाकर पहने हो।

हिमाचल प्रदेश अपनी असीम खूबसूरती के लिए विश्व भर में जाना जाता है। यहां के खूबसूरत पहाड़, नदियां, प्राकृतिक सौंदर्य किसी को भी मंत्रमुग्ध कर देते हैं। इसीलिए हिमाचल में साल भर दुनिया भर के पर्यटक घूमने आते हैं। हिमाचल प्रदेश में पर्यटक बौद्ध नगरी धर्मशाला, मनाली, शिमला, डलहौजी की तरफ आकर्षित होते हैं। परंतु फिर भी जिस प्रकार से हिमाचल का पर्यटन बढऩा चाहिए उस तरह से नहीं बढ़ पाया है। कोरोना काल के बाद हिमाचल प्रदेश में 2022 में 1.51 करोड़ पर्यटक आए जो कि 2021 के बाद लगभग 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी थी। यहां पर्यटकों की तादाद जरूर ज्यादा रहती है, जरूरत है कि हम इससे अधिक से अधिक लाभ लेकर हिमाचल के विकास में भी पर्यटन को जोड़ें। हिमाचल पर्यटन विभाग के अनुसार हिमाचल के जीडीपी में पर्यटन का 7.5 प्रतिशत योगदान रहा है जो आधिकारिक तौर पर हिमाचल घूमने आते हैं। हिमाचल प्रदेश में अब आईपीएल के रूप में एक बार फिर बहुत ही सुनहरा अवसर आया है जब हिमाचल की अद्भुत खूबसूरती को पूरा विश्व देखेगा। आईपीएल क्रिकेट मैच का खुमार आज पूरे विश्व पर छाया है। देश और दुनिया के खिलाड़ी इस बड़े खेल का हिस्सा हैं। धर्मशाला का क्रिकेट का मैदान अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है। कोई भी ऐसा खिलाड़ी नहीं जो इस खूबसूरत मैदान पर खेलने को बेताब न हो। भारत का इकलौता ऐसा मैदान जहां एक तरफ धौलाधार चांदी की तरह अपनी चमक बिखेरता है। इस मैदान को इतने खूबसूरत तरीके से बनाया गया है ऐसा लगता है जैसे ये मैदान खुद धौलधार पर्वत को अपना मुकुट बनाकर पहने हो। यहां का मौसम इस खेल को और भी अधिक मजेदार बना देता है। इसलिए यहां पर इस बार मैच देखने आने वाले दर्शक सिर्फ दर्शक नहीं, बल्कि हिमाचल के पर्यटक भी हैं। वैसे भी हिमाचल में मई और जून महीने में पर्यटन में 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की जाती है। अब मई महीने में आईपीएल के मैच होने से यहां पर्यटकों की भी भरमार होगी। हिमाचल प्रदेश को पूरे विश्व की मीडिया कवरेज भी मिलेगी। इसलिए आने वाले समय मे लोगों को हिमाचल और अधिक आकर्षित करेगा। इससे पहले भी हिमाचल के इस खूबसूरत मैदान पर एक टेस्ट, पांच एक दिवसीय मैच व 9 टी ट्वेंटी मैच खेले जा चुके हैं। 2013 के बाद 2023 में हिमाचल आईपीएल के 2 मैचों की मेजबानी कर रहा है। इन मैचों को खेलने के लिए पंजाब, राजस्थान और दिल्ली की टीमें हिमाचल पहुंचेंगी। हिमाचल प्रदेश के इस खूबसूरत स्टेडियम की तारीफ विश्व के कई क्रिकेटर कर चुके हैं जो यहां आने के लिए हर समय लालायित रहते हैं। इसके अलावा हिमाचल के इन मैचों में बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा जी की उपस्थिति इसे और अधिक महत्त्व प्रदान करती है। अभी हाल ही में जी-20 की एक बैठक के दौरान हिमाचल ने पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया था। इस दौरान विश्व भर से आए प्रतिनिधि मंडल ने दलाई लामा जी से भेंट की थी तथा हिमाचल की खूबसूरती की तारीफ की थी। हिमाचल प्रदेश को अपने इन सभी संसाधनों को पर्यटन के लिए और अधिक विकसित करना होगा। पर्यटन हिमाचल की जरूरत भी है और आमदनी का स्त्रोत भी। हमें इसे और अधिक व्यापक रूप से देखना होगा। हिमाचल के पर्यटन को पंख तभी लगेंगे जब हम पर्यटकों के लिए और अधिक लुभा पाएं और उन्हें सुविधाएं दे पाएं। हिमाचल में पर्यटन के नाम पर प्रकृति का आशीर्वाद तो है, जरूरत है कुछ नए तरीके खोजने की जिससे पर्यटन हमारे युवाओं को रोजगार भी प्रदान करे। इसके लिए कांगड़ा को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने की बात बजट में भी कही गयी है। इस समय जरूरत है कुछ नए पर्यटन क्षेत्र विकसित करने की तथा जो पहले से प्रसिद्ध पर्यटक स्थल हैं उन्हें एक चेन में पिरो कर पर्यटकों को हिमाचल भ्रमण करवाया जाए। इसके लिए अन्य राज्यों की तरह कुछ प्रसिद्ध हस्तियों को ब्रांड एबेंसडर के रूप में भी प्रयोग किया जा सकता है। इसके अलावा हिमाचल का धार्मिक पर्यटन भी इसमें बहुत सहयोग कर सकता है। हिमाचल में प्रसिद्ध शक्ति स्थल हैं जो यहां धार्मिक पर्यटन का बहुत बड़ा स्तम्भ रहे हैं। त्योहारों के समय कुछ पैकेज शुरू करके अन्य राज्यों के श्रद्धालुओं को कांगड़ा के ब्रजेश्वरी धाम, चामुंडा, ज्वालाजी, चिंतपूर्णी माता, नैना देवी तक की यात्रा करवाई जा सकती है या जो श्रद्धालु यहां आते हैं उन्हें बढिया सुविधाएं मुहैया करवाई जा सकती हैं। हिमाचल का बीड़ बिलिंग भी पैरा ग्लाइडिंग स्पोट्र्स में विश्व पटल पर अपनी पहचान कायम किए है जो पर्यटन के साथ साथ रोजगार का भी बढिया साधन है। ऐसे कई तरीके हैं जिससे हम हिमाचल के पर्यटन को न सिर्फ बढ़ा पाएंगे बल्कि इससे हिमाचल के जीडीपी में भी काफी सुधार आएगा। फिलहाल तो हम धर्मशाला के खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियम पर होने वाले आईपीएल मैचों की तरफ देख रहे हैं जब पूरे विश्व के कैमरे धर्मशाला के खूबसूरत मैदान को दुनिया के सामने रखेंगे और यहां आने वाले खिलाड़ी स्वतः ही ब्रांड अम्बेसडर की तरह हिमाचल के पर्यटन को बढ़ाने का काम करेंगे। हम हिमाचल वासियों का भी कत्र्तव्य है कि हम प्रकृति के मिले इस वरदान और उपहार को संजोकर रखें। पर्यटक स्थलों में बढ़ती गंदगी इसकी खूबसूरती को खत्म कर रही है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर कूड़ा प्रबंधन के प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। हम सभी को इसमें सहयोग करना होगा और हिमाचल के पर्यटन को बढ़ावा देना होगा।



## देश दुनीया से

# पहले आलोचना, अब सराहना होती है

भारत में आज भी यह मानसिकता हावी है कि कमाई करना केवल पुरुषों का ही काम है और घर का चूल्हा चौका संभालना महिलाओं का। हालांकि बदलते वक्त के साथ शहरी क्षेत्रों में इस संकुचित सोच में बदलाव आया है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी यह सोच बहुत हद तक अपनी जड़े जमाए हुए है। इस सोच को बदलने के लिए केंद्र से लेकर सभी राज्यों की सरकारों द्वारा अपने अपने स्तर पर विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे न केवल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि लोगों की सोच में भी परिवर्तन आ रहा है। इस प्रकार की मानसिकता को बदलने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में भी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका लाभ अब ज़मीनी स्तर पर नजर आ रहा है। बहुत सी महिलाएं और किशोरियां इन योजनाओं से जुड़कर न केवल खुद को सशक्त बना रही हैं बल्कि संकीर्ण मानसिकता वालों को जवाब भी दे रही हैं। इन्हीं योजनाओं में एक जम्मू-कश्मीर ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी 'उम्मीद' स्कीम भी है। जो महिलाओं को सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम जोड़ कर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान कर सशक्त बना रहा है। इस योजना से जुड़कर महिलाओं और लड़कियों ने कश्मीर के प्रसिद्ध व्यंजन 'वाज़वान' बनाना न सिर्फ सीखा है बल्कि अब वह इसके माध्यम से आय भी अर्जित कर रही हैं। कई बाधाओं को पार करते हुए इन लड़कियों ने आलोचकों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। इसके अतिरिक्त सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से बनाये गए सामानों की प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है, जिसे आम लोगों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। बड़ी संख्या में इन्हें ऑर्डर भी मिलने लगे हैं। कश्मीर की बात 'वाजवान' के बिना अधूरी है। इस व्यंजन को लोग विशेष रूप से शादी-विवाह और विशेष अवसरों पर बनाते हैं। इसे बनाने का काम पहले केवल पुरुष द्वारा किया जाता था। लेकिन श्रीनगर संभाग के गांदरबल जिले की कुछ महिलाएं इस पुरानी चली आ रही रुढ़िवादी सोच को तोड़ कर वाज़वान बनाने का काम बखूबी कर रही हैं। नाम और पैसा कमाने के साथ साथ यह लोगों को प्रसिद्ध व्यंजन परोस रही हैं। इन्हीं लड़कियों में से एक 'इशरत' ने बताया कि 'यह काम हमारे लिए नया था क्योंकि अभी तक केवल पुरुष ही वाजवान तैयार करते थे। शुरु में हमारे काम की काफी आलोचनाएं की गई, हमारे मनोबल को तोड़ने के लिए तरह तरह की बातें की गई। लेकिन समय बीतने के साथ-साथ सब कुछ बदल गया। अब समाज में हमारे काम की सराहना की जाती है। अब लोग न केवल हमारी हौसला अफ़ज़ाई करते हैं बल्कि शादी ब्याह जैसे अवसरों पर हमें वाज़वान पकाने के लिए विशेष रूप से बुलाया भी जाता है।' गांव में पहले इनके कामों की काफी आलोचना की गई, यह माना गया कि वाज़वान पकाना औरतों के बस की बात नहीं है। न केवल इन लड़कियों के बल्कि इनके घर परिवार को भी समाज से बहुत कुछ सुनने को मिलता था। लेकिन इशरत और उनकी टीम इन आलोचनाओं से घबराने की जगह इसे लगातार चुनौती के रूप में स्वीकार करती रही। आखिरकार इनकी मेहनत और हौसले के आगे रुढ़िवादियों ने भी घुटने टेक दिए। अब आलोचना करने वाला वही समाज इन लड़कियों पर नाज़ करने लगा है। इनके हौसले और इनके बनाये वाज़वान की तारीफ होने लगी है। जब इनके बनाये लज़ीज़ वाज़वान उत्सवों में परोसे जाते हैं तो खाने वालों को यकीन नहीं होता है कि इसे किसी पुरुष ने नहीं, बल्कि महिलाओं के ग्रुप ने बनाया है। इशरत का कहना था कि यह सब राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की 'उम्मीद' स्कीम के सहयोग से मुमकिन हुआ है।

> केंद्र से लेकर सभी राज्यों की सरकारों द्वारा अपने अपने स्तर पर विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे न केवल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि लोगों की सोच में भी परिवर्तन आ रहा है। इस प्रकार की मानसिकता को बदलने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में भी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका लाभ अब ज़मीनी स्तर पर नजर आ रहा है। बहुत सी महिलाएं और किशोरियां इन योजनाओं से जुड़कर न केवल खुद को सशक्त बना रही हैं बल्कि संकीर्ण मानसिकता वालों को जवाब भी दे रही हैं। इन्हीं योजनाओं में एक जम्मू-कश्मीर ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी 'उम्मीद' स्कीम भी है। जो महिलाओं को सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम जोड़ कर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान कर सशक्त बना रहा है।

## नागरिक बोध

# तुम धन्य हो हे बुद्धिजीवी

बुद्धिजीवियों के अहाते के मुख्य गेट के पास पहुंच जरा और नजदीक जा देखा कि बुद्धिजीवी हाथों में किताबों कलमों के बदले रंग बिरंगी बीनें लिए हुए। सामने किसी फिल्मी हीरोइन से भी अधिक सजी धजी भैंस खड़ी थी, बंधी न होने के बाद भी अपने को बंधा समझती अपने पर गर्वाती मदमाती। गेट पर भैंस और बुद्धिजीवी एक साथ देखे तो दिमाग न होने के बाद भी मरा दिमाग अधमरा हो गया। बुद्धिजीवियों के मंजूरशुदा अहाते में इधर उधर मजे से गधे तो मैंने बहुत चरते विचरते देखे थे, पर आज यहां भैंस भी! अपनों से जन्मजात चिढ़ होने के चलते कई बार तो बुद्धिजीवियों के अहाते की गरिमा को ध्यान में रखते हुए मैंने उन गधों को वहां से भगाने की कोशिश भी की थी। पर उस दिन जब एक बूढ़े गधे ने मुझे धमकाते हुए कहा कि जब हमें यहां के बुद्धिजीवी ही कुछ नहीं कहते तो तुम कौन होते हो हमें हडक़ाने वाले? हमारी तो कई पुश्तें यहां शान से चर चर कर मरी हैं। इसलिए ज्यादा धमकाऊंगा तो वह मुझे मालिक कैंटीन से कह बुद्धिजीवियों के बीच से बाहर निकलवा देगा। बुद्धिजीवियों को तो मैं समझाने की गुस्ताखी नहीं कर सकता था, पर अपना होने के चलते तब मैंने उन बुजुर्ग गधे को समझाते कहा भी, 'देखो द्दा! हम गधे गधों के बीच ही शोभा देते हैं, इज्जत पाते हैं। कल को कहीं ऐसा न हो कि इनके बीच रह तुम न गधे ही रहो और न ही इन जैसे बन पाओ', तो वह मुझे समझाते बोला, 'हे बुद्धिजीवियों के जूठे गिलास चाटने वाले! गौर से सुन! हर गधे के भीतर कोई बुद्धिजीवी होता हो या न, पर हर बुद्धिजीवी के भीतर एक अदद गधा जरूर रहता है।' उसने कहा तो मैं सिर ऊंचा किए चुपचाप मुस्कुराता हुआ अपने काम में लग गया था। 'सर! आखिर ये क्या हो रहा है? आज तो आप बीन पर उतर आए! आप बीन भी बजा लेते हो क्या?' एक अपने ही दिमाग के लेबल के बुद्धिजीवी के नजदीक जा उनसे पूछा तो वे बोले, 'चल, तू भी पकड़ ले एक बीन।' 'पर मैं तो आपकी तरह का नहीं हूं', मैंने उनसे बीन लेते पूछा तो वे बोले, 'भीतर से यहां सब तेरी तरह के ही है यार! ले जल्दी बीन पकड़ और हमारी तरह ऐसे वैसे जैसे कैसे बीन बजाने की कोशिश कर।' 'पर आप इस भैंस के आगे बीन क्यों बाज रहे हैं सर? बीन तो सांप के आगे बजाने के लिए होती है। अंदर सांप घुस आया है क्या सर? बुद्धिजीवियों के हाथों में किताबें शिताबें ही अच्छी लगती हैं, बीनें नहीं गुरु।' 'किताब पकड़े हमारी जूती! हमारे हाथों में जब किताबें होनी चाहिए थीं, जब तब ही हमारे हाथों में किताब नहीं रहीं तो अब क्यों होगी? देखो! हमारे हाथ सब कुछ उठा सकते हैं पर किताब का बोझ कतई नहीं। अब चुप रह, सवाल न कर! ले बीन बजा वर्ना...।' इस डर से कि कहीं अब वे भी मुझे कल को अपने अहाते की कैंटीन से निकलवाने की धमकी न दें डालें, कोने में बीनों के ढेर से एक बीन उठाई और उस भैंस के आगे बीन बजाने के बदले उस ओर बीन का मुंह करके बजाने लग गया जिस ओर बीन का मुंह कर वे बीन बजा रहे थे यह सोचते हुए कि यार! भीतर भी भैंस ही है क्या? वैसे मुझे भैंस के आगे बीन बजाने का शौक कतई नहीं। इन्हें हो तो होता रहे।

# डायन कुप्रथा समाज के लिए अभिशाप है : डीएसपी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुआडांड़ :** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र के संत जोसेफ विद्यालय मैदान में एकदिवसीय सामुदायिक पुलिसिंग के तहत हॉकी प्रतियोगिता व डायन कुप्रथा के साथ सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खपरताला, बहेराटोली, गोठगांव, अक्सी गाँव की टीम हॉकी प्रतियोगिता में भाग लिया। पहले मुकाबले में खपरताला ने बहेराटोली को एक गोल से हराया एवं दूसरे मुकाबले में गोठगांव ने अक्सी को एक गोल से हराया। फाइनल मैच खपरताला और गोठगांव के बीच खेला गया । जिसमे कुरमीटोला की टीम 1-0 विजयी हुई। प्रतिभागियों को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुजूर एवं थाना प्रभारी आशुतोष यादव के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

**डायन कुप्रथा के प्रति जागरूकता को लेकर हुआ नुक्कड़ नाटक**

फुटबॉल प्रतियोगिता के उपरांत डायन कुप्रथा के प्रति जागरूकता को नुक्कड़ नाटक कराया गया। जिसमें कलाकारों ने डायन प्रथा ने नुक्कड़ नाटक में डायन कुप्रथा को समाज के लिए अभिशाप बताया। बताया गया कि अगर किसी की तबीयत खराब होती है तो उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाना चाहिए ना की किसी ओझा के पास। इसके बाद डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से मानव तस्करी और बाल मजदूरी को लेकर जागरूक किया गया। बड़े स्क्रीन के माध्यम से मानव तस्करी से संबंधित सत्य घटना पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई। जिसमें बताया गया कि किस प्रकार से लोगों को प्रलोभन देकर मानव तस्करी एवं बाल मजदूरी के दलदल में धकेला जाता है। पुलिस अधीक्षक लातेहार अंजनी अंजन का भी जागरूकता संदेश कार्यक्रम में चलाया गया। साथ ही रोड सेफ्टी पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म चलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में डीएसपी राजेश कुमार, थाना प्रभारी आशुतोष यादव, जिला परिषद सदस्य स्टेला नागेशिया, पुअनि संजय रत्न, रतन टुडू, रौशन कुमार, एसआई जोसेफ लकड़ा, सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# अवैध बालू उठाव को लेकर ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को रोका



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुआडांड़ :** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के पोटमाडीह के समीप बुढ़ा नदी से अवैध बालू उठाव को लेकर ग्रामीणों ने बालू उठाव के लिए जा रहे ट्रैक्टर को गांव के रास्ते पर रोका। इस लेकर कुछ दिन पूर्व थाना प्रभारी द्वारा अवैध रूप से बालू उठाव कर रहे ट्रैक्टर को चेतावनी देकर छोड़ा था। ग्रामीण जेरोम जेल्डाल कुजूर,फैद्रीक बेक, संतोष गिद्ध, जेलारियुस सहित दर्जनों पुरुष द्वारा बताया गया कि बिना लीज के सुरक्षित बालू को बालू माफिया द्वारा जबरन उठाया जा रहा। बार बार विरोध करने पर भी बालू माफिया की नजर पोटमाडीह नदी के बालू पर पड़ी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे द्वारा सालों से बालू को सुरक्षित रखा है। जिससे प्रधानमंत्री आवास, सरकारी व सरकार द्वारा चलाऐ जा रहे विकास कार्या में प्रयोग किया जाता है। अवैध बालू उठाव को लेकर एसडीओ व सीओ महुआडांड़ को आवेदन देकर रोकने की मांग की गई है।

# मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने चतरा प्रखंड के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों एवं योजना का स्वीकृति पत्र का किया वितरण



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानाद भोक्ता सदर प्रखंड के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया।लाभुकों के बीच सरकार की महत्वकांक्षी योजना ÷सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत धोती साड़ी वितरण, सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना, छात्रवृत्ति योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा दिव्यांग पेंशन योजना, आवास आदि के स्वीकृति पत्र का वितरण किया। इस मौके पर प्रखंड विकास पधाधिकारी गणेश रजक 20सूत्री अध्यक्ष शंकर सिंह, मंत्री प्रतिनिधि भोला साहू समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# भारतीय जनता पार्टी गिद्धौर मंडल कार्यसमिति की बैठक आज

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी गिद्धौर मंडल कार्यसमिति की बैठक 22मई सोमवार स्थान प्रखंड मुख्यालय स्थित बटेश्वर शिव मंदिर परिसर समय 10:30 बजे से की जायेगी।इस बैठक में मंडल के सभी पदाधिकारी गण, कार्यसमिति के सदस्य गण, पूर्व मंडल अध्यक्ष, जिला, प्रदेश, एवं राष्ट्रीय स्तर के मंडल में निवास कर रहे आदरणीय नेतागण, मोर्चा के मंडल अध्यक्ष महामंत्री पदाधिकारी, पंचायत के संयोजक सह संयोजक, प्रभारी, सभी बुथ अध्यक्ष एवं सम्मानित सभी कार्यकर्ता बन्धुगण सादर आमंत्रित हैं। उक्त आशय की जानकारी मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने देते हुए सभी को समयानुसार बैठक में भाग लेने का आग्रह किए।

# जेल अदालत सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** झालसा राँची के निर्देश व लातेहार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अखिल कुमार के आदेश पर आज जेल अदालत -सह- विधिक जागरूकता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में अब्दुल नसीर, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी लातेहार ने कैदियों को जागरूकता कैम्प में अपने मुकदमें की स्थिति की जानकारी एवं अपने उपर लगे आरोप की जानकारी रखने के संबंध में काराधीन कैदियों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अब्दुल नसीर, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी लातेहार की उपस्थिति में एलएडीसी के अधिवक्ताओं ने सभी कैदियों को कानूनी रूप से जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया एवं छोटे-मोटे मुकदमों में सुलह समझौता से संबंधित विशेष रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नसीर ने कैदियों से उनकी समस्याऐं सुनी और उसके जल्द से जल्द निराकरण का आश्वासन दिया। मौके पर मंडल कारा, लातेहार के जेल अधीक्षक मेनशन बारवा, प्रभारी जेलर प्रदीप मुण्डा मंडल कारा, लातेहार एवं व्यवहार न्यायालय, लातेहार के कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन जेल अधीक्षक मेनशन बारवा के द्वारा किया गया।

# सदर अस्पताल में वर्षों से बंद पड़ा अल्ट्रासाउंड चालू नहीं करना लातेहार वासियों के लिए दुर्भाग्य : नागमणि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** सदर अस्पताल लातेहार में अल्ट्रासाउंड बहाल कराने को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् छात्र यूनियन नेता नागमणि कुमार के नेतृत्व मे कमलेश उरांव, रमेश उरांव, अनिलाल उरांव ने सयुक्त रूप से सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपकर छात्र नेता नागमणि ने कहा कि अगर 15 दिनों के अंदर अल्ट्रासाउंड व्यवस्था बहाल नहीं होती है,तो हमलोग नियम संगत आन्दोलन करेंगे। आगे उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन रहते नहीं चालू होना लातेहार वासियों के लिए दुर्भाग्य की बात है।बता दें कि सदर अस्पताल लातेहार में 2 वर्षों से अल्ट्रासाउंड मशीन टैक्नीशियन के कारण बंद पड़ा है। सोनोग्राफी या अल्ट्रासोनोग्राफी, चिकित्सीय निदान का एक महत्वपूर्ण साधन है। यह पराश्रव्य ध्वनि पर आधारित एक चित्रांकन तकनीक है। चिकित्सा क्षेत्र में इसके कई उपयोग हैं जिसमें से गर्भावस्था में गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी की प्राप्ति सर्वाधिक जानीमानी है।इसके वगैर लोगों को बहुत परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। डाल्टनगंज या रांची जाना पड़ रहा है या निजी अस्पतालों में पैसा खर्च करना पड़ रहा है। और गरीब लोग इतना सक्षम नहीं है कि पैसा खर्च कर सकें और बाहर कि शहरों में जाकर इलाज करा सकें।इसलिए अविलंब चालू किया जाए। मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के अन्य लोग उपस्थित थे।

# नलजल योजना में की जा रही है अनियमितता, इचाक मुखिया ने किया जम कर विरोध



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में चल रहे सरकार की महत्वाकांक्षी नलजल योजना में संवेदक द्वारा घोर अनियमितता बरती जा रही है। पूर्व ड्राई हैण्ड पम्प में हीं लगा दी जा रही है मोटर, घटिया पाइप का किया जा रहा है इस्तेमाल, ग्रामीणों के विरोध के बावजूद भी बाजबरन घटिया सामग्री लगा कर ठीकेदार कर रहा है वारे न्यारे। जिसका भुक्त भोगी होते हुए सरकारी लाभ से होंगे वंचित।जिसे लेकर इचाक पंचायत की मुखिया ने विरोध जताते हुए कहा कि चल रहे नलजल योजना में लगाए जा रहे पाइप बिलकुल निम्न स्तर का है। जो भविष्य की तो बात दूर योजना कार्य पूर्ण होने के चंद ही दिनों बाद राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी नलजल योजना हांथी का दांत बनकर रह जायेगा।जिस अनियमितता पर संज्ञान लेते हुए मुखिया ने कहा कि मेरे पंचायत क्षेत्र में नलजल योजना का कार्य कर रहे संवेदक को गुणवत्तापूर्वक कार्य करें। योजना कार्य में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं कि जाएगी।आगे उन्होंने कहा कि कार्य में सुधार नहीं लाया गया तो चतरा उपायुक्त को मामले से अवगत कराते हुए मामले में संज्ञान लेने व संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश जारी करने की मांग करेंगे। जेई अविनाश कुमार से दूरभाष पर सम्पर्क कर अवगत कराया गया। जिसपर जेई ने त्रुटियों को सुधारने को कहा है। सरकार की योजना पूर्ण रूप से धरातल पर उतारना होगा जिससे आम लोगों के लिए हितकारी होगा।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का मनाया गया पुण्य तिथि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** भारत रत्न से विभूषित आधुनिक भारत के निर्माता दूरसंचार क्रांति एवं पंचायती राज्य के जनक पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 32 वी पुण्यतिथि चतरा जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में मनाया गया।जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के पुण्य तिथि पर सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने का नसीहत दी गई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने बताया भूतपूर्व प्रधानमंत्री के बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा और उनके बताए मार्ग पर चल कर ही देश का भला होगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश पाठक, गुड्डू जायसवाल, जिला महासचिव राजवीर, नसरुद्दीन अंसारी, मोहम्मद इकबाल, कार्यालय प्रभारी सैयद अजीमुद्दीन ख्वाजा, जिला सचिव संतोष गुप्ता, नगर अध्यक्ष संतोष केसरी, सत्येंद्र दास ख्वाजा नूर वली मोहम्मद मोहम्मद इब्राहिम सहित अधिक संख्या में नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नो इंट्री लगे रहने के बावजूद कोल वाहन कर रहें धड़ल्ले से परिचालन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** सिमरिया अनुमण्डल मुख्यालय में इन दिनों दिनदहाड़े नो इंट्री का किया जा रहा है उलंघन। जिसे लेकर चौक के राहगीर व दुकानदार हमेशा सकते में रहने को मजबूर हैं। बता दें कि अत्यधिक सड़क दुर्घटना को लेकर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधि तथा पदाधिकारियों के बीच सुबह 7 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक नो इंट्री लगायी गयी थी। किन्तु अब कोल वाहनों द्वारा नो इंट्री के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए धड़ल्ले से पूरे दिन वाहन टपाने में लगे हुए हैं। ऐसे में नो इंट्री लगाना महज एक दिखावा सा साबित हो रहा है।

# दो सौ कार्डधारियों के बीच के बिच किया गया लूंगी धोती साड़ी का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत पहरा पंचायत में संचालित महिला चांदनी समूह जन वितरण प्रणाली दुकान में रविवार 21 मई को मुखिया बेबी देवी की अध्यक्षता में साड़ी धोती लुंगी का वितरण 200 कार्ड धारी लाभुकों के बीच किया गया। झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना लुंगी धोती साड़ी वितरण को सफल बनाया गया। इस कार्य में मुख्य रूप से पहरा पंचायत की उपमुखिया शनमोहमद, वार्ड सदस्य कुलदीप साहू नरेश साव समाजसेवी मुकेश कुमार साव एवं काफी संख्या में कार्डधारी उपस्थित थे।

# पिछड़ी जाति हित का आरक्षण की लड़ाई अपने लिये नहीं, बल्कि अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की लड़ाई है : रितेश कुमार



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** होटल नॉवेल्टी के सभागार में पिछड़ी जाति संघर्ष मोर्चा के एक बैठक अभिवावक ब्रज बिहारी प्रसाद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमे केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग जी, केंद्रीय महासचिव दिलीप साहू, संरक्षक मुनेश्वर कुमार साहू, महिला केंद्रीय अध्यक्ष अनिता साहू समेत लोहरदगा ज़िला के अनेकों पिछड़ी समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहें। ज्ञातव्य है कि झारखण्ड सरकार ने आरक्षण की घोषणा की है, जिसमे झारखण्ड के सात जिलों लोहरदगा, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, दुमका, लातेहार, चाईबासा में पिछड़ी जाति को 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करनेवके स्थान पर आरक्षण को शुन्य कर दिया गया है, जो कि झारखण्ड राज्य के 30प्रतिशत आबादी के साथ धोखा है। अतः अपनी अधिकार को वापस लेने की लड़ाई लड़ने हेतु आज की बैठक में पिछड़ा जाति संघर्ष मोर्चा, लोहरदगा ज़िला का कार्यसमिति गठन किया गया जिसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष रितेश कुमार,महासचिव अजय साहू, उपाध्यक्ष सागर वर्मा, नेहाल कुरैशी, राजेश महतो, विनोद तमेड़ा, कोषाध्यक्ष अजय कुमार पंकज, सह सचिव अफ़रोज़ आलम, दीपक महतो, प्रदीप ठाकुर, वासिफ कयूम, शम्भू प्रजापति, संगठन सचिव रोहित कुमार, सह कोषाध्यक्ष कैशर अहमद, प्रवक्ता रोहित साहू, संरक्षक अफसर कुरैशी, राजकिशोर महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष अब्दुल जब्बार अंसारी केन्द्रीय संगठन सचिव संदीप गुप्ता, केंद्रीय सह सचिव मनोज कुमार गुप्ता मन्ना को बनाया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा कि पिछड़ी जाति हित का आरक्षण की लड़ाई अपने लिये नहीं,बल्कि अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की लड़ाई है। जबतक सरकार पिछड़ी जाति संघर्ष मोर्चा का मांग अनुसार सातों ज़िला में पिछड़ी जाति हेतु आरक्षण लागू नही करता है, सरकार से निरन्तर लड़ाई लड़ी जायेगी। इसी संघर्ष को आगे बढ़ाते हुए 26 मई को सातो ज़िला बंद रखने का आह्वाहन किया गया है, उससे पूर्व आगामी 25 मई को शाम 6 बजे मिशन चौक से मशाल जुलूस निकाली जायेगी,जोकि बाबा मठ तक होते हुए पावेरगंज चौक में समाप्त होगी। फिर 26 मई को सम्पूर्ण लोहरदगा रहेगी,जिसमे सभी तरह के आवागमन को ठप करने तथा प्रतिष्ठानों को बंद रखने का आह्वाहन किया गया है।

# उपायुक्त की पहल पर जिले में पहली बार किया गया शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** जिला मुख्यालय स्थित कर्पूरी ठाकुर भवन, इंडोर स्टेडियम में एक दिवसीय आमंत्रण ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इसका उद्घाटन उपायुक्त अबु इमरान के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम से पूर्व मौके पर उपस्थित छात्रों ने उपायुक्त को पुष्प गुच्छ भेंट कर आयोजन में स्वागत किया। मौके पर उपस्थित आयोजकों, अभिभावकों और बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता शिक्षा, पर्यटन और खेल को बढ़ावा देना है जिसके तहत जिले में उपरोक्त क्षेत्रों में बहुत सारे कार्य किये जा रहे हैं। कर्पूरी ठाकुर भवन, इंडोर स्टेडियम का कायाकल्प उसी परिधि में किये गए कार्यो का नतीजा है। उन्होंने कहा कि जिले में मौजूद असीमित कला और हुनर को एक मंच प्रदान कर उसे उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेषित करने के लिए प्रशासन प्रयासरत है और उन्हीं प्रयासों में से एक आज का शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन है। मौजूद सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य और देश का नाम रौशन करने की बात कही। स्विस लीग पद्धति के तहत आयोजित इस एक दिवसीय आमंत्रण ओपन शतरंज प्रतियोगिता में अंडर 11 एवं अंडर 15 वर्ग में कुल 48 प्रतिभागी शामिल हुए हैं तथा आज संध्या तक इस प्रतियोगिता के विजेता की घोषणा की जाएगी।इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज़ अंसारी, अभिभावक व अन्य उपस्थित थे।

# लाईफ लाईन एक्सप्रेस स्वास्थ्य शिविर का पंसस और राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि ने निरीक्षण किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** चंदवा 231 वॉ इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन लाईफ लाईन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चलाए जा रहे निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का शनिवार को पंचायत समिति सदस्य अयुब खान और राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने निरीक्षण किया। भ्रमण के क्रम में बंधन राम गांव ललमटिया गारू, बिगन राम ललमटिया, वंसराज सिंह बारेसाढ़ ने बताया कि हम लोग शुबह आठ बजे घर से नास्ता खाकर निकले हैं। दिन भर खाने के लिए कुछ भी नहीं मिला है,भुखा रह गया हुं। बृद्ध हुं भूखा नहीं रहा जाता है। यह स्वास्थ्य शिविर चार जून तक चलेगी। उन्होंने कहा कि जिले में कई कोल कंपनी, हिंडाल्को कंपनी, सीसीएल, हिंडाल्को की बॉक्साईड कंपनी कार्य कर प्रत्येक दिन लाखों की कमाई कर रही है, ये आमजन की तरक्की खुशहाली की बात करती है। इनके रहते सीएचसी में चल इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन लाईफ लाईन एक्सप्रेस स्वास्थ्य शिविर में आने वाले ग्रामीण इस भीषण गर्मी में भुखा रह जा रहे हैं।ग्रामीण शुबह घर से नास्ता कर निकलते हैं, शिविर में पहुंचने के बाद, टोकन लेते हैं, फिर टोकन आधार का रजिस्ट्रेशन कराते हैं, उसके बाद जांच में जाते हैं, इस पुरी प्रक्रिया में दो से तीन घंटे लग जाते हैं, इस भीषण गर्मी में ग्रामीण भूख से परेशान रहते हैं। लाईफ लाईन एक्सप्रेस स्वास्थ्य शिविर में जांच के लिए पहुंचे ग्रामीणों को भूख से बचाने के लिए उन्हें गुड़ चना की अति आवश्यकता है।पंसस व राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि ने उपायुक्त महोदय भोर सिंह यादव से लाईफ लाईन एक्सप्रेस स्वास्थ्य शिविर में जांच के लिए आए ग्रामीणों को गुड़ चना उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।निरीक्षण के क्रम में खुर्शीद खान, हाफिज शेर मोहम्मद व अन्य शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सदर विधायक ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र वासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीते शनिवार और रविवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर और वाराणसी जिले के धार्मिक दौरे पर रहें। विधायक मनीष जायसवाल ने अपनी धर्मपत्नी निशा जायसवाल, भाई प्रशांत जायसवाल उर्फ राजा, भाई की पत्नी ट्विंकल जायसवाल, बहन लुना जायसवाल और बहनोई विवेक जायसवाल के साथ यूपी के मिर्जापुर जिला स्थित विध्यांचल मंदिर और वाराणसी जिले के काशी विश्वनाथ धाम पहुंचकर पूरी विधि- विधान से पूजा-अर्चना किया एवं देवी-देवताओं से क्षेत्र और क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। विधायक मनीष जायसवाल ने अपने परिवार जनों के साथ विध्यांचल और काशी विश्वनाथ मंदिर के कॉरिडोर के कई मंदिरों का दर्शन भी किया और धार्मिक पर्यटन स्थलों का भी आनंद उठाया ।विधायक मनीष जायसवाल ने अपने धार्मिक दौरे के पश्चात बताया कि उत्तर प्रदेश धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है और उत्तम प्रदेश बन कर निखर रहा है ।

### उपायुक्त के निर्देश पर लगाए गए फाइबर गतिअवरोधक

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़,चेडरा पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी के अथक प्रयास एवं उनके विशेष आग्रह पर विष्णुगढ़ एन0एच-100 सात मील से लेकर करोंज मोड़ तक हज़ारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में दिनाँक 28 अप्रैल 2023 को निर्णयानुसार पथ निर्माण विभाग,बोकारो को उपरोक्त जगहों पर गतिअवरोधक की आवश्यकता को देखते हुए उचित कार्यवाई करते हुए दिए जाने की बात कही गई । जिस पर पथ निर्माण विभाग द्वारा संज्ञान लेते हुए सात मील से करोंज मोड़ तक पाँच जगहों पर रम्बल स्ट्रीप अर्थात फाइबर स्पीड ब्रेकर लगाई गई । इस पर जानकारी देते हुए पंसस मुन्नी देवी ने बताया कि 14 सितंबर 2022 को मैंने जिला परिवहन पदाधिकारी को अपने लेटर हेड पर लिखित रूप से इस समस्या की जानकारी दी,प्रक्रियात्मक कार्यवाही होने में करीब सात माह का वक्त लगा परन्तु संतोष इस बात का है,कि अब इस सड़क पर दुर्घटनाओं से किसी का घर नही उजड़ेगा, दुर्घटनाएं कम होंगी। उपायुक्त महोदया एवं अन्य पदाधिकारियों से आग्रह है,कि अभी-भी तीन जगहों पर गतिअवरोधक की आवश्यकता प्रमुखता से है,जिसमे बैंक ऑफ इंडिया के समीप,ब्लॉक जाने वाले दोमुहाने सड़क के पास,एवं हॉस्पिटल चौक में है ।जीवनरक्षक एवं जनोपयोगी कार्य के लिए उपायुक्त महोदया एवं सभी पदाधिकारियों को मेरी ओर से धन्यवाद ।

### भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल की कार्यसमिति बैठक 26 मई को



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल की कार्यसमिति बैठक 26 मई को ब्रहम ऋषि धर्मशाला में किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष शिव कुमार महतो की अध्यक्षता में एक बैठक किया गया बैठक की मुख्य बिंदु कार्यसमिति को लेकर किया गया बैठक में आगामी शुक्रवार 26 तारीख अस्थान ब्रह्मर्षि धर्मशाला बिजोलिया तालाब के निकट किया जाएगा बैठक में संचालन रामगढ़ कैंट के महामंत्री ऋषिकेश सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन कैंट मंडल के महामंत्री सूर्यवंश श्रीवास्तव ने किया । मंडल अध्यक्ष ने कहा प्रदेश के द्वारा जिला के निर्देशानुसार एक कूपन आवंटित कराया गया है जो अपने कार्यकर्ता के बीच एक कूपन राशि लेकर उन्हें प्रदान की जाएगी संगठन को मजबूत बनाने के लिए आगामी चुनाव जितने के लिए विशेष चर्चा करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव को देते हुए कार्यसमिति की बैठक में एक निर्णायक योजना बनाई जाएगी जिससे भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा मैं प्रचंड बहुमत हासिल कर केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारी से भारी मतों से विजय दिलाकर उन्हें। प्रधानमंत्री के रूप में देखने का संकल्प लिया जाएगा साथ ही हम सब रामगढ़ कैंट मंडल के पदाधिकारी उनके द्वारा लिया गया 2000/द्व नोट को वापस लेने का स्वागत करते हुए इस कार्य को सराहनीय कार्य बताया गया नोट वापसी से ब्लैक मार्केटिंग करने वाले को कमर टूटेगी और भारतीय अर्थव्यवस्था पर मजबूती प्रदान करेगी इसके लिए प्रधानमंत्री धन्यवाद के पात्र है उन्हें दिल की गहराइयों से धन्यवाद । साथ ही रामगढ़ के पुलिस प्रशासन के द्वारा हेलमेट के नाम पर वसूली की जा रही है इसका रामगढ़ भारतीय जनता पार्टी कैंट मंडल विरोध करती बैठक में रामगढ़ कैंट मंडल के पदाधिकारी गण उपाध्यक्ष सुशांत कुमार पांडे उपाध्यक्ष शीतल सिंह मंत्री अभिषेक चौधरी अजीत गुप्ता मिथिलेश कुमार मंडल मीडिया प्रभारी सुरेंद्र कुमार शर्मा रवि गुप्ता उपस्थित हुए।

# दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को हुए दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। पहली दुर्घटना रामगढ़-बोकारो मार्ग एनएच-23 पर छत्तरमांडू स्थित रामगढ़ कोर्ट के पास घटी। यहां एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए।दोनों को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में मेदांता अस्पताल में रेफर किया गया।

इलाज के दौरान पिता-पुत्र की मौत हो गई।मृतकों में रामगढ़ प्रखंड के कुंदरूकला गांव निवासी भीम महतो (55) और उसके बेटे प्रदीप कुमार मेहता (22) शामिल है। दोनों बाइक पर सवार होकर सब्जी बेचने सुबह करीब चार बजे रामगढ़ के सब्जी मार्केट आ रहे थे।

दूसरी घटना रांची-पटना मार्ग के चुटूपालू घाटी में हुई। रविवार की सुबह करीब पांच बजे चुटूपालु घाटी में हादसा हुआ।रांची की ओर से तेज रफ्तार से आ रही एक अनियंत्रित ट्रेलर ने पीछे से एक ट्रेलर को जोरदार टक्कर मार दिया। इससे ट्रेलर के परखच्चे उड़ गए। ट्रेलर के केबिन में बैठे चालक और खलासी बुरी तरह दबकर रह गये।घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर रामगढ़ थाना पुलिस पहुंची और एनएचएआइ की रेस्क्यू टीम को सूचना दी। तबतक पुलिस ने प्राइवेट हाइड्रा मंगा कर दोनों गाड़ियों के बीच दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर के केबिन में फंसे चालक और खलासी को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।हादसे में चालक की मौत हो गई। जबकि तमिलनाडू निवासी खलासी सुभाष कुमार को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में रिम्स रेफर कर दिया।

## आजप सदस्यों ने जमीन कब्जा के खिलाफ उठाई आवाज, प्रशासन को सौंपा पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** आदिवासी जन परिषद के अरगड्डा क्षेत्र समेत जिला रामगढ़ से रविवार को जमीन कब्जा के खिलाफ आंदोलन को लेकर कांके रांची गए। इस संबंध में आजप के केंद्रीय उपाध्यक्ष शत्रुधन बेदिया, आजप जिला रामगढ़ अध्यक्ष हीरालाल बेदिया एक साथ बताया कि आजप केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर रांची के कांके में अनुप उरांव के 28 डिसमिल जमीन पर अन्य लोगों के द्वारा कब्जा के खिलाफ आवाज उठा आंदोलन हुआ। जिसे लेकर प्रशासन के वरीय पुलिस अधीक्षक, डीएसपी व अन्य अधिकारियों को पत्र सौंपा गया। आंदोलन में आजप के महासचिव प्रकाश मुंडा, आजप के जिला युवा मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष प्रदीप करमाली, सुभाष राम करमाली, श्याम करमाली, सिकंदर मुंडा, अमित बेदिया, रामकिशोर मुंडा, आशीष मुंडा समेत कई शामिल थे।

## पर्यावरण मंच की राष्ट्रीय बैठक दार्जिलिंग में संपन्न





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** पर्यावरण मंच (बीएमएस) के राष्ट्रीय बैठक पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग कलिंगपोंग के मिशन वैली गेस्ट हाउस में रविवार से आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिरण्मय पांड्या ने किया। जबकि संचालन लक्ष्मण चंद्रा ने की। बैठक दो दिवसीय 21 से 22 मई 23 तक चलेगी। इसमें पर्यावरण मंच (बीएमएस) के संपूर्ण भारत से प्रांत संयोजक भाग ले रहे हैं। पहले दिन पर्यावरण मंच के झारखंड संयोजक प्रशांत बेलथरिया ने कार्यक्रम में बीएमएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिरण्मय पांड्या को गंगा नामक पुस्तिका भेंट देकर सम्मानित किया। इसे लेकर प्रशांत ने बताया कि पूरे देश के प्रांत संयोजक अपने- अपने क्षेत्रों व राज्य के पर्यावरण संबंधी व्यवस्था, हालातों के बारे में बैठक में बातें रखेंगे। जिसके बाद भविष्य में कैसे आगे बढ़ना हैं, इसके बारे में भी बताया जाएगा। मौके पर मंच के राष्ट्रीय संयोजक लक्ष्मण चंद्रा, क्षेत्रीय संगठन मंत्री गिरीश, इनामुल हक, अनिल उपाध्याय, शशांक कारडे, बंगाल के महामंत्री उज्जवल भट्टाचार्य जी, उत्तराखंड के संयोजक डीसी नौटियाल, दिल्ली के प्रदेश संयोजक बीएस भाटी, प्रदेश संयोजक हरियाणा जयदेव, झारखंड संयोजक प्रशांत बेलथरिया समेत कई मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## ग्रीष्मावकाश समर कैंप का आयोजन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड स्थित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बहनों के द्वारा ग्रीष्मावकाश समरकैम्प का सदुपयोग करते हुए शनिवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही की कक्षा अष्टम नवम एवम् दशम से चयनित कन्या भारती की बहनों ने क्रेज़ी वर्ल्ड वाटर पार्क का आनन्द प्राप्त किया। समर कैम्प का आयोजन भैया बहनों का शारीरिक मानसिक एवं नैतिक गुणों का विकास हेतु अति आवश्यक है।आज जहाँ बच्चे मोबाईल गेम और इंडोर गेम में अपनी क्षमताओं को संकुचित करते जा रहें हैं वहाँ समर कैम्प का आयोजन इनके व्यक्तित्व विकास के लिये उपयुक्त जान पड़ता है।उपरोक्त अवसर पर विध्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि बहनों को समाज में खुलकर जीने की चाहत का आगाज है बहनें भी खुली हवा में सांस ले सके इसलिए ऐसा कार्यक्रम आवश्यक है। इस पावन अवसर पर विध्यालय के सभी आचार्या एवम् आचार्य उपस्थित रहे।

## ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम में तालाब जिर्णोद्धार निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** हज़ारीबाग प्रखण्ड बरकट्ठा अंतर्गत पंचायत बेलकप्पी के धार्मिक स्थल सूर्यकुण्ड में जिला परिषद के 15वीं वित्त से तालाब जीर्णोद्धार का शिलान्यास जिप अध्यक्ष उमेश मेहता, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसका प्राक्कलित राशि 911900/- है। इस अवसर पर जिप अध्यक्ष ने कहा कि सूर्यकुण्ड में कई विकास कार्य आने वाला समय में होगा। जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि सूर्यकुण्ड को जिला परिषद के तरफ से सुंदरीकरण किया जाएगा। जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने कहा कि सूर्यकुण्ड के साथ साथ पुरे क्षेत्र में कई योजनाएं पास हुई है। सूर्यकुण्ड में रेगुलर पेयजल का समाधान जल्द शुरू होगी। आनेवाले समय में पुल, पुलिया,सड़क, जरूरतमंद को पेंशन, आवास, सभी विद्यालयों का चहारदीवारी हर हाल में करना है। इस शुभ अवसर पर समाजसेवी सी के पाण्डेय, समाजसेवी सुरेश कुमार पाण्डेय, राजू नायक, संतोष पाण्डेय, रिंकू माली, शेषनाथ सिंह, बीरेंद्र पाण्डेय, बासुदेव मोदी, संवेदक अशोक कुमार, आशीष पाण्डेय, सोनू कुमार, आशीष कुमार एवं ग्रामीण उपस्थित रहें।

## सीबीएसई के टॉपर बच्चो को किया गया सम्मानित





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ के एक निजी होटल के सभागार में विश्व ब्राह्मण संघ एवं विप्र फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार शर्मा व झारखंड प्रदेश मुख्य महासचिव सह सदस्यता प्रभारी विश्व ब्राह्मण संघ व विप्र फाउंडेशन झारखंड प्रदेश महासचिव व सुबोध पांडेय, रामगढ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष, एवं विशिष्ठ अतिथि नवीन पाठक एवं नन्दू शर्मा ने सयुंक्त रूप से दिप प्रज्वलित किये, सर्व प्रथम दिप प्रज्वलित कर आचार्यो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।तथा सभी अतिथीयो को पुष्प गुच्छ तथा अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किए गए। तत्पश्चात झारखंड सकेनड टॉपर डी ए वी बरकाकाना के झारखंड टॉपर सचिन कान्त झा को प्रशस्ति-पत्र एवं कप देकर सम्मानित किए गए तथा रामगढ जिला के स्कूल टॉपर 10 बच्चो को सम्मानित किए गए, श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल रामगढ के आदर्श पाठक, 93,6 % सोनल कुमारी 93,2% सक्षम दुबे 92,2 % अलिशा मिश्रा 91त्न तनिषा शर्मा 92,4% है श्री कृष्णा विद्या मंदिर स्कूल से आकांक्षा पाठक 95% ईशिका कुमारी 90 % डी ए वी रजरपा से 12 वी की भव्यया ओझा गोला 94% 10 वा की दिव्या ओझा 92,4% ला कर परचम लहराये ।बच्चो ने परचम लहराया श्री कृष्णा विद्या मंदिर के तीन बच्चो ने परचम लहराया तथा डी ए वी रजपपा के दो बच्चो ने परचम लहराये ये सभी बच्चे ब्राह्मण समाज रामगढ,झारखंड के ही है, यह हम सबो के लिए गौरव कि बात है, मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार शर्मा व सुबोध पांडेय ने सयुंक्त रूप से सभी टॉपर बच्चो को उज्वल भविष्य कि कामना करते है। कार्यक्रम कि अध्यछता श्याम शर्मा ने कि एवं संचालन महेश मिश्रा व संदीप शर्मा व ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन पं राजीव ठाकुर व दिपक तिवारी ने सयुंक्त रूप से किया । मुख्य रूप गोकुल शर्मा,विजय ओझा एस के मिश्रा, किशोर शर्मा,आदित्य नाथ पाठक, राकेश मिश्रा , उपेन्द्र ओझा, मुना मिश्रा, विजय प्रताप ओझा,ममता ओझा कान्ता पाठक, पुष्पा शर्मा इत्यादी अनेकानेक लोग मौजूद थे।

## वेतन समझौता पूर्ण होने से देश के तीन लाख कोयला मजदूरों में हर्ष का माहौल : सीटू



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सी आई टी यू, हजारीबाग के जिला उपाध्यक्ष गणेश कुमार सीटू ने बताया की जेबीसीसीआई 11 की बैठक में यूनियन और प्रबंधन के बीच वेतन वृद्धि एवं भत्ता वृद्धि पर सहमति बन गई है और समझौता पर हस्ताक्षर भी हो गया है. नया वेतन 1 जुलाई 2023 से सभी कामगारों को मिलना आरंभ हो जाएगा और एरियर का पैसा 3 महीने के अंदर भुगतान किया जाएगा. सनद रहे कि यह वेतन समझौता 1 जुलाई 2022 से लागू माना जाएगा. 3 जनवरी 2023 को मिनिमम गारंटी बेनिफिट 19त्न देने का मौखिक फैसला हुआ था लेकिन भत्तों पर किसी तरह का फैसला नहीं हुआ था. इस बैठक में सभी फैसले हो कर के लिखित समझौता भी हो गया है. इस फैसले से एक कामगार को कम से कम 9000 और अधिक से अधिक 32000 प्रति माह का लाभ होगा. सभी अलाउंस में 25त्न की वृद्धि कर दी जाएगी, लीव 120 की जगह 150 दिन तक जोड़ी जा सकेगी, पैटरनिटी लीव 5 दिन के लिए सहमति हूंई जो दो बच्चों के पिता पर ही लागू होगी, स्पेशल सिक लीव जो विभिन्न बीमारियों पर मिलती है उसमें कंप्लीट ब्लाइंडनेस और लिवर सिरोसिस बीमारी को भी जोड़ा गया, स्टडी लीव अवैतनिक मंजूर की गई और आई एम एम में जिन बच्चों का सिलेक्शन होगा उन्हें स्टडी लीव दी जाएगी, पेड़ हॉलिडे 8 के बजाय 9 होंगे और नवां पेड हॉलिडे अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल को होगा. अब पांच पेड हॉलिडे स्थिर रहेंगे,एल एल टीसी 12000 की जगह 15000 और एल टी सी 8000 की जगह 10,000 किया गया, मॉनिटरी कंपनसेशन में डिपेंडेंट की परिभाषा को पुनर्विचार करने के लिए उसमें संशोधन करने के लिए स्टैंडराईजेशन कमेटी में रेफर किया गया और ऑर्फन चाइल्ड में जो सबसे बड़ा बच्चा होगा उसे 18 साल तक माता का 50 परसेंट मॉनिटरी बेनिफिट मिलेगा, डिपेंडेंट एंप्लॉयमेंट का सवाल स्टेंडराईजेशन कमेटी में बातचीत कर हल किया जायेगा, 12 साल से ऊपर फीमेल डिपेंडेंट को आश्रित नौकरी के लिए लाईव रोस्टर में रखा जाएगा, कोर्ट के द्वारा सिविल डेथ डिक्लेअर होने के बाद डिपेंडेंट को नौकरी देने की बात भी स्टैंड राईजेशन कमेटी में तय होगी, लाइफ कवर स्कीम जो 125000 थी उसमें 25त्न की वृद्धि की गई, कांट्रेक्टर वर्कर को लाइव कवर स्कीम के तहत् एक्स ग्रेशिया के भुगतान में वृद्धि ,मंत्री जी से बातचीत के बाद तय होगी, इसके अलावा अंडर ग्राउंड अलाउंस स्पेशल एलाउंस और हाउस रेंट अलाउंस जो दसवें वेज बोर्ड में फीज थे वह अब फरीज़ रहेंगे या नहीं रहेंगे इसके ऊपर डिस्कशन को अभी पूर्ण नहीं किया जा सका है. इस पर अगली बैठक में फैसला लिया जाएगा. इस बैठक में सीटू की ओर से डीडी रामानंदन, अरूप चटर्जी, सुजीत भट्टाचार्य, एटक की ओर से रविंद्र कुमार, लखन लाल महतो, बीएमएस की ओर से लक्ष्मण रेड्डी, सुरेंद्र कुमार पांडे, इंटर की ओर से विधायक जय मंगल सिंह, एस क्यू जामा, एच एमएस के नाथूलाल पांडे, सिद्धार्थ गौतम ने भाग. यह बैठक कोलकाता में संपन्न हुई इस बैठक में सभी अनुषंगी कंपनियों के सीएमडी और कोल इंडिया के चेयरमैन भी मौजूद थे. सनद रहे कि कोल इंडिया के चेयरमैन 30 जून 2023 को सेवानिवृत्त हो रहें हैं.

## विजैया पंचायत में यज्ञ के अवसर पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का किया गया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के विजैया में यज्ञ कार्यक्रम के समाप्ति के शुभ अवसर पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन डीएसपी चंद्रशेखर आजाद बरही पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद कयूम उप प्रमुख देव लाल कुशवाहा पूर्व मुखिया दशरथ यादव आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। मां शारदे म्यूजिकल ग्रुप मतवारी हजारीबाग के द्वारा कार्यक्रम किया गया गायक कार बाबा पीयूष पांडे के द्वारा एक से एक बढ़कर भजन सुनाया गया जिस में उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालु रात भर झूमते नजर आए मौके पर उपस्थित मोहम्मद कयूम ने कहा कि आगे से क्षेत्र में अमन चैन स्थापित होती है। एवं वातावरण शुद्ध होता है। लोगों में सद्भावना जगती है, यज्ञ करना मानव जीवन के लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है। मौके पर डीएसपी चंद्रशेखर आजाद, उपप्रमुख देव लाल कुशवाहा, महेश दास, सुरेश कुशवाहा, लोकेश कुमार, रवि प्रसाद,सुनील प्रसाद, रविंद्र कुमार, शशि प्रसाद,सुनील कुमार, चंद्रिका प्रसाद,द्वारका प्रसाद, मेघवाल प्रसाद,बैजनाथ यादव, एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कलश यात्रा में सैकड़ों महिला हुई शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** ग्राम गोविंदपुर, हेदलाग के रहने वाले स्वर्गीय भुखानी साव समाजसेवी रामकिशोर सावंत के दादा ने सूर्य मंदिर के निर्माण के लिए सपना देखा था ।जमीन दान में दी थी जिनका सपना ग्रामीणों ने पूरा किया है ,एवं भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण हेदलाग के मानकि साव के द्वारा लोगों के सहयोग से सूर्य मंदिर का निर्माण किया गया ।

मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की ग्रामीणों के सहयोग से शुरु की गई है। 21 मई से 29 मई तक प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ होगा एवं सूर्य मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा । ग्रामीणों में महायज्ञ को लेकर उत्साह देखी जा रही है ।सूर्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की शुरुआत में सैकड़ों महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग ली । कलश यात्रा सूर्य मंदिर गोविंदपुर, हेदलाग से शुरू हुई एवं छड़वा डैम से कलश में जल भरकर कलश यात्रा कंचनपुर होते हुए यज्ञ स्थल सूर्य मंदिर पहुंची।

इस कलशयात्रा मे प्रधान पुजारी मानकि साव, ठाकुर साव ,रतन साव ,जतन साव, समाज सेवी राम किशोर सावंत,, जिप सदस्य मंजू नंदनी ,कटकमदाग प्रमुख कुमारी बिनीता, पूर्व मुखिया अशोक राणा ,उदय साव ,मंजू मिश्रा , तेजस्वी सावंत, कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर यादव ,प्रो.सोमर साहु ,सुमन, आचार्य सहदेव पाण्डेय ,शत्रुघन पाण्डेय, उपेंद्र पाण्डेय सुनील पाण्डेय छोटी पाण्डेय, प्रदीप पाण्डेय, जीवलाल साव ,सुगन राणा, अंकज ठाकुर सैकड़ों गणमान्य लोग एवं ग्रामीण कलश यात्रा में शामिल थे ।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# झारखंड सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का किया गया प्रचार प्रसार

## विभिन्न प्रखंड के पंचायतों में नुक्कड़ नाटक का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार धनबाद जिला में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि जन जन तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचा कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित किया जा सके। इसी क्रम में धनबाद जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के तहत नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति विभाग में सूचीबद्ध



संस्था के कलाकारों द्वारा दी गई।नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजना जैसे सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना,सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना समेत कई योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया।इस दौरान लोगो को पेट्रोल सब्सिडी योजना के बारे में जानकारी दी गई कि योजना के जरिये राशन कार्ड से आच्छादित लाभुकों को अपने दो-पहिया वाहन के लिए प्रति माह अधिकतम 10 लीटर पेट्रोल के लिए प्रति लीटर 25 रूपये की सब्सिडी यानि 250 रूपये प्रतिमाह उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जायेगी।वहीं सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के बारे में लोगों को जानकारी दी गई कि सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत लाभुकों को साल में दो बार 10 रुपये में धोती/लूंगी एवं साड़ी दी जा रही है।

# जहां होगी पेयजल की समस्या वहां टैंकर से की जाएगी जलापूर्ति : उप विकास आयुक्त




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** भीषण गर्मी के दौरान जिले के किसी भी पंचायत से पानी की समस्या की सूचना मिलने पर उसका त्वरित समाधान किया जाएगा। इस आशय का निर्देश उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि किसी भी प्रखंड के किसी भी पंचायत में चापाकल, कुंआ या भू-जलस्तर गिरने के कारण पानी की समस्या उत्पन्न होने की सूचना प्राप्त होगी, वहां जिला परिषद की आंतरिक निधि से व्यय करके टैंकर से लोगों को सुचारू रूप से पानी देने की व्यवस्था की जाएगी। इस संबंध में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है। इसी कड़ी में आज निरसा प्रखंड के 2 पंचायत में टैंकर द्वारा लोगों को पानी मुहैया कराया गया। इससे लगभग 200 से अधिक लोग लाभान्वित हुए।

# धर्मा बांध में श्रमदान व आर्थिक सहयोग से सरकारी तालाब का हो रहा जीर्णोद्धार

## सरकार और जनप्रतिनिधि की चुप्पी रहस्यमय बनी हुई है

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मधुबन :** मधुबन थाना के धर्माबांध स्थित सरकारी बड़ा तालाब अफसरशाही एवं जन प्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण सिमट कर रह गया। कभी यह बड़ा तालाब 20 एकड़ में फैला था जो साफ सफाई के अभाव में अब सिमट कर 5 एकड़ में रह गए। भीषण जलसंकट के बाद ग्रामीण तालाब जीर्णोद्धार का बीढ़ा उठाया। ग्रामीण अपने स्तर से श्रमदान एवं आर्थिक सहयोग से तालाब की मिट्टी कटाई शुरू की है?। ग्रामीणों की माने तो सभी संबंधित प्लेटफॉर्म में गुहार लगाने के बावजूद कोई पहल नही होने के बाद वे लोग खुद तालाब की दशा सुधारने को आगे आया। बताया जाता हैं की इस



सिमटी तालाब में घास, पत्ता, जलकुंभी ने अपने कब्जे में ले लिया है। तालाब की दुर्दशा के कारण ग्रामीण इसके पानी का उपयोग नही कर पा रहे है। कभी इस तालाब का पानी घर घर मे खाना बनाने के लिए प्रयोग आता था। साथ ही समय समय पर इस पानी को लोग पीते भी थे। अब यह पूरी तरह प्रदूषित हो चुकी है। तालाब की बदतर स्थिति हो जाने से 20 हजार की आबादी प्रभावित हो गई। इस तालाब का उपयोग कई स्तर में किया जाता हैं।

# दहेज हत्या के गुनहगारों को मिले फांसी की सजा : प्रणव वर्मा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा गांडेय प्रखंड के ताराटांड़ निवासी कुलदीप वर्मा के आवास पर पहुंचे। ज्ञात है कि विगत कुछ दिनों पहले 11 मई को कुलदीप वर्मा की पुत्री प्रीति कुमारी जिसका विवाह धनबाद जिले के निरसा प्रखंड स्थित बेलकूपा ग्राम निवासी पप्पू महतो पिता सुरेंद्र चंद्र महतो से संपन्न हुई की लाश ससुराल में ही फांसी के फंदे में झूलती हुई मिली थी। मृतिका प्रीति कुमारी के गले में दो निशान थे जिसे देखकर दहेज हत्या की प्रबल आशंका इनकार नहीं किया जा सकता। प्रीति कुमारी के पिता कुलदीप वर्मा ने दहेज हत्या का मुकदमा उसके पति पप्पू महतो वह उसके परिजनों पर किया। उन्होंने यह भी बताया कि



उनकी बेटी के ससुराल वाले बराबर उनसे 2 लाख की मांग करते आए थे जिसके कारण उनकी बेटी के साथ बराबर मारपीट और अन्य प्रकार से प्रताड़ना की जाती रही है। प्रणव वर्मा ने शोक संतृप्त परिजनों को सांत्वना दिया एवं अश्वासन दिया कि प्रीति कुमारी के हत्यारों को नहीं बख्शा जाएगा हर हाल में उन्हें फांसी वह उम्र कैद दिलाई जाएगी। वर्मा ने कहा कि समाज में दहेज लोभियों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है जिस कारण से दहेज हत्या नारी उत्पीड़न घरेलू हिंसा भी बढ़ रही है। एक सभ्य समाज में दहेज नारी उत्पीड़न घरेलू हिंसा दहेज हत्या का कोई जगह नहीं है इसे जितनी भी जल्दी हो सके खत्म कर देना चाहिए।

# पंचायत सचिव पद पर नियुक्ति के लिए अनुशंसित अभ्यर्थियों के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की हुई जांच



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** पंचायत राज पदाधिकारी कार्यालय में आज पंचायत सचिव पद पर नियुक्ति के लिए जिले के लिए अनुशंसित कुल 79 अभ्यर्थियों का शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों की जांच की गई। वहीं 10 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस संबंध में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री कमलाकांत गुप्ता ने बताया कि उप निदेशक, पंचायती राज विभाग झारखण्ड, रांची के निर्देशानुसार पंचायत सचिव पद पर नियुक्ति हेतु धनबाद जिले के लिए अनुशंसित अभ्यर्थियों के शैक्षणिक एवं अन्य मूल प्रमाण पत्रों की जांच 22 मई 2023 के पूर्व किया जाना है। अनुशंसित अभ्यर्थियों को 24 मई 2023 को रांची में माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रमाण पत्रों की जांच के लिए कुल 5 जांच दल का गठन किया गया था। अनुशंसित अभ्यर्थियों ने संबंधित जांच दल के समक्ष उपस्थित होकर अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन कराया। प्रमाण पत्रों के जांच के दौरान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री कमलाकांत गुप्ता, कार्यपालक दंडाधिकारी श्री अंशु कुमार पाण्डेय सहित जांच दल के लिए प्रतिनियुक्त कर्मी मौजूद थे।

# केंदुआ में मार्क्सवादी नारी मोर्चा का सम्मेलन संपन्न




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** छाताटांड़ अंचल में रविवार को मार्क्सवादी नारी मोर्चा (मासस) का एक सम्मेलन किया गया जिसकी अध्यक्षता नारी मोर्चा के महानगर अध्यक्ष कॉ. शुक्ला दास एवं सचिव कॉ. ललिता देवी ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए शुक्ला दास ने कहा कि आज की ग्लोबल दुनिया महिला सशक्तिकरण के बिना अधूरी है इसीलिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने दिनांक 8 मार्च को प्रत्येक वर्ष महिला दिवस के रूप में पूरी दुनिया में मनाने का आह्वान किया है। आगे उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपना अधिकार पाने के लिए नारी मोर्चा को मजबूत करना चाहिए क्योंकि संगठन ही शक्ति है। मासस के केंद्रीय सचिव कॉ. हरिप्रसाद पप्पू एवं धनबाद जिला अध्यक्ष कॉ. बिंदा पासवान ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन की लड़ाई में नारियों की हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मौजूदा सरकार नारी सशक्तिकरण के नाम पर खाली कागजी खानापूर्ति कर रही है। हर नारी को एकताबद होकर अपने हक अधिकार के लिए खड़ा होना है। सम्मेलन को संबोधित करने वालों में सुभाष चटर्जी, सुभाष सिंह, पार्वती चक्रवर्ती, विजय कुमार पासवान, राणा चट्टराज, नरेश पासवान, रमेश राय, पुष्पा देवी, उर्मिला देवी, बबली देवी, उषा देवी, मंजू देवी, गौरी देवी, सिया देवी आदि थी।

# कतरास में कांग्रेसियों ने मनाई राजीव गांधी की पुण्य तिथि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बाघमारा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत कतरास स्थित ओपी लाल सदन (कांग्रेस कार्यालय) में जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष अशोक प्रकाश लाल के अगुवाई में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई.जिसमे दर्जनों कांग्रेस, एनएसयूआई,इंटक और राकोमयु के सदस्यों ने भाग लिया.सभी ने स्व.गांधी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपने नेता को याद किया। इस दौरान लाल ने कहा कि आज के परिवेश में राजीव गांधी के विचारो को अमल करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। गांधी की ही देन है कि हमारा देश कंप्यूटर सम्पन्न देश बना, पंचायती राज और युवाओं को 18 वर्ष में मतदान का हक दिलाया. सभा में राम चंदर पासवान, पुसवा धोबी, रामबचन पासवान, मो शौकत खान, मो प्रिंस, पिंटू यादव, असगर अली, दिनेश जेठवा, नईम अंसारी, वीरेंद्र पासवान ,प्रिंस गुप्ता,आकाश प्रमाणिक, राहुल रजक, सिंकु खान, साहिल अली, मो. धन्नू, जैनुल आबेदीन, योगेंद्र रजक, बिनोद प्रसाद, पवन यादव, डीसी यादव, दीपू यादव आदि थे।

# सड़क निर्माण के लिए दान कर दी अपनी जमीन

## सर्वसम्मति से इस पथ का नाम कुशवाहा पथ दिया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड के नवडीहा ओपी अंतर्गत सियाटांड़ पंचायत के बेकोबाद व बरमसिया गाँव के लिए मुख्य सड़क को जोड़ने वाली मार्ग नहीं थी । जिसको लेकर गोल्हैया गाँव के स्व उदित नारायण महतो, नागेश्वर महतो ,हेमलाल महतो, गुरुदयाल महतो ,बैजनाथ महतो एवं रूपलाल महतो के संयुक्त रूप से विगत कुछ वर्ष पूर्व बेकोबाद व बरमसिया गाँव के लिए पथ निर्माण हेतु अपना जमीन दान दिया था। जिसका आज रविवार को स्वर्गीय प्राण महतो व स्वर्गीय करू महतो के पुण्य स्मृति में कुशवाहा पथ निर्माण हेतु दान किए गए मार्ग पर बोर्ड लगाया गया । उक्त मार्ग का नाम कुशवाहा पथ के रूप में चिन्हित किया गया । जिसको लेकर बेकोबाद व बरमसिया दोनों गांव के लोगों ने संयुक्त रूप से जमीन दाता को माला पहनाकर बधाई दिया। वहीं पथ दान



देता कर्ता ने कहा यह रोड राज्यपाल को समर्पित है इसके साथ इस रोड पर अवैध कब्जा गैर कानूनी है। हेमलाल महतो ने कहा जिंदगी की पहलू में सभी का जीवन - मरण लगा रहता है इसके साथ संसार में वही बचता है जो सर्विस दान किया होता है इसके साथ कहा दोनों गांव की रोड नहीं थी हम लोग विषम परिस्थिति में दोनों गांव के लिए रोड दान किए थे आज इस रोड से हजारों लोगों की आवाजाही होगी। मोके पर अजीत कुमार वर्मा ने कहा हमारे दादा स्वर्गीय डॉ उदित नारायण महतो समाज के प्रति हमेशा समर्पित रहते थे आज युक्त रोड का नामक करण करते हुए हम लोगों को गर्व हो रहा है।मौके पर किशोर प्रसाद वर्मा , योगेंद्र वर्मा, जयदेव वर्मा, सूरज देव वर्मा, पवन कुमार वर्मा, बुद्धदेव वर्मा, फुल देव प्रसाद वर्मा, कमलेश वर्मा उप मुखिया (सियाटांड़) सुरेश वर्मा , खेदन महतो , भातु मिया , केसमा मिया, रामदेव महतो , बजरंगी कुमार , कुलदीप वर्मा, मनोज वर्मा , कामदेव प्रसाद , रवि वर्मा, प्रभू राणा आदि इत्यादि कई सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

# मृतक के परिजनों व घायलों से मिले संतोष सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने भूली,ए-ब्लॉक, बाल्मिकीनगर पहुंचकर सेफ्टी टैंक में सफाई करने के क्रम में मृतक के परिजनों एवं घायल से मिलकर उन्हें आर्थिक मदद किया एवं परिजनों को सांत्वना दी। मौके पर श्री सिंह ने कहा कि गत दिन सेफ्टी टैंक में सफाई करने के क्रम में सफाई कर्मी बबलू वाल्मीकि की घटना पर मृत्यु हो गई एवं निर्मल बाल्मीकि समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए। आज मृतक सफाई कर्मी एवं घायल सफाई कर्मी के परिजनों से मिलकर उन्हें आर्थिक मदद कर अपनी संवेदना जताया। आगे श्री सिंह ने कहा कि इस तरह की घटना प्रबंधन की लचरता और लापरवाही के कारण घट रही है। बीसीसीएल प्रबंधन एवं सीएमडी से अविलंब वार्ता कर मृतक के परिजनों एवं घायलों को मुआवजा के रूप में आर्थिक सहयोग कराने का आश्वासन दिया।

# राजीव गांधी प्रतिभा के धनी थे और युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे : सतपाल सिंह




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बाघमारा :** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में स्व राजीव गांधी की 32 वीं पुण्यतिथि तिथि सदभावाना दिवस के रूप में मनाई गई ,पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई एवं संगोष्ठी आयोजित की गई । संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए उपाध्यक्ष योगिंदर सिंह योगी ने कहा एकता एवं अखंडता के लिए बलिदान देने वाले हमारे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता थे उन्होंने दूरसंचार क्रांति की शुरुआत की 5 साल के शासनकाल में देश को सशक्तिकरण की दिशा में विश्व पटल पर पहुंचाने का काम किया उपाध्यक्ष नवनीत नीरज ने कहा कि राष्ट्र कि प्रगति के वे सूत्रधार एक दूरदर्शी एवं प्रतिभावान व्यक्तित्व के धनी थे संचालन उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका? करते हुए कहा स्वर्गीय राजीव गांधी प्रतिभा के धनी थे उनमें सादगी और दढ़ाता और आदर्श का समावेश था युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे ।

# श्रम अधीक्षक ने स्टेशन रोड के होटल व ढाबा का किया निरीक्षण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार ने श्रम कार्यालय के सहायक उत्तम कुमार मंडल एवं अन्य दो कर्मचारी के साथ रेलवे स्टेशन रोड एवं रेलवे मार्केट कम्पलेक्स का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाल एवं किशोर श्रम (निषेध एवं विनियम) अधिनियम 1986 तथा अन्य अधिनियमों के अन्तर्गत कुल 7 होटल एवं ढाबों का निरीक्षण किया। श्रम अधीक्षक ने बताया कि निरीक्षण के क्रम में कोई भी बाल श्रमिक नियोजित नहीं पाया गया। कुछ प्रतिष्ठानों में न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के अन्तर्गत उल्लंघन पाया गया। इसके निराकरण के लिए उन्होंने संबंधित कर्मचारी को नियमानुसार नोटिस निर्गत करने का निदेश दिया है। साथ ही सेक्शन 卐12 एफ卐 के तहत सभी प्रतिष्ठानों में बाल श्रमिक नियोजित नहीं करने से संबंधित पोस्टर (इश्तेहार) चिपका दिया गया है।

# विधायक राज सिन्हा ने 60-40 नाय चलतो नियोजन नीति को दिया समर्थन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के सभी छात्र आज अहले सुबह समर्थन की उम्मीद लिए धनबाद विधायक के आवास पहुंचे। विधायक स्वयं छात्रों के बीच में आकर वार्ता करने के उपरांत 60-40 का टीशर्ट पहनकर अपना समर्थन भी दिया। श्री सिन्हा द्वारा 卐60-40 नाय चलतो卐 अभियान का लिखित समर्थन छात्र नेता कुश कुमार महतो के नेतृत्व में सैकड़ों छात्रों की उपस्थिति में प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान नियोजन नीति को वापस कर राज्य में खतियान आधारित संविधानिक नियोजन नीति ही लागू करनी चाहिए। धनबाद विधायक से समर्थन प्राप्ति के दौरान छात्र गुड्डी कुमारी, अखलेश महतो, मिटू महतो, कृष्णा, तापस , मानिक, सुशील, प्रदीप, चंद्रमोहन, दिनेश सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी आधुनिक भारत के महानायक थे : ब्रजेन्द्र

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने आधुनिक भारत के निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री, भारतरत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी जी आधुनिक भारत के महानायक थे। हम सभी को उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने का संकल्प लेने की दरकार है। आगे झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माता, सूचना क्रांति व पंचायतीराज के जनक, देश की सबसे युवा पूर्व प्रधानमंत्री, भारतरत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने अपने व्यक्तित्व व कृतित्व से देश को एक मजबूत दिशा दी थी। साथ ही देश को दुनिया की उच्च तकनीकी से पूर्ण करने के साथ भारत की एकता को बनाए रखने व 21वीं सदी के भारत के निर्माण का उनका लक्ष्य था।

# दहेज मुक्त विवाह कर समाज में कायम की मिशाल

**धनवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनवार प्रखंड के राजोडीह( नवागढ़ चट्टी) निवासी जागेश्वर साहू ने अपने पुत्र रविशंकर कुमार का दहेज़ मुक्त विवाह कर समाज में मिशाल कायम की है। कन्या बिरनी प्रखंड के जितकुंडी निवासी सुरेंद्र साव की पुत्री रौशनी कुमारी है। यह दोनों परिवार दहेज़ मुक्त झारखण्ड सेवा संघ से जुड़ा हुवा था और दोनों परिवार ने वचन लिया था की जब भी हम अपने बच्चो का विवाह जब भी करूँगा दहेज़ मुक्त ही कराऊंगा। वही इन दोनों परिवार ने दहेज मुक्त विवाह करके एक ऐतिहासिक कार्य किया है साथ ही समाज को आईना दिखाने का काम किया। इस दोनों परिवार के इस सराहनीय कार्य पर दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ की ओर से सम्मानित पत्र देते हुवे हार्दिक बधाई शुभकामना दिया और वर वधु के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र प्रसाद वर्मा, संगठन मंत्री राजेश वर्मा , पंचायत अध्यक्ष भीम लाल साहू , बबीता देवी, ललिता देवी सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# भीषण गर्मी को लेकर पेयजल की व्यवस्था की गई

## मिट्टी का घड़ा के ठंडे पानी से बुझेगी राहगीरों की प्यास

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान एवं ऑल इंडिया उलमा बोर्ड झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष हाजी ज़मीर आरिफ के द्वारा इस भीषण गर्मी के मद्देनज़र कई स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था की गई। राहगीरों की सुविधा के लिये चौक चौराहों पर शीतल पेयजल हेतु मिट्टी का घड़ा और ग्लास रखे गये जिससे लोगों को ठंडा पानी उप्लब्ध हो



और उनकी प्यास बुझ सके। इस नेक कार्य की लोगों ने काफी सराहना की और आयोजन कर्ताओं को अपना आशीर्वाद दिया। वहीं मुख्तार खान ने लोगों से अपील करते हुए कहा की आज हमने कई स्थानों पर इंसानों के लिये पानी की व्यवस्था की है किन्तु इसके एलावा हमें अपने घरों के बाहर और छत के उपर भी पानी की व्यवस्था करने की आवश्यक्ता है ताकि इस गर्मी मे पशु पक्षियों की भी प्यास बुझाई जा सके।

# झारखंड आंदोलनकारी व पूर्व विधायक की 14वीं पुण्यतिथि मनी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड आंदोलनकारी एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की 14वीं पुण्यतिथि हीरापुर स्थित एक होटल के सभागार में मनायी गयी। जिसकी अध्यक्षता डीएसएस युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। मौके पर डीएसएस जिलाध्यक्ष राधेश्याम तिवारी, केंद्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा विशाल वाल्मीकि प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्गा सोरेन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। तत्पश्चात उनके सम्मान में दो मिनट का मौन धारण किया गया। मौके पर सबों ने एक स्वर में कहा कि दुर्गा सोरेन के विचारों पर चल कर नव झारखंड का निर्माण कर जनता की आवाज बनेंगे। संगठन को मजबूत करते हुए जन-जन की समस्या को दूर करने का काम करेंगे।इस दौरान उपस्थित लोगों दुर्गा सोरेन अमर रहें की नारा भी लगाया और उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाने का शपथ भी लिया। इस मौके पर जरूरतमंदों के बीच भोजन भी वितरित किया गया। कार्यक्रम मे डीएसएस युवा मोर्चा जिला सचिव महबूब अनवर, शोएब खान, मुकेश गुप्ता, राजकुमार बाल्मीकि, वरुण चौबे, पंकज ठाकुर, प्रेम कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महागठबंधन सरकार की सरकार जनहित कार्यों को लेकर संवेदनशील : डा. मंजू

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड में महागठबंधन की सरकार अपनी चुनावी धोषणा पूरा करने पर पूर्ण विश्वास रखती है .उक्त बातें शनिवार को कांग्रेस प्रदेश महासचिव सह जमुआ विधानसभा नेत्री डॉ मंजू कुमारी ने श्यामसिंहनवाडीह में जनसम्पर्क अभियान के दौरान पत्रकारो से बातचीत के दौरान कहा साथ ही कहा कि झारखंड में लोकप्रिय एवं महागठबंधन की मुखीया हेमंत सोरेन एक बार फिर राज्य में 3469 माध्यमिक शिक्षक की नियुक्ति पत्र बांट कर यह बात सावित कर दिया कि हम वादे के पके है .सरकार और जल्द शिक्षक की नियुक्ति देने के सभी तरह की परिक्रिया पूरा कर ली है .कहा कि सीएम ने जनहित से जुड़ी कई महत्वाकांक्षी योजनाओं से जनता को जोड़ी है.आज झारखंड में महिलाओं को आत्मनिर्भर करने के लिए झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी बैनर तले कार्य करने वाली 9.7 लाख सखी मंडल सदस्यों को जोड़कर समूह की दीदियों के साथ लाखों परिवार के विकास में हेमंत सोरेन सरकार ने अपने पक्के ईरादे को जनता के समक्ष प्रस्तुत किया है .कहा कि स्वास्थ्य विभाग को मजबूती करने के लिए कई तरह योजना चला रही है. कहा कि आज झारखंड में विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है प्रदेश की लोकप्रिय सीएम को बदनाम करने के लिए भाजपा के लोग ईडी के दरबाजे पर जाकर फरियाद कर रही है .उन्होंने ने कहा कि हीरोडीह एवं नवडीहा द्वारपहरी को प्रखंड़ बनाने की मांग सीएम से कर चुके है. जब राज्य में नये प्रखंड़ बनाने की दिशा में पहल करेगी तो जिले के तीनों प्रस्तावित प्रखंड़ की दर्जा देने की आश्वासन दिया है।

# 9 वर्षों के सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुचायें कार्यकर्ता : अर्जुन मुंडा

➲नियोजन नीति को स्पष्ट करें राज्य सरकार, 60-40 से भ्रम की स्थिति : अर्जुन मुंडा
➲पार्टी संगठन की आत्मा मंडल शक्तिकेन्द्र और बूथों में बस्ती है, करें मजबूत : गणेश मिश्र




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक जिला कार्यालय में हुई। बैठक की शुरुआत अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई, साथ ही अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा वंदे मातरम गान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने स्वागत भाषण करते हुए कहा की सभी कार्यकर्ताओं को कमर कस कर चुनाव की तैयारी में लग जानी है प्रदेश द्वारा दिए गए दिशा निर्देश एवं आज हमारे अतिथियों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के अनुरूप हम सभी कार्यकर्ताओं को बूथों पर कार्य करनी है।जिला संगठन प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को वित लेते हुए अपना सुझाव दिए एवं बूथ कमिटी के निर्माण हो जाने पर बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं महा जनसंपर्क अभियान के जिला संयोजक गणेश मिश्र ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कि केंद्र में सरकार आज कार्यकर्ताओं एवं संगठन की बदौलत है पार्टी और संगठन की आत्मा मंडल शक्ति केंद्र और बूथों में बसती है मंडल में जो भी बैठक होती है उस बैठक में मंडल में निवास करने वाले प्रदेश के पदाधिकारी जिला पदाधिकारी सभी आवश्यक रूप से शामिल हो भारतीय जनता पार्टी सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी रूप से कार्य करती है आज नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रकाश चल रही है और भारत देश को वैभव पटल में पहुंचाने का कार्य कर रही है, भारतीय जनता पार्टी किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा की भाजपा के 9 वर्षों के शासनकाल में जो विकास कार्य हुए हैं उसे कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कार्यकर्ता करें । सरकार के नीतिगत फैसलों से लगातार देश में परिवर्तन आ रहा है इस बात को जनता तक जरूर पहुंचाएं आज की पीढ़ी को यह नहीं पता जब भारत देश का सोना गिरवी रखना पड़ा था देश का सर शर्म से झुक गया था सोना गिरवी रखने का मतलब था देश पुनः आर्थिक गुलामी की ओर जा रहा था, एक वह समय था और एक आज का समय है कि अमेरिका जैसे देश भी भारत के सामने सर झुका कर बात करता है जहां पूरा विश्व आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहा है भारत देश की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संभव हुआ, सरकार के 9 वर्षों के शासनकाल में शहर से लेकर गांव तक पक्के मकान हर घर नल योजना हर घर को बिजली गैस का चूल्हा से लेकर कई अनेक ऐसे कार्य हुए हैं जिससे जीवन स्तर में सुधार हुआ आज लोगों में जागरूकता बढ़ी है राज्य में जितने भी अस्पताल बने हैं सभी केंद्र सरकार की दी हुई योजना है जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा हर प्रखंड में 40 करोड़ की लागत से एकलव्य स्कूल का निर्माण किया जा रहा है, जहां पर विश्व स्तरीय पढ़ाई होगी एवं जल्द ही एकलव्य विद्यालय में 38000 शिक्षकों की बहाली होगी जहां आज से 10 साल पहले मोबाइल चाइना से इंपोर्ट होते थे आज हमारे सिमडेगा की आदिवासी मूलवासी बहने सबसे महंगे मोबाइल एप्पल का निर्माण कर रही है यही आज का बदलता हुआ नया भारत है आने वाले समय में कई चुनौतियां मिलेंगे हम सभी कार्यकर्ताओं को उन सभी चुनौतियों को निपटते हुए आगे बढ़ना है। कार्यक्रम में मंच संचालन महामंत्री दीपक पुरी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री मोतीलाल सिंह ने किया मौके पर पूर्व मंत्री विमला प्रधान पूर्व विधायक निर्मल कुमार बेसरा केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्ग विजय सिंह देव नगर परिषद उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर वरिष्ठ कार्यकर्ता अमरनाथ बामलिया श्याम लाल शर्मा नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष फुल सुंदरी देवी भोला साहू प्रणव कुमार मनोज साय सुरेंद्र प्रसाद श्रद्धानंद बेसरा सुजान मुंडा राकेश रविकांत रामविलास बड़ाईक सावित्री देवी रुकमणी देवी पिंकी प्रसाद नंदनी दास हीराराम अजय सिंह सुधु नायक बसंत माझी जमशेद अली नवीन सिंह अनूप प्रसाद सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने मंडल कारा में जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा द्वारा लोहरदगा मंडल कारा में 21 मई को जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एलएडीसी के अधिवक्ता उमेश कुमार, सुदामा साहू, नारायण साहू, भूपेंद्र कुमार, इंद्राणी कुजूर, जेलर सुबोध कुमार उपस्थित थे। जेल अदालत में बंदियों में बीच लीगल अवेयरनेस किया गया। साथ ही बंदियों के विभिन्न समस्याओं को सुना गया और समस्या के निराकरण का उपाय बताया गया। वहीं डालसा द्वारा प्रदान किये गए मामलों से संबंधित बंदियों से संपर्क कर अधिवक्ताओं ने उनके केस की वस्तु स्थिति से उन्हें अवगत कराया गया। जिसे जानकर बंदियों ने संतुष्टि प्रकट की। डालसा के द्वारा जरूरतमंद को लोगों को एलएडीसी के अधिवक्ताओं के द्वारा सहयोग प्रदान किया जाता है।

## भीषण गर्मी और ये बिजली कटौती लोगो का टपक रहा पसीना



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला में बिजली कटौती को लेकर भारी समस्या उत्पन्न हो गई है जिला भर के जनता बिजली कटौती और लौ वोल्टेज समश्या को लेकर काफी नाराज और आक्रोशित भी हैं क्योंकि इन बढ़ती गर्मियों में इस तरह से बिजली की कटौती बार-बार किया जाना लोगों के लिए मुसीबत आन पड़ी है। बढ़ती गर्मी के साथ जारी बिजली कटौती से लोग काफी परेशान है जिला समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में बिजली की लोडसेटिंग से लोग की परेशानी बढ़ी हुई है जहां गर्मी में लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है वहीं बिजली की कमी से रोजमर्रा के कामों में असर पड़ रहा है दफ्तर से लेकर मॉल दुकानदार तक जनरेटर चला चलाकर पस्त हो गए हैं। बिजली लोडसेटिंग का आलम यह है कि कुछ इलाकों में एक 1 घंटे के अंतराल में बिजली दी जा रही है वहीं कुछ इलाकों में एक बार में 5 घंटे बिजली काट दी जाती है बिजली की आंख मिचौली से लोगों का पसीना टपक रहा है कुछ इलाकों में सुबह या शाम के वक्त बिजली कटौती की जा रही है। गर्मी शुरू होने से पहले ही राज्य में बिजली कटौती को लेकर ऊर्जा सचिव ने निर्देश जारी किया था जिसमें कहा गया था कि अनावश्यक बिजली की कटौती किसी भी क्षेत्र में ना की जाए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बराबर बिजली आपूर्ति की जाए जिससे लोगों को परेशानी ना हो, लेकिन हाल के दिनों में बढ़ती गर्मी के साथ ही बिजली की मांग में भी वृद्धि हो गई जिससे बिजली आपूर्ति में भारी समस्या उत्पन्न हो गई है। जिसको लेकर क्षेत्र बिहार की जनता काफी नाराज है क्योंकि बिना बिजली और पानी के जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गई है लोगों का कहना है कि बिना बिजली और पानी के इस गर्मी में लोगों को पानी से ज्यादा पसीने छूट रहे हैं जिसको लेकर बिजली विभाग को बिजली आपूर्ति नियमित रूप से किया जाना चाहिए जिससे आमजन एवं बड़े छोटे संस्थानों को भी दिक्कत ना हो,नियमित रूप से बिजली नहीं मिलने के कारण किसानों को सबसे ज्यादा इसकी मार झेलनी पड़ रही है क्योंकि बिना बिजली के खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है जिससे फसलें नष्ट होती जा रही है।

# पंचायती राज व्यवस्था आधुनिक भारत के निर्माता थे स्वर्गीय राजीव गांधी : सुखेर भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार लोहरदगा जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में जिला अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 23वी पुण्यतिथि मनाई गई तत्पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष सुखैर भगत अपने संबोधन में कहा कि राजीव गांधी भारत को आधुनिक भारत बनाने का सपना लेकर प्रधानमंत्री की शपथ ली थी और आधुनिक भारत के नवनिर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। संचार क्रांति और शिक्षा के क्षेत्र में नवोदय विद्यालय स्थापित कर ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों को विश्व पटल पर लाने का प्रयास किए। साथ ही18 वर्ष के युवाओं को उन्होंने पहली बार मताधिकार का अधिकार दिया। अपने कार्यकाल में उन्होंने देश में बहुत सारी योजना, परियोजनाओं को साकार किया आज उन्हीं की देन है पंचायती राज व्यवस्था जनता का शासन जनता के हाथ में निर्माण कार्य की जिम्मेवारी मुखिया या पंचायत सदस्य के हाथ में है आज जो डिजिटल क्रांति लोगों के हाथों में सारी सुविधाएं सिमट कर आ गई है यह राजीव गांधी द्वारा भारतीय औद्योगिक संचार क्रांति का ही देन है। कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद जी ने कहा भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी सद्भावना सहयोग और समृद्धि के विचार को लेकर भारत को उन्नत राष्ट्र विकसित आधुनिक भारत बनाने का रास्ता दिखाया उस रास्ते में चलने की प्रेरणा दी आतंकवाद धार्मिक मतभेद से देश की प्रगति रूकती है हम सब मिलकर उनके सपनों को साकार करने में योगदान करते रहेंगे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से सम्मिलित थे मोहन दुबे, (बेलू) साजिद अहमद, दीपक महतो, दिनेश प्रसाद, पवन गौतम परवेज सिद्दीकी, सत्यजीत सिंह, सत्यदेव भगत, मोहम्मद तारीख आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सहयोग विलेज के बच्चों को दिया जायेगा हॉकी स्टिक और फुटबॉल : विधायक भूषण बाड़ा

➲सहयोग विलेज पहुंच विधायक ने बच्चों को दिया पापा का प्यार, बिस्कुट, केक, मिठाई भी खिलाई
➲सभी अनाथ बच्चों का नामांकन स्कूल ऑफ एक्सेलेंस के लिए चयनित स्कूल में कराने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा रविवार को सहयोग विलेज अनाथालय पहुंचे। बच्चों संग हसी मजाक किया। स्व राजीव गांधी की पुण्यतिथि के मौके पर बिस्कुट, केक, टॉफी वगैरह बांटे। साथ ही सभी बच्चों की परेशानी सुनी और खूब सारा प्यार देने का प्रयास किया। विधायक ने कहा कि वे सभी बच्चों के पिता हैं। सिर्फ आज नहीं, आप सभी बच्चे कभी भी उनके पास बेटा बेटी का हक जता कर कोई भी चीज मांग सकते हैं। बच्चों ने हॉकी स्टिक, फुटबॉल और खेलने के लिए खेल मैदान की मांग रखी। विधायक ने कहा कि बहुत जल्द हॉकी स्टिक, फुटबॉल, बास्केटबॉल और खेल मैदान उपलब्ध कराया जाएगा। आप सभी बच्चों के लिए सुविधा में कोई कमी नहीं होगी। आपके लिए समय समय पर तरह तरह की गतिविधियां, नाच गान, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। आप सभी बच्चे एक लक्ष्य निर्धारित कर उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत के साथ पढ़ाई करें। इसमे कोई भी चीज की जरूरत हो, तो हमे बोलें। आपके लिए सभी चीजें उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर विधायक ने पढ़ने वाले बच्चों का नामांकन स्कूल ऑफ एक्सेलेंस के तहत बने स्कूल में कराने का निर्देश दिया। इधर जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी बच्चों को मां का प्यार दिया। कई बच्चे तो जोसिमा के साथ गोद में आ गए। उनके गोद से उतरने का नाम नहीं ले रहे थे। जोसिमा ने समय समय पर बच्चों से मिलने आने का अस्वाशन दिया। मौके पर प्रदीप केसरी, रणधीर रंजन, शिशिर मिंज, नवीन बिरेन तिर्की, जोनशन मिंज, उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार, अगाथा तिर्की, बिरंजन बड़ा, मो अक्षण, मो अरमान, जयंत बरला आदि उपस्थित थे।

## कोयल जलापूर्ति के नाम पर ठगा महसूस कर रहे हैं ग्रामीण



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा में पेयजलापूर्ति के नाम पर भले ही करोड़ो की योजना संचालित है, परंतु भंडरावासियों को पानी के बदले आश्वासन का घूंट से ही अपना काम चलाना पड़ रहा है। इससे भंडरावासी को ठगा महसूस हो रहा है। कहने को तो कोयल नदी में 12 करोड़ की लागत से भंडरा में शुद्ध पेयजलापूर्ति के लिए कोयल जलापूर्ति योजना संचालित है, परंतु कोयल जलापूर्ति योजना अपने आरंभ काल के समय से आजतक भंडरा के ग्रामीणों को पानी की एक बूंद के लिए तरसा रहा है। ऐसा नहीं है कि यहां के ग्रामीण पेयजलापूर्ति नहीं मिलने की जानकारी पीएचईडी के अधिकारी को ना दिया हो, पर पीएचईडी के अधिकारियों द्वारा सिर्फ आश्वासन का ही घूंट दिया जाता है। बहरहाल भंडरा के ग्रामीणों को आज भी पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं लोहरदगा में आयोजित जिलास्तरीय दुर्गा पूजा शांति समिति की बैठक में भी भंडरा कोयल नदी जलापूर्ति योजना शुरू करने को लेकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उपायुक्त डॉक्टर बाघमारे प्रसाद कृष्ण से अनुरोध किया गया था। तभी उपायुक्त ने पीएचईडी के अधिकारियों को समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद भी आजतक भंडरा के ग्रामीणों की अलख की प्यास बुझाने में पीएचईडी के अधिकारी नाकाम रहे है। जबकि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भी कई बार अधिकारियों की पेयजलापूर्ति की समस्या से अवगत कराया गया है,पर कभी ट्रांसफार्मर की खराबी,कभी पाइप लाइन में तकनीकी खराबी तो कभी पानी टंकी में पानी स्टोरेज की समस्या का बहाना बनाकर पल्ला झाड़ दिया जाता है। अब भंडरा के ग्रामीण भी इस तरह के बहाने बाजी से तंग आकर उग्र आंदोलन करने की मन बना रहे है।

## अग्निवीर (आर्मी) की लिखित परीक्षा में गुरुकुल के 13 छात्र हुए सफल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** शहर के बीरू कॉम्प्लेक्स स्थित गुरुकुल कोचिंग संस्थान के 13 विद्यार्थियो ने आर्मी द्वारा आयोजित अग्निवीर की लिखित परीक्षा में सफल होकर जिले और संस्थान का नाम रोशन किया है सफल होने वाले छात्रों में संजीत लकड़ा, सोवित किंडो, गुलशन सोरेंग, महेंद्र प्रधान, सेम डांग, रोहित बड़ाइक, प्रशांत डांग, गोलू प्रसाद, भीम गोप, अनूप लुगुन, कर्मजीत महतो, अमन केशरी, और पिंकी कुमारी शामिल है सफल होने वाले छात्रों ने सफलता का श्रेय गुरुकुल संस्थान के सभी शिक्षकों और संस्थान में दिए जाने वाले पढ़ाई के अच्छे वातावरण को दिया है गुरुकुल संस्थान के प्रभारी प्रीतम कुमार और शिक्षक हीरा सिंह ने सभी छात्रों को बधाई दी है। साथ ही संस्थान के प्रभारी प्रीतम कुमार ने कहा कि गुरुकुल लगातार अच्छे रिजल्ट के साथ छात्रों का भविष्य संवारने का कार्य कर रहा है जिले के सभी इच्छुक विद्यार्थी गुरुकुल के साथ जुड़कर अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते है।

# ईश्वर पर विश्वास रखने वाला व्यक्ति सदैव जीवन में बढ़ता है आगे : एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** प्रखंड के कहुपानी बृंगाटोली चर्च में रविवार को आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एनोस एक्का एवं झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का शामिल हुए। जहां पर महिलाओं ने स्वागत गीत गाते हुए उन्हें कार्यक्रम स्थल तक ले गए जिसके बाद माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री ने कहा कि हमें ईश्वर को हमेशा याद करने की आवश्यकता है क्योंकि ईश्वर ने हमें इस संसार में लोगों की सेवा और दीन दुखियों की मदद करने के लिए भेजा है। जो व्यक्ति ईश्वर पर विश्वास रखता है वह जीवन में सदैव आगे बढ़ता है हम सभी उनके बताए मार्ग पर चलें ताकि समाज और अपने क्षेत्र का विकास हो सके। उनका किस क्षेत्र में जो भी समस्याएं हैं उनका प्राथमिकता के तौर पर झारखंड पार्टी अब पूरे जोर-शोर के साथ दूर करने में लगी हुई है और आने वाले दिनों में सभी समस्याओं को दूर किया जाएगा। क्षेत्र में बिजली पानी सड़क सहित हाथी की समस्या है जिसके कारण लोग काफी परेशान है इन सभी को लेकर विभागीय अधिकारियों से मुलाकात करते हुए समस्याओं का निदान किया जाएगा। उन्होंने वर्तमान सरकार की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि क्षेत्र में लोग त्राहिमाम कर रहे लेकिन हेमंत सरकार सिर्फ अखबारों में नजर आ रही है मधरातल पर कोई काम नहीं हो रहा है ।लोग भ्रष्टाचार से परेशान हैं समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। आप सभी साथ दें आने वाले दिनों में आपकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। मौके पर शूरसेन बरला,हाबिल बरला, निस्तार बरला, विजय कांडुलना, शूरसेन संमद, सरिता बरला संध्या बरला सुलानी कंडुलना, इलियास समद, झापा की ओर से ललित समद, जोसेफ़ डुंगडुंग, रसाल चिराग बाडा आदि उपस्थित थे।

## चौकीदारों से जबरन ड्यूटी कराने वाले अधिकारियों पर हो कड़ी करवाई



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के कुल प्रखंड में 21 मई रविवार को झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत का अंचल कमेटी की एक आवश्यक बैठक की गई जिसमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुस्तकालय भवन कुडू में अंचल कमेटी के अध्यक्षता में श्री राजू राम ने की और इसका संचालन मालती देवी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड राज्य दफादार चौकीदर पंचायत के राज्य अध्यक्ष श्री कृष्ण दयाल सिंह ने किया। बैठक में जिन समस्याओं पर विचार किया गया उनमें से चौकीदार महिला को रात में थाना में रहने की विरोध करना महिला चौकीदारों को दूसरे थानों में डाक ड्यूटी कराने पर रोक लगाना एवं अंचल कार्यालय में सप्ताह में 1 दिन उपस्थिति दर्ज कराना और इसी उपस्थिति के अनुसार वेतन भुगतान कराना आदि प्रमुख बातों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य अध्यक्ष श्री कृष्ण दयाल सिंह ने कहा कि चौकीदार दफादार का कार्य क्षेत्र उनका वेट कार्यालय है चौकीदार दफादार का जिला स्तर पर उपायुक्त और अंचल स्तर पर अंचल पदाधिकारी नियंत्रण पदाधिकारी होते हैं। श्री सिंह ने बताया कि चौकीदार दफादार मजिस्ट्रेट के अंग होते हैं और पुलिस के सहयोगी भी,श्री सिंह ने उपायुक्त से मांग की है कि महिला चौकीदारों या पुरुष चौकीदारों को रात में थाना में जबरन रोककर रखने वाले कुडू थानेदार पर तत्काल विभागीय कार्रवाई शुरू करें क्योंकि जो चौकीदार अपने कार्य क्षेत्र में रात में नहीं रहेंगे उस कार्य क्षेत्र में जनहित और राज्य हित प्रभावित होना लाजमी है। इस बैठक में मुख्य रूप से राजू राम, मालती देवी, शेरा उरांव, पति उरांव, सुरेंद्र राम, मंगरा उरांव, दिनेश राम, मुनेश्वर गंजू,सुमित्रा उरांव, रामेश्वर महतो इत्यादि लोग शामिल थे।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच व चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 48 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया,सेवा निर्मित प्रधान सहायक लोहरदगा नगर पार्षद सह समाजसेवी गोपाल सिंह एवं जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,सभी ने भारत माता की जय,वंदे मातरम एवं वीर शहीद जवान अमर रहे का नारा लगाते हुए नमन किए। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 31 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने समाजसेवी श्री गोपाल सिंह एवं डॉ कुमुद अग्रवाल को गुलाब पुष्प देकर अभिवादन किए। गोपाल सिंह ने कहा मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है इनकी जितनी भी सेवा की जाए कम ही है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल व शशि भूषण सिंह ने कहा कि 1 जून 2022 से यह चल रहे प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में काफी लोग चेकअप करा कर लाभान्वित हो रहे हैं,और कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है, आज लोगों ने शुगर,बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए,डॉ कुमुद अग्रवाल से शुगर, बुखार, सर्दी, खांसी, दर्द, हार्ड एवं हाइड्रोसील आदि का चेकप कराते हुए डॉक्टर कुमुद अग्रवाल से परामर्श भी लिए और कहा की प्रत्येक रविवार को यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगातार चलते रहेंगे। आज शिविर में, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, गोपाल सिंह, अवधेश मित्तल, शशि भूषण सिंह, सुबोध प्रसाद महतो, सुगंधा देवी, पूनम देवी, रीना देवी, गंगोत्री देवी, गोपाल वर्मा, मोती लाल अग्रवाल, शिमला देवी, नीलम देवी, मीरा सिंह, आरती देवी, अंजली सर्राफ, हर्षित सोनी, उदय कुमार कास्यंकार, अनूप कुमार, रमेश शर्मा, राजकुमार अग्रवाल, पप्पू कुमार अग्रवाल, मीरा देवी, अनीता देवी आदि थे।

## रूकी हुई माध्यमिक शिक्षकों की पुनः बहाली से शिक्षा क्षेत्र में नई इबारत लिखेगा झारखंड : अलीराजा अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** पिछ्ले दिनो राज्य में 3469 माध्यमिक शिक्षकों को एक साथ नियुक्ति पत्र दिये जाने वाले को झारखंड शिक्षा क्षेत्र के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा। उक्त बाते सुप्रीम कोर्ट मे याचिका दायर करने वाले 13 अनुसूचित जिले की समिति के मिडिया प्रभारी, कोषाध्यक्ष, अध्यक्ष रहे वर्तमान जिंगी उच्च विद्यालय के प्रधानाधयापक अलिराजा अंसारी ने पत्रकारो से कहा कि वह दिन इसलिये महत्वपूर्ण है क्योंकि 2016 की इसी वैकेंसी पर सन, 2019 में लगभग आधी बहालियां हो चुकी हैं। 2016 में नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ होने के बाद 2017 में परीक्षा का आयोजन, 2018 में परीक्षा परिणाम की घोषणा और 2019 में विभिन्न जिलों में अलग-अलग चरणों में बहालियां हुई।इस बीच झारखंड हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट की सितंबर 2020 से दिसंबर 2022 तक मानसिक प्रताड़ना से पूर्ण अभ्यर्थियों के सफर के दर्द को सिर्फ़ लिखा और पढ़ा जा सकता है, महसूस नहीं किया जा सकता। 2019 में आधी बहाली होकर रूक जाना और सुप्रीम कोर्ट में बार-बार सुनवाई की अगली तारीख मिलना, ऊपर से पड़ोसियों के ताने कर्मठ, प्रतिभाशाली, उच्च शिक्षित - प्रशिक्षित युवाओं के हौसलों को तोड़ नहीं पाई।आज 13 अनुसूचित जिलों के लीडर्स की हमारी टीम के हर एक मेंबर को सलाम करने को जी चाहता है जिनकी चट्टानी एकता, हार न मानने की जिद,दिन-रात एक कर कठोर परिश्रम करने का जज्बा हाई कोर्ट में निरस्त हुई हाई स्कूल शिक्षक की नौकरी को देश के सर्वोच्च न्यायालय से पुन: बहाल करवाने में सफल हुई। परिस्थितिवश एक ही वैकेंसी के अभ्यर्थियों का पिटीशनर, ननपिटीशनर, ज्वाईड, ननज्वाईड इत्यादि कई समूह बन गए। खैर, सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक निर्णय झारखंडी मिट्टी की खुशबू से सुगंधित राज्य के होनहार बच्चों के भविष्य को सुरक्षा प्रदान करने वाली आई जिसमें झारखंडी भावना का सम्मान कायम रहा। हर्षोल्लास के क्षण में आज हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि फिर किसी बहाली पर दिन-रात एक कर मेहनत करने वाले झारखंडी युवाओं को इस कदर आंसू बहाना न पड़े बल्कि उनकी योग्यता, क्षमता और कुशलता का उपयोग समाज हित में और प्रदेश के विकास हेतु किया जा सके। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय ने राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे गरीब मां-बाप के बच्चों के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त कर दिया।सरकारी स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रहे लाखों बच्चों के अभिभावकों को भी आज अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य का सपना साकार होता दिखाई पड़ रहा है।

### चलते चलते एक नजर

## भारत की यात्रा पर जून में आएंगे नेपाल के प्रधानमंत्री



**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड की भारत यात्रा जून के पहले सप्ताह में होगी। सरकार ने इस यात्रा की तैयारी शुरू कर दी है। नेपाल के विदेश मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड जून के पहले हफ्ते में भारत की यात्रा पर आएंगे। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। दौरे की तारीख की आधिकारिक घोषणा अभी होना बाकी है। यात्रा की तैयारी कर रहे नेपाल के विदेश मंत्रालय ने हितधारकों के साथ चर्चा की है। प्रधानमंत्री के भारत दौरे को लेकर विदेश मंत्री एनपी सऊद ने 18 और 19 मई को पूर्व विदेश मंत्री, पूर्व विदेश सचिव और पूर्व राजदूतों से चर्चा की है। सूत्रों के मुताबिक, व्यापार, जलविद्युत, पेट्रोलियम पाइपलाइन, सीमा आदि जैसे मुद्दों पर चर्चा के लिए नेपाल सरकार एजेंडा तय कर रही है। उल्लेखनीय है कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रचंड भारत की अपनी पहली विदेश यात्रा का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि उनकी भारत यात्रा जल्द ही होगी।

## अहमदाबाद में मोदी समाज के राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए रघुवर दास

**रांची।** अहमदाबाद में समस्त मोदी समाज के राष्ट्रीय सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शामिल हुए। इसमें गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहे। इस अवसर पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए रघुवर दास ने कहा कि ओबीसी समाज का राष्ट्र के विकास में विशेष योगदान रहा है। भामाशाह से लेकर आज तक कई महापुरुषों ने निस्वार्थ भाव से राष्ट्र सेवा की है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी समाज को प्रतिनिधित्व देते ,महिला को राष्ट्रपति बनाकर महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता का संदेश दुनिया को दिया। हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हमारा जन्म भारत में हुआ और हमें मोदी जैसे सशक्त नेतृत्व में समाज और राजनीति के क्षेत्र में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। उनके कारण पूरे देश दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। भारत और भारतीयों का मान-सम्मान बढ़ा है। गुजरात की धारा ने कई महापुरुषों को जन्म दिया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पहचान विश्व में शांतिदूत की है। लौह पुरुष सरदार पटेल दृढ़ संकल्प शक्ति के प्रतीक हैं। 21वीं सदी के लौह पुरुष और युग पुरुष नरेंद्र मोदी ने दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ मानवता का संदेश दिया है।



# झारखंड पुलिस की बड़ी सफलता है दिनेश गोप की गिरफ्तारी

**परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र**

**रांची।** खूंखार नक्सली दिनेश गोप को एनआइए ने गिरफ्तार कर लिया है। इसकी गिरफ्तारी में झारखंड पुलिस की बड़ी भूमिका है। दिनेश हल्का ब्लू शर्ट पहने और लंबे बाल दाढ़ी में पूरे सुरक्षाकर्मियों के साथ रविवार को देर शाम रांची लाया गया। इस पर करीब 150 मामले दर्ज हैं । कई बड़ी घटनाओं को अंजाम देने वाले दिनेश को अब एनआइए की गिरफ्त में है। दिनेश गोप के असम में सरदार की वेशभूषा में होने की सूचना एनआईए को मिली थी और इसके बाद उसकी गिरफ्तारी हुई। 5 दिन पूर्व खूंटी एसपी के नेतृत्व में 2 तीन थानों के थाना प्रभारियों ने जगन्नाथपुर स्थित दिनेश गोप के माता-पिता से मुलाकात की थी। और इसका एक मार्मिक अपील करता हुआ वीडियो भी वायरल किया गया था , जिसमें दिनेश की माता-पिता किस बदहाली में जी रहे हैं यह दिखाया गया है। पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गुप्ता 30 लाख का इनाम घोषित किया गया था। 5 लाख एनआईए द्वारा घोषित किया गया था और 25 लाख झारखंड पुलिस द्वारा।डीजीपी अजय कुमार सिंह के पदभार लेने के बाद से ही कयास लगाया जा रहा था कि वर्तमान में सबसे शीर्ष अगर कोई नक्सली संगठन का पीएलएफआई कमांडर है तो वह दिनेश गोप है और




छाया : नसीम

इसकी तलाश पिछले 6 सालों से अधिक बढ़ गई थी। इस अभियान को तेज करने के लिए आइजी ऑपरेशन अमोल वेणु कांत होमकर की भी अहम भूमिका मानी जाती है। अभी हाल ही में भाजपा महानगर के महामंत्री बलराम सिंह को धमकी भी दिया था। पकड़े जाने के एक सप्ताह पूर्व खूंटी एसपी अमन के निर्देश पर स्थानीय पुलिस ने दिनेश गोप के पिता कामेश्वर गोप, माता, चचेरी बहन और बहनोंई परमेश्वर यादव से जगन्नथपुर थाना क्षेत्र के मौसी बाड़ी झोपड़ी पट्टी में मुलाकात किया था और दिनेश गोप को आत्मसमर्पण कराने के लिए प्रेरित की थी। इस पर माता-पिता ने कहा कि करीब डेढ़ सालों से दिनेश को न देखा है न उससे बातचीत हुई है। उसके पिता ने यह भी कहा कि जिस तरह से एक बेटा सुरेश मारा गया, हम चाहेंगे कि दिनेश पुलिस की गोली से न मरे वह आत्मसमर्पण करें। इसका यहीं से माता पिता के साथ पुलिस ने एक मार्मिक वीडियो वायरल किया जो संभवतः दिनेश गोप की गिरफ्तारी का कारण बना।

## इफको किसानों की प्रगति के लिए मिलकर करती है कार्य : सिन्हा

**रांची** : कुशवाहा धर्मशाला बुंडू में रविवार को इफको किसान मित्र क्लब संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर बुंडू प्रखंड में कार्यरत इफको उर्वरक विक्रेताओं के वाट्सएप ग्रुप से जुड़े किसान सदस्य एवं विभिन्न गांवों के किसानों ने भाग लिया। इफको के राज्य विपणन प्रबंधक यूके सिन्हा ने कहा कि इफको सदैव किसानों के प्रगति के लिए उनके बीच जाकर उनके साथ मिलकर कार्य करती है। बुंडू प्रखंड में कार्यरत इफको उर्वरक विक्रेता वर्ष पर्यंत खेती किसानी से जुड़े सभी प्रकार के आदान को उपलब्ध कराती है। समय-समय पर गोष्ठी करती है। आज विक्रेताओं के पास सभी तरह के पोषक तत्व के उत्पाद मुहैया कराए जा रहे हैं।

# भीषण गर्मी की चपेट में झारखंड कई जिलों का तापमान 40 पहुंचा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड भीषण गर्मी की चपेट में है। राज्य के कई जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से पार चल रहा है। संताल और कोयलांचल के जिलों का अधिकतम तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड हो रहा है। तेज धूप और उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। दिन चढ़ते ही तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। राज्य के ज्यादातर जगहों पर गर्म हवा औ लू चल रही है। सुबह नौ बजे से लेकर शाम पांच बजे तक घर से निकलना मुश्किल हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि राज्य में अभी गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। अगले तीन-चार दिनों तक तापमान चढ़ने के आसार हैं।

इस दरम्यान कहीं-कहीं बादल, गर्जन और वज्रपात भी हो सकता है। ऐसी स्थिति 25 जून तक रह सकती है। पिछले एक सप्ताह से राजधानी रांची का अधिकतम तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। मौसम विभाग के आंकड़े के मुताबिक डालटेनगंज का अधिकतम तापमान 43 डिग्री रहा। जमशेदपुर का तापमान 41.4 डिग्री रहा।

# स्केटिंग में जलवा बिखेरेंगे संत मरियम स्कूल के बच्चें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** 28 मई दिन रविवार एनर्जी पार्क, पटेल नगर, में 7वा रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप बिहार में स्केट्स स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ बिहार द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में संत मरियम स्कूल से 5 स्केटिंग खिलाड़ी विवेक टोप्पो, नीरज कुमार, राधाकृष्णा, बिट्टू कुमार और युवराज सिंह भाग लेंगे। पलामू के जाने-माने स्केटिंग कोच चन्दन कुमार के नेतृत्व में इन खिलाडियों को तैयार किया जा रहा है। ताकि वे बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल सहित जिले का नाम रौशन कर सके।मौके पर संत मरियम स्कूल के चेयरमैन




अविनाश देव ने कहा की संत मरियम स्कूल स्थापना के प्रारंभिक दौर से ही शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियो को उनकी रुचि के अनुसार विकसित करता है । यह पलामू जिले के लिए गर्व की बात है की पिछड़ा जिला होने के वावजूद यहां के बच्चें स्केटिंग जैसे कठिन खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगें।

# अद्भुत कला का स्वामी विकास बढ़ा सकता है झारखंड का मान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** किसी ने क्या खूब कहा है कि किस्मत वाले महलों में राज करते हैं और हुनरबाज सड़कों पर तमाशा बन कर रह जाते हैं। यह पंक्तियां सटीक बैठती है यादाश्त के जादूगर विकास के साथ जिनके पास है एक ऐसी अद्भुत कला जिसका आप कल्पना तक नहीं कर सकते।ऐसी यादाश्त शक्ति जिसे देखकर आप दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर हो जाएंगे। लेकिन ये छोटे से गांव के गरीब परिवार से तालुकात रखते हैं, इसलिए इनका नाम अब तक गुमनाम है। मैं आपको बता दूं कि 25 वर्षीय विकास विश्वकर्मा ऊँटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के पलामू जिले के निवासी हैं। जिनकी पढ़ाई गांव की ही सरकारी स्कूल में पूरी हुई। जब यह 12वीं पास कर पटना पहुंचे सरकारी नौकरी की तैयारी करने उसी दौरान इन्हें यादाश्त शक्ति बढ़ाने की प्रेरणा मिली लेकिन इनके घर में समस्या का कहर कुछ इस तरह छाया की आर्थिक तंगी के कारण कुछ ही महीनों में अपने सपनों को समेट कर घर वापस लौट गए और अपनी पढ़ाई पूरी तरह से स्थगित कर पिता के साथ खेतों में काम करने लगे और साथ ही साथ अपने खर्चे चलाने के लिए



आस-पास के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाना स्टार्ट कर दिये। लेकिन फिर भी लोगों के ताने और घर के हालात इन्हें कुछ बड़ा करने को प्रेरित कर रहा था लेकिन करते तो क्या करते उस वक्त कोरोना का लहर भी कहर बनकर छा रहा था इसलिए ये पढ़ाई करने अथवा काम करने के लिए बाहर जा भी नहीं सके। फिर भी इन्होंने हिम्मत नहीं हारी अपना मोबाइल को इन्होंने हथियार बनाया और रात दिन गूगल से पढ़ायी करने लग गया। जिसका परिणाम यह हुआ कि इन्होंने 2021 में 195 देशों के नाम सहित उनकी राजधानियां मुद्रा और क्षेत्रफल सिर्फ 11 मिनट 7 सेकंड में याद करके सुना दिया जो कि इतनी लंबी लिस्ट एशिया महादेश के पूरे 48 देशों में कोई याद नहीं कर पाया था। इसलिए इनका नाम इंडिया एवं एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज भी हो चुका है। मैं आपको बता दूं कि विकास की यादाश्त शक्ति बचपन से तेज नहीं है। यह अपने स्कूल के सामान्य विद्यार्थी थे। लेकिन इन्होंने अपने यादाश्त पर इस तरह काबू पा लिया है कि अगर ये चाहे तो मिनटों भर में कई दर्जन लोगों का नाम एवं उनका मोबाइल नंबर याद कर सकते हैं। सैकड़ों वस्तुओं और शब्दों को अपने दिमाग में एक ही क्रम में एक बार में याद सकते हैं। और यह चाहते हैं कि अपने यादाश्त शक्ति के बदौलत गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर तथा मेमोरी चैंपियन बनकर दुनियाभर में अपने एवं राज्य का नाम का परचम लहराये लेकिन इन सब चीजों का पढ़ाई करने के लिए इनके परिवार लाखों रुपए की फीस देने से असमर्थ हैं। जिस कारण ये अपने एवं घर के खर्च को चलाने के लिए छोटे-मोटे कार्यों को करने के लिए मजबूर है। अगर इस डूबते को तिनके का सहारा मिल जाए तो शायद झारखण्ड का मान सम्मान बढ़ाने में कामयाब हो।

## राजनीति में जीतना होगा लोगों का विश्वास, बनानी होगी अलग पहचान : अरविंद

**रांची :** सेकेंड इंटरनेशनल चांय समाज थिंक-टैंक मीटिंग का आयोजन रविवार को प्रेस क्लब सभागार में किया गया। इसमें जदयू प्रवक्ता एवं अति पिछड़ा आयोग बिहार के सदस्य अरविंद कुमार निषाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि चांय समाज को वह पहचान मिलनी चाहिए जिसके लिए यह डिजर्व करता है। यह चांय जाति एक अंतरराष्ट्रीय जाति के रूप में है। यह जाति भारत के बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड में निवास करते हैं। भारत के अलावा यह जाति नेपाल व बंगलादेश में भी पाई जाति है। यह समाज पश्चिम बंगाल में एससी कैटेगरी में है। इसके अलावा बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड में पिछड़ा वर्ग की सूची में है।उन्होंने कहा कि हमारे समाज के लोग शारीरिक मेहनत खूब करते हैं। राज मिस्त्री, ठेला चलाना, फल-सब्जी बेचना आदि कर अच्छी कमाई तो जरूर करते हैं लेकिन काम पूरा करने के बाद सीधे शराब पीने के लिए जाते हैं।

## झारखंड कृषि विभाग की टीम ने केरल में कृषि और मत्स्य से जुड़ी तकनीकी के संबंध में ली जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख के नेतृत्व में केरल भ्रमण पर गई टीम लगातार झारखंड में कृषि की नई तकनीक को लागू करने के लिए अलग-अलग कृषि संस्थानों का भ्रमण कर रही है। इसी क्रम में विभागीय मंत्री, सचिव और अन्य अधिकारियों ने रविवार को केंद्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान कोच्चि (केरल) का दौरा किया। वहां कृषि, मत्स्य से जुड़ी तकनीकी एवं शैक्षणिक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी हासिल की। मौके पर बादल पत्रलेख ने कहा कि केरल राज्य में कृषि , पशुपालन एवं मत्स्य के क्षेत्र में कई स्तर पर कार्य किए हैं। इसमें तकनीकी समावेश एक महत्वपूर्ण अंग है। हमारा प्रयास है कि केरल राज्य की उत्कृष्ट कृषि नीति एवं तकनीक को झारखंड में लागू किया जाए। मंत्री ने संस्थान के निदेशक के साथ झारखंड के मात्स्यिकी संसाधनों एवं उसके अनुसार राज्य के जरूरतों



के बारे में विस्तृत से बताया । वहां के वैज्ञानिकों को राज्य में अवस्थित जलाशयों, परित्यक्त खदानों से मत्स्य पालन से संबंधित तकनीक उपलब्ध कराने के बारे में भी चर्चा हुई।इस दौरान मंत्री ने कहा कि अपनी टीम को राज्य में भेजकर जलकर का विस्तृत सर्वे एवं जानकारी एकत्र करते हुए राज्य के आवश्यकता अनुसार नाव एवं जाल का डिजाइन करें। इससे मत्स्य शिकारमही एवं मत्स्य पालन व्यवसाय से जुड़े लोगों को अधिक से अधिक फायदा हो सकेगा। झारखंड राज्य में वृहत रूप से हो रहे केज कल्चर के लिए विशेषकर केज के बाहर ट्रैप लगाने से भी मत्स्य पालकों की आमदनी में वृद्धि हो रही है। बादल ने कहा कि संस्थान द्वारा नए डिजाइन किए गए सोलर पावर से संचालित मोटर बोट भी राज्य हित में, मत्स्य शिकार एवं मत्स्य पर्यटन में, मील का पत्थर साबित हो सकता है। साथ ही संस्थान के द्वारा डिजाइन किए गए अलमुनियम बोट एवं रबर बोट भी जलाशयों में हो रहे शिकारमही के लिए उपयोगी साबित होंगे। राज्य में केजों में हो रहे पंगेशियस एवं मोनोसेक्स तिलपिया के मार्केटिंग स्ट्रेटजी पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

## भारतीय मूल व सिंगापुर के युवा पर्वतारोही लापता



**एजेंसी**

**सिंगापुर।** दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट से शुक्रवार को वापसी के समय भारतीय मूल का युवा पर्वतारोही श्रीनिवास सैनी दत्तात्रेय (39) लापता हो गए हैं। श्रीनिवास सिंगापुर की रियल एस्टेट कंपनी 'जोंस लैंग लासेल' में कार्यकारी निदेशक हैं। वह 1 अप्रैल को नेपाल से दल के साथ माउंट एवरेस्ट के लिए रवाना हुए थे। उन्हें 4 जून को लौटना था।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक श्रीनिवास की पत्नी सुषमा सोमा ने कहा है कि उनकी अपने पति से आखिरी बार शुक्रवार दोपहर साढ़े तीन बजे बात हुई थी। शुक्रवार देरराात दो बजे उन्हें पता चला कि उनके पति के साथ गए दो शेरपा और समूह के अन्य सदस्य लौट आए हैं, लेकिन श्रीनिवास वापस नहीं आए। श्रीनिवास ने आखिरी बार शुक्रवार को पत्नी को यह संदेश भेजा था कि वह एवरेस्ट की चोटी पर पहुंच गए हैं, लेकिन उनके वापस नीचे आने की संभावना नहीं है।श्रीनिवास की रिश्ते की बहन दिव्या भरत ने कहा है कि ऐसा लगता है कि उनके शरीर के अंग अत्यधिक ठंड की वजह से सुन्न हो गए और बेहद ऊंचाई पर होने के कारण वह बीमार पड़ गए। संभवतः इस कारण वह अपने समूह के बाकी लोगों से अलग हो गए। आशंका है कि वह पर्वत के तिब्बती हिस्से में करीब आठ हजार मीटर की गहराई पर गिर गए हों। दिव्या भरत ने कहा है परिवार ने संबंधित सरकारों से संपर्क किया है। बिना किसी देरी के विशेष बचाव दल की आवश्यकता है। यह पूरा बचाव अभियान कागजी राजनयिक प्रक्रिया से प्रभावित न हो। श्रीनिवास के लापता होने से परिवार हताश है, लेकिन उसने उम्मीद नहीं खोई है।सिंगापुर के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि नई दिल्ली स्थित सिंगापुर उच्चायोग श्रीनिवास के परिवार, नेपाल में स्थानीय अधिकारियों और आपातकालीन चिकित्सकीय सेवाओं के साथ शुक्रवार शाम से संपर्क में हैं। मंत्रालय घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है। इस कठिन समय में श्रीनिवास के परिवार की हरसंभव जरूरी मदद की जाएगी।नेपाल में इस पर्वतारोहण अभियान के आयोजक 'सेवन समिट ट्रैक' के अध्यक्ष मिंगमा शेरपा ने कहा है कि श्रीनिवास सैनी दत्तात्रेय शुक्रवार को लौटते समय 8,400 मीटर की ऊंचाई पर स्थित कैंप-4 से लापता हो गए हैं। इस अभियान प्रबंधक छांग दावा शेरपा ने कहा है कि शेरपा गाइड की मदद से उनकी युद्धस्तर पर तलाश की जा रही है। रविवार दोपहर तक उनका कोई पता नहीं चल पाया है।

## जादूगर करण ने अपने जादू के माया जाल में बच्चों को बांधकर रखा

**रांची** : एक्का वर्ल्ड,मछलीघर के द्वारा आयोजित किए जा रहे समर हॉलिडे कार्यक्रमों के सुपर संडे श्रृंखला में मैजिकल संडे पर स्पेशल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जादूगर करण ने अपने हैरतअंगेज करतब दिखाकर बच्चों का खूब मनोरंजन किया। बच्चों को सबसे ज्यादा मजा तब आया जब जादूगर ने अपने हैट से टॉफी निकालकर बच्चों को बांटा। इस अवसर पर एक्का वर्ल्ड में एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया हुआ था जहां बच्चों को जादूगर के पेट में सर डाल कर फोटो खिंचवाना था। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने जमकर डांस का धमाल मचाया। बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कभी आयोजन हुआ। इस अवसर पर एक्का वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव और को चेयरपर्सन डॉ विद्या झा उपस्थित थी।कार्यक्रम को सफल बनाने में सत्यप्रकाश चंदेल, सुमित, संतोष ,धीरज,हसन , शुभोजीत, आदि का योगदान रहा।

# हिरोशिमा बयान पर चीन ने राजनयिक विरोध दर्ज कराया

**एजेंसी**

**बीजिंग।** चीन ने जी-7 देशों के हिरोशिमा संयुक्त बयान पर राजनयिक विरोध दर्ज कराया है। ड्रैनग ने इन देशों पर बीजिंग के आंतरिक मामलों में दखल देने का आरोप जड़ा है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को जारी हिरोशिमा संयुक्त बयान में ताइवान, पूर्वी और दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रामकता को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है।जापान के हिरोशिमा में हुए जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन में चीन से संबंधित मुद्दे व्यापक तौर पर उठाए गए। जी-7 में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। संयुक्त बयान का एक अहम हिस्सा चीन को लेकर है। इसमें चिंता जताते हुए यह भी कहा गया है कि वे चीन के साथ 'रचनात्मक और स्थिर संबंध' चाहते हैं।जी-7 देशों ने हिरोशिमा संयुक्त बयान में तिब्बत, हांगकांग और



शिनजियांग सहित चीन में मानवाधिकारों के हनन पर चिंता व्यक्त की है। शिनजियांग में बीजिंग पर हजारों उइगर मुसलमानों को जबरन श्रम शिविरों में बंद रखने का आरोप है।चीन के विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने हिरोशिमा संयुक्त बयान जारी होने के कई घंटे बाद देरराात बयान जारी किया। इसमें कहा गया है कि चीन की गंभीर चिंता के बावजूद जी-7 ने बीजिंग को बदनाम किया। यह सार्वजनिक रूप से चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप है। चीन इस बयान की कड़ी निंदा करने के साथ दृढ़ता से इसका विरोध करता है।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा- मैं यह स्पष्ट कर रहा हूं कि वो दिन गए जब मुट्ठी भर पश्चिमी देश जानबूझकर दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में दखल दे सकते थे और वैश्विक मामलों को प्रभावित कर सकते थे।प्रवक्ता ने कहा है कि शिखर सम्मेलन के मेजबान जापान और अन्य संबंधित पक्षों के समक्ष गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है। प्रवक्ता ने कहा कि किसी को भी चीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने में चीन के लोगों की दृढ़ता, संकल्प और क्षमता को कमतर नहीं आंकना चाहिए। हांगकांग, शिनजियांग और तिब्बत से जुड़े मामले विशुद्ध रूप से चीन के आंतरिक मामले हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय जी-7 के प्रभुत्व वाले पश्चिमी नियमों को न तो स्वीकार करता है और न ही करेगा।